संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 115 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में लोकसभा चुनाव से संबंधित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए।

13 राज्यों की 88 सीटों पर 60 % से ज्यादा मतदान

= 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग खत्म: 5 बजे तक छत्तीसगढ़-त्रिपुरा-मणिपुर-बंगाल में 71% से ज्यादा मतदान, प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

मताधिकार

8 मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग का समय शाम 6 बजे खत्म हो गया। सिर्फ वे लोग जो लाइन में लगे हुए हैं, वे ही वोट डाल सकेंगे। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.23% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के आसपास मतदान हुआ। मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस ने लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी।

राजस्थान में टॉर्च की रोशनी में वोटिंग: राजस्थान में टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर तेज आंधी के कारण शाम को बूथ संख्या 128 पर लाइट चली गई। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर यहां टॉर्च की रोशनी में मतदान करवाया गया।

बंदरों ने बिजली का तार तोड़ा, मोबाइल के टॉर्च में वोटिंग: एमपी में सतना के पोलिंग बूथ-137 पर बंदरों ने बिजली की लाइन तोड़ दी। इससे मतदान केंद्र में लाइट चली गई। यहां अंधेरे में मोबाइल के टॉर्च में वोटिंग कराई गई। मणिपुर के उखरुल में एक बूथ पर कुछ संदिग्ध घुस आए। बताया जा रहा है कि ये नेशनलिस्ट सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-आइजैक-मुइवा के लोग थे।

शांतिपूर्वक डाले गए वोट, हिंसा की खबर नहीं

राजस्थान में बारां जिले के केरवालिया में बूथ संख्या 249 राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल पर दूल्हा शैलेंद्र नागर घोड़ी पर सवार होकर मतदान केंद्र पहुंचा। इस दौरान उनके साथ परिजन और ग्रामीण भी मौजूद रहे।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में शादी के बाद वोट डालने पहुंचा जोड़ा : जम्मू के रियासी माहौर पोलिंग बूथ पर शादी के बंधन में बंधे नए जोड़े ने वोट डाला। छत्तीसगढ़ की तीनों लोकसभा के 5 विधानसभा क्षेत्रों में 3 बजे मतदान खत्म हो गया। इनमें राजनांदगांव का मोहला-मानपुर, कांकेर लोकसभा का भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल और महासमुंद लोकसभा के बिंद्रानवागढ़ के 9 बूथ शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में चुनाव ड्यूटी के दौरान जवान ने गोली मारकर खुदकुशी की।

क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने अमरोहा में वोट डाला

क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने यूपी के अमरोहा में वोट डाला। उन्होंने कहा-मतदान करना आपका हक है, आपको आपकी पंसद की सरकार चुनने का हक है। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा कि वोट डालें, अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दें।

बिहार के बांका में बूथ पर रोबोट ने वोटर्स का स्वागत किया : बिहार में बांका लोकसभा क्षेत्र के रजौन में मतदाताओं का स्वागत करने के लिए रोबोट लगाया गया है। वोटर के पहुंचने पर रोबोट हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहा है

रावण बनकर दिया मतदान करने का संदेश: राजस्थान के झालावाड़ जिले के भवानीमंडी में रावण बनकर दिनेश दिलवाले नाम के कलाकार ने मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। वे कपड़ों पर सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का पर्चा लगाए हुए थे।

आदर्श विचार

"मैं उन्हें ज्ञान देता हूँ जो सदा मुझसे जुड़े रहते हैं और जो मुझसे प्रेम करते हैं।"
-भागवद्

मन की बात

"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
-स्वामी विवेकानंद

बीवी के 'स्त्रीधन' पर पति का हक नहीं

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक पति का पत्नी के 'स्त्रीधन' (महिला की संपत्ति) पर कोई नियंत्रण नहीं होता।

10 साल से अधिक पुराने इस मुकदमे में अपने हक की लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला के मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ में हुई। अदालत ने पत्नी के 'स्त्रीधन' पर पति का नियंत्रण होने के मामले में अहम टिप्पणी की।

'कर्नाटक में गारंटी की लहर: सिद्धारमैया

टीम एक्शन इंडिया

बंगलूरू: लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मोदी लहर को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं के पक्ष में एक लहर है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी राज्य में कुल 28 लोकसभा सीटों में से 20 सीटें जीतेगी। मतदान करने के बाद सिद्धारमैया ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, "कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। यहां केवल गारंटी की लहर है। कांग्रेस लगभग 20 सीटें जीतने वाली है, क्योंकि हमारी सरकार की योजनाएं बिना किसी मध्यस्थ के जनता तक पहुंची है। हर महीने लोगों के बैंक खातों में पैसा पहुंचा है।" बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक के 14 सीटों पर मतदान हुआ।

जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ: सिद्धारमैया

सिद्धारमैया ने भरोसा जताया कि जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को जीत दिलाई थी। पहले चरण के 14 सीटों में कांग्रेस को कितनी सीटों में जीत मिलेगी।

संदेशखाली: सीबीआई की छापेमारी, हथियार बरामद

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता: पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले में सीबीआई ने राज्य के कई इलाकों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने हथियार बरामत किया। सीबीआई को संदेशखाली में जांच के दौरान हथियारों का एक बड़ा जखीरा छिपे होने का इनपुट मिला था। शुक्रवार को टीम ने अभियान चलाकर विदेशी पिस्तौल समेत कई हथियार बरामत किया। सीबीआई की छापेमारी को लेकर बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, "संदेशखाली अब एक खतरनाक मोड पर जा रहा है। पहले यहां महिलाओं के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया, फिर ड्रग्स रैकेट का खुलासा हुआ और अब यहां से हथियार बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, बरामद किए गए हथियारों में ज्यादातर विदेशी हथियार शामिल हैं।

वीवीपैट के 100% मिलान की मांग खारिज

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ईवीएम के वोटों की वीवीपैट पर्चियों से 100 फीसदी मिलान संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि किसी भी प्रणाली पर आंख मूंदकर संदेह करना किसी भी व्यवस्था के प्रति शक पैदा कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिए ये निर्देश: पीठ ने कहा कि 'संतुलित परिपेक्ष महत्वपूर्ण है। आंख मूंदकर किसी भी व्यवस्था पर संदेह करना उस व्यवस्था के प्रति शक पैदा कर सकता है। सार्थक आलोचना करने की जरूरत है फिर चाहे वो न्यायपालिका हो या फिर विधायिका। लोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास कायम रखने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम संबंधी याचिकाओं को खारिज करने के साथ ही चुनाव आयोग के लिए भी दो निर्देश जारी किए हैं।

चुनाव आयोग को ईवीएम में चुनाव चिन्ह लोड करने के बाद चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट को सील करके सुरक्षित जगह पर रखना चाहिए।

याचिका

8 बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे; पर कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम की जांच होगी: सुप्रीम कोर्ट

कांग्रेस-तृणमूल पहले चरण में पस्त: पीएम मोदी

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता: पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस और टीएमसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है- हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चीट फंड, पशु तसकरी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और सुबह से ही लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। मालदा में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "जो लोग मतदान के लिए उत्साह से निकल पड़े हैं, मैं उनका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं इतनी भीड़ देखकर खुश हूं कि इतने लोग मेरा स्वागत करने के लिए यहां आए हैं। आज लोग लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपना वोट देकर भारत के लोकतंत्र में योगदान दें।"

'युवाओं के भविष्य से खेल रही टीएमसी'

मालदा में पीएम मोदी ने शिक्षक भर्ती घोटाला का जिक्र करते हुए कहा कि टीएमसी सरकार लगातार युवाओं के भविष्य से खेल रही है। उन्होंने आगे कहा, "शिक्षक भर्ती घोटाले ने 26,000 परिवारों की रोजी रोटी छीन ली। दूसरी तरफ भाजपा युवा सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि टीएमसी ने मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई, लेकिन सत्ता में आते ही पार्टी से सबसे ज्यादा विश्वासघात महिलाओं के साथ किया।

ओबीसी का अधिकार छीन मुस्लिमों को देगी कांग्रेस: नड्डा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग माहौल बना हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। जेपी नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमारे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। यही इनका छिपा हुआ एजेंडा है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

मनमोहन सिंह के बयान का दिया हवाला : भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है।

तुष्टीकरण

8 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है

फुटपाथों, सार्वजनिक सड़कों पर कब्जा नहीं कर सकते फेरीवाले: हाईकोर्ट

टीम एक्शन इंडिया

मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि मुंबई में फुटपाथों और सार्वजनिक सड़कों पर अनधिकृत फेरीवालों को स्थायी रूप से कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस कमल की खंडपीठ ने 16 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि एक व्यक्ति के सांविधानिक अधिकार का मतलब पैदल यात्रियों के लिए स्वतंत्र और सुरक्षित फुटपाथ के अधिकार का उल्लंघन नहीं हो सकता है।

'मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के मामलों पर दाखिल करें रिपोर्ट'

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता: पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह पूछा है कि क्या इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए।

13 और 17 अप्रैल की घटना

अदालत ने इस बात का भी जिक्र किया कि मुर्शिदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में बेलदंगा और शक्तिपुर में 13 और 17 अप्रैल को झड़पों में बम और अन्य हथियारों के कथित इस्तेमाल का जिक्र किया था, जिसके कारण लोग घायल हुए थे। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवागनानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनआईए को दो जनहित याचिकाओं में झड़पों और अन्य आरोपों व बमों के कथित इस्तेमाल के बारे में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि रिपोर्ट में बताए कि झड़पों के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकियां केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाएं या नहीं। बता दें, पीठ में न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य भी शामिल हैं।

मामले की सुनवाई 10 मई को होगी : अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 10 मई को की जाएगी।

प्रचार की कमान | कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के डोडरा क्वार से किया चुनाव प्रचार का आगाज

भाजपा ने धन बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया: सुक्खू

टीम एक्शन इंडिया

शिमला: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरूआत शुक्रवार को शिमला जिला के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा-क्वार से की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर ताबड़तोड़ हमले किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धन बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सत्ता हथियाने की कोशिश करने की सजा भाजपा को जरूर देगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस पार्टी के खाते में डालेगी। सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को अपने साथ मिलाया और राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। भाजपा ने पैसे के दम पर प्रदेश सरकार को गिराने की कोशिश भी की। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने धनबल के अहंकार में यहां तक कहा कि भगवान भी इस सरकार को नहीं बचा सकते हैं लेकिन देवी-देवताओं के आशीर्वाद से वर्तमान राज्य सरकार ने बजट पास करवाया। उन्होंने कहा कि बजट में आम आदमी के कल्याण से जुड़ी योजनाएं थी, जिनमें मनरेगा के दिहाड़ी को बढ़ाकर तीन सौ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा दूध खरीद पर मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपए और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर के रेट पर खरीदेगी। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं को 40 रुपया और मक्की को तीस रुपया प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद किया, जिसके कारण राज्य सरकार के खजाने में पैसा आया और इसी धन से जन कल्याण की नई योजनाओं की शुरूआत की गई।

चुनाव प्रचार

8 राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद किया, जिसके कारण राज्य सरकार के खजाने में पैसा आया

स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए आत्मरक्षा हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर-2024 का हुआ आयोजन

समारोह

8 समापन समारोह की अध्यक्षता शिक्षा निदेशक एवं एमएस आर.एन.शर्मा ने की

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली

स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए आत्मरक्षा हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर-2024 का आयोजन 10 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

6000 छात्राओं ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता शिक्षा निदेशक एवं एमएस आर.एन.शर्मा ने की। लक्ष्मी अग्रवाल एक एसिड अटैक सर्वाइवर और लक्ष्मी फाउंडेशन और मोटिवेशनल स्पीकर की संस्थापक/अध्यक्ष हैं।

एक स्वस्थ परिवार, सुरक्षित समाज और प्रगतिशील राष्ट्र की ओर जाने का एकमात्र रास्ता एक सशक्त महिला है। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें आत्मविश्वास की भावना, कानूनी जागरूकता पैदा करने और उनकी शिकायतों का समाधान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, गृहिणियों, आरडब्ल्यूए के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लड़कियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है कि वे असामाजिक तत्वों के हमलों, चेन या बैग छीनने, आपराधिक हमले आदि से खुद को बचाने के लिए दुपट्टा, पेन और हैंडबैग जैसी चीजों का उपयोग कैसे करें। यह प्रशिक्षण महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करता है ताकि वे असुरक्षित और अपमानित महसूस न करें। इस पहल के माध्यम से अब तक 5,57,118 से अधिक लड़कियों/महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। समाज से बहुत सराहना प्राप्त करने के बाद और समय-समय पर आयोजित होने वाले नियमित शिविरों के अलावा इन आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सफलता को देखते हुए, इस इकाई द्वारा गर्मियों और सर्दियों की छुट्टियों के दौरान पूरी दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर वार्षिक ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। . इसी कड़ी में, स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए दिल्ली भर में 10 अलग-अलग स्थानों पर समर कैंप-2024 का आयोजन किया गया। इस आत्मरक्षा शिविर में कुल 6000 छात्राओं ने भाग लिया और लाभ उठाया। समर कैंप के दौरान सभी स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम और व्याख्यान और नए कानूनों के बारे में जागरूकता भी आयोजित की गई। शिविर का समापन समारोह आज दिनांक 26.04.2024 को शासकीय भवन में आयोजित किया गया। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, छतरपुर, दिल्ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर.एन. जीएनसीटी, दिल्ली के शिक्षा निदेशक शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस को पूरा सहयोग देगा। हमने सभी स्कूल गेटों के सामने सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं और स्थानीय पुलिस हमेशा स्कूल खुलने और बंद होने के समय मौजूद रहती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई अप्रिय घटना न हो। विशिष्ट अतिथि एम.एस. एसिड अटैक सर्वाइवर और लक्ष्मी फाउंडेशन की संस्थापक/अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने एक अत्यधिक प्रेरक भाषण दिया, जिसे छात्राओं ने बहुत सराहा। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि उन्हें अपने माता-पिता से कुछ भी नहीं छिपाना चाहिए, खासकर अगर वे किसी उत्पीड़न का सामना कर रही हों। उन्होंने लड़कियों को आत्मरक्षा कौशल सिखाने और किसी भी संकट की स्थिति में खुद को बचाने के तरीके सिखाने के लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अगर उन्होंने सेल्फ डिफेंस सीखा होता तो वह खुद को हमलावरों से बचा सकती थीं। उन्होंने अन्य लड़कियों को अपराध का शिकार होने से बचाने के लिए ऐसे अनोखे कार्यक्रम शुरू करने के लिए दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया।

अजय चौधरी, विशेष। एसपीयूडब्ल्यूएसी के पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम शहर के सभी हिस्सों में निःशुल्क ऐसे शिविर आयोजित कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति शहर में कहीं भी आत्मरक्षा शिविर आयोजित करने के लिए एसपीयूडब्ल्यूएसी से संपर्क कर सकता है। हमने 2024 में 5 लाख महिलाओं/लड़कियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। सीपी/एसपीयूडब्ल्यूएसी ने एसपीयूडब्ल्यूएसी और विशेष रूप से आत्मरक्षा विंग के अधिकारियों की उनकी कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता के लिए सराहना की।

राजस्थान सब-इंस्पेक्टर पेपर लीक मामला: आरोपितों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में राजस्थान में सब-इंस्पेक्टर पेपर लीक मामले में 12 आरोपितों को कोई राहत नहीं दी है। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाला बेंच ने राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ आरोपितों की ओर से दाखिल अपील पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वो एक मई या उसके अगल हफ्ते याचिका पर सुनवाई करे। याचिका अभिषेक बिश्नोई समेत 12 आरोपितों ने दायर की थी।

याचिका में राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रायल कोर्ट ने सभी 12 आरोपितों को जमानत दी थी। राजस्थान हाई कोर्ट ने 15 अप्रैल को ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसे आरोपितों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र -VI

विषय : रेल बोर्ड मैटेरियल वीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 30.05.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 02.05.2024 को स्थगित कर 30.05.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845631
ईमेल: vijay.singh.2017@gov.in
1251/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय रेल
"सार्वजनिक अधिसूचना"
रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ए.सी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

खंड	तारीख
वॉशिंग लाइन नंबर 11 और 12 नई दिल्ली यार्ड में।	30.04.2024

दिनांक: 25.04.2024
1254/24
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/कर्षण वितरण
उत्तरे रेलवे, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

निविदा सं.	82249999
संक्षिप्त विवरण	(2024–25 एएमआई कोड–21.301) हाइड्रोफोबिक फॉर्लवेबल आईओएल (सलाम विनिर्देश के अनुसार)
मात्रा	970 no's
अंतिम तिथि	20.05.2024

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 82249999 दिनांक : 26.04.2024 1263/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम व स्थान	मौजूदा वॉशिंग लाइन नंबर 1, 2, 3, 4 और 5 के लिए विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर।
अनुमानित लागत	₹1,19,43,820.62
बयाना राशि	₹2,09,700/-
ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि	07.05.2024 (10:30 बजे) से 21.05.2024 (15:00 बजे तक)
ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय	21.05.2024 (15:00 बजे)
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in

निविदा सं.: 14-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक: 25.04.2024 1261/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरजीत**, पुत्र: सुहंदूरन, पता: मकान न. 6822, किला कदम शरीफ, बाल्मीकि मंदिर, नबी करीम, पहाड़गंज, दिल्ली और 52, इटौरी, पुलिस स्टेशन अतरौलिया, तहसील बुरहेनपुर, जिला आज़मगढ़, उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 01/2018, U/s 379/411 IPC, थाना: प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरजीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 01/2018, U/s 379/411 IPC, थाना: प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री शिप्रा धनखड़
महानगर दण्डाधिकारी (केंद्रीय जिला)
कमरा नंबर 180, पहली मंजिल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4292/CD/2024-(Court Matter)

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
ई-निविदा सूचना संख्या: झाँसी-इन्जी0-ई-2024-73
कार्य का नाम: रिहैबिलिटेशन ऑफ अंडर वाटर ब्रिज स्ट्रक्चर, अम्बोकवेस, स्टोन पिचिंग, फ्लोरिंग एट मेजर एंड इम्पोर्टेन्ट ब्रिज अंडर जूरिडिक्शन ऑफ सीनियर डीईएन/ईस्ट / झाँसी।
अनुमानित लागत रु.: 8765712.79 | अमानत राशि: 175300.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह
निविदा बन्द होने की तिथि : 20.05.2024 at 15:00 hrs. • निविदा दिनांक 20.05.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।
735/24(P)
North central railways www.rcr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज
ई-निविदा सूचना सं.: 02245005 दिनांक: 26.04.2024
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, रेल विद्युतीकरण, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज 211001 निम्नलिखित मदों के लिए ई -ओपन निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई- निविदा सं.	मद का विवरण	मात्रा	खुलने की तिथि
02245005	पोर्टेबल डिजिटल हाई वॉल्टेज टेस्टर (upto 95 KV)	4 नग	21.05.2024

नोट: उपरोक्त ई- निविदा का पूर्ण विवरण IREPS वेबसाइट "http://www.ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। केवल ई- बिड निविदा ही स्वीकार की जायेगी। ई- बिड निविदा खुलने वाली तिथि को 11:00 बजे तक भेजा जा सकता है।
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण, संगठन प्रयागराज
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से
पीआर-35/2024
पॉन "ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना सं.: 1420242025 दिनांक: 24.04.2024
ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 17.05.2024 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-
क्र.सं.: 1 | निविदा संख्या: 29 | अनुमानित मूल्य (रु.): ₹ 5458738.43
कार्य का विवरण: सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/नैनी के अधीन नैनी-मानिकपुर सेक्शन मे हथवागांज स्टेशन पर नए रेस्ट रूम के निर्माण का कार्य।
बयाने की रकम (रु): ₹ 109200.00, कार्य समापन की अवधि : 06 माह, निविदा खुलने की तिथि : 17.05.2024, सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार: बिल्डिंग वर्क।
क्र.सं.: 2 | निविदा संख्या: 30 | अनुमानित मूल्य (रु.): ₹ 174543563.20
कार्य का विवरण: वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के कार्य क्षेत्र में 160 के0 एम0 पी0 इ0 तक स्पीड बढ़ाने, सी0एम0डब्ल्यू0 को रोकने के लिए गेट सहित ट्रैक के किनारे अतिरिक्त लम्बाई 'डब्ल्यू' मेटल कैटल बैरियर लगाने का कार्य।
बयाने की रकम (रु): ₹ 1022700.00, कार्य समापन की अवधि : 03 माह, निविदा खुलने की तिथि : 17.05.2024, सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार: सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य।
क्र.सं.: 3 | निविदा संख्या: 31 | अनुमानित मूल्य (रु.): ₹ 6000000.00
कार्य का विवरण: वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के अधीन कार्यावधि 30.06.2025 तक वार्षिक बागवानी की रख-रखाव का कार्य।
बयाने की रकम (रु): ₹ 120000.00, कार्य समापन की अवधि: 12 माह, निविदा खुलने की तिथि: 17.05.2024, सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार: कोई बागवानी की रख-रखाव का कार्य।
क्र.सं.: 4 | निविदा संख्या: 32 | अनुमानित मूल्य (रु.): ₹ 51482440.28
कार्य का विवरण: वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के सम्भाग में पुल संख्या 479 कि0मी0 701/25 से 702/5 तक पाइलिंग एवं जैकेटिंग द्वारा के पुल सुदृढ़ीकरण का कार्य।
बयाने की रकम (रु): ₹ 407400.00, कार्य समापन की अवधि: 08 माह, निविदा खुलने की तिथि: 17.05.2024, सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार: कोई ब्रिज कंस्ट्रक्शन/रिहैबिलिटेशन/रिपेयर वर्क्स।
नोट:- (1) आनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है।
742/24 (A)
North central railways | www.rcr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

माइंड कंट्रोल से आँख बंद करके 109 भाषाओं को पढ़ने वाली विश्व की वंडर गर्ल बनी रब्बानी जॉली

नई दिल्ली (अशोक कुमार निर्भय)। आश्चर्य अविश्वसनीय किंतु सत्य ! जी हां, आपको विश्वास नहीं होगा, लेकिन यह सत्य है देश की एक प्रतिभाशाली छात्रा तिलक नगर निवासी रब्बानी जॉली जो पुरे विश्व मे अकेली आँखों पर काली पट्टी बांध कर विश्व की 109 भाषा जो गूगल पर उपलब्ध उस भाषा की किताब में लिखे पेज और शब्द को सिर्फ हाथ मे लेकर महसूस करके पढ़ सकती है। यही नहीं वह टाइम ट्रैवलिंग करके भूतकाल में घटी घटनाओं के बारे में भी सही अनुमान लगा सकती। रब्बानी जॉली ने नाम कई विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है और कई देशों ने उसको पुरस्कार और सम्मान पत्र से भी नवाजा है। इस प्रतिभाशाली छात्रा से बात की हमारे संवाददाता ने जहाँ पर लाइव रब्बानी जॉली ने अपनी आँखों पर काली पट्टी बांध कर यह अद्भुत आश्चर्यजनक

कारनामा लाइव करके दिखाया है। रब्बानी जॉली अभी केवल 15 वर्ष की हैं और दिल्ली के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 11 वीं कक्षा की छात्रा हैं। वह दूसरे छात्र - छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का विषय हैं की हम अगर अपने मस्तिष्क को सही दिशा में इस्तेमाल करें तो कुछ भी असंभव नहीं है। यही कारण है कि रब्बानी किसी कार्यक्रम अथवा किसी पारिवारिक फंक्शन की व्यस्तता के बाद अगर अपनी पढाई का समय नहीं निकाल पाती है और यह वंडर गर्ल अपने सब्जेक्ट की पुस्तक अपने तकिये के नीचे रखकर सोती है और रात भर में उसको सब याद हो जाता है। परीक्षा में उसको 90 प्रतिशत अंक भी मिलते हैं ऐसा चमत्कार कहें या विज्ञान लेकिन रब्बानी जॉली एकमात्र विश्व की लड़की हैं जिनको यह ज्ञान और प्रतिभा प्रकृति ने प्रदान की है। गौरतलब है कि महज 15 वर्ष की 11 वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा रब्बानी जॉली की प्रतिभा से परिवार और खासकर उनके दादा जे.पीएस जॉली जो खुद 42 पुस्तकें विभिन्न विषयों पर लिख चुके हैं और देश विदेश के विश्वविद्यालयों में पढ़ाये जा रहे हैं वह भी अपनी पोती की इस प्रतिभा और एचीवमेंट से गदगद हैं।

महिला की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली: उत्तर पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क इलाके में 40 साल की महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हमलावर ने घर में घुसकर महिला को गोली मारी है। जांच पता चला कि हमलावर युवक अक्सर महिला की बेटी का पीछा करता था। पीछा करने से परेशान महिला ने बेटी को गुरुकुल में भेज दिया था। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतका की पहचान सरिता के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग ने घटना की वारदात को अंजाम दिया है।

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र0 सं0	निविदा सं0	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	16240040A	केपरिंग असेंबली रोलर	110 नग	22-05-24
02	09242027	बोगी सेंटर पिवोट बोटम	718 नग	27-05-24
03	07241971	सील्ड विंडो ग्लास यूनिट साइज 1417 X 817 X 18.38 एम एम	2250 नग	27-05-24
04	08245114	प्रोक्योरमेंट ऑफ एच ए एस एस डी ए सी	111 सेटनग	28-05-24
05	07231580	ब्रेक हेड असेंबली (सेंडिकेटेड)	4010 नग	30-05-24
06	07231333A	हैंड ब्रेक कॉलम (सब असेंबली) कम्पलीट	320 नग	04-06-24
07	07240188	ओवरहालिंग किट फॉर एयर फिल्टर	565 सेट	05-06-24
08	07241152	हेड स्टॉक कम्पलीट (फॉर एयर ब्रेक व एम एम आउटर बीम)	36 नग	13-06-24
09	02242510	सी मेंटेनेंस फ्रीज एसिड बैटरीज 75AH	70 सेट	08-07-24
10	19241799	बी एल स्विच बॉक्स कम्पलीट	81 नग	08-07-24
11	19241406	कांटेक्ट आर्म विथ स्टेपिंग कॉल	12 नग	02-09-24

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 07 / 2024–2025 दिनांक 26.04.2024 1259/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक्शन इंडिया
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
एक्शन इंडिया मीडिया हाउस
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

क्लासीफाइड

टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

PUBLIC NOTICE

1, SUFI JAKIR KHAN, Aadhar No. 8774 2586 9531, S/o LATE MUMTAZ ALI, aged about 46 years, R/o H DARGAH KAMALUDDIN, SAFDARJAN AIRPORT, UNDER FLYOVER, ARBINDO MARG, NEW DELHI-110003. My son namely SHOYAB KHAN, and his wife namely GULABSA were not taking care of me and my wife and were misbehaving with us. They have also failed to maintain us. Hence I have disowned them and they have left my house. That I have ousted my son namely SHOYAB KHAN, age about 23 years and his wife GULABSA, aged about 23 years from my all moveable and immoveable assets.

बेदखली सूचना

मैं जोकि राजेन्द्र सिंह पुत्र कृष्ण लाल निवासी मकान नंबर 2436/31पटेल नगर सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि दीपांशु मेरा सगा पुत्र हैं जोकि शादीशुदा हैं। दीपांशु व उसकी पत्नी शगुन मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करते हैं इसलिए मैं उपरोक्त दोनों को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। यदि आज के बाद उपरोक्त दोनों कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करते हैं तथा किसी से कोई लेन-देन करते हैं तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

बेदखली सूचना

मैंजो कि कृष्ण कुमार पुत्र गंगू राम निवासी गांव भोगीपुर , तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र पवन कुमार व उसकी पत्नी बबीता मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

राष्ट्रपति शासन का कारण न बन जाए मेयर चुनाव

उपराज्यपाल ने स्पष्ट कर दिया है कि या तो सीएम सलाह देकर फाइल महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी फाइल भेजें

संकट

8 जेल से सरकार चलाने पर अड़ी आम आदमी पार्टी के लिए संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली में महापौर चुनाव क्या राष्ट्रपति शासन की वजह बन सकते हैं? यह सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि उपराज्यपाल ने स्पष्ट कर दिया है कि या तो सीएम सलाह देकर फाइल महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी फाइल भेजें। अब ऐसे में जेल से सरकार चलाने पर अड़ी आम आदमी पार्टी के लिए संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके लिए या तो कोर्ट से कोई निर्णय हो या फिर सीएम जेल से बाहर आने के बाद इस पर निर्णय ले, तब ही दिल्ली को नया महापौर मिल सकता है।

राष्ट्रपति शासन के बाद ही एलजी ले सकते हैं फैसला: अगर, सीएम जेल से बाहर नहीं आते हैं और कोर्ट से भी इस मुद्दे का समाधान नहीं निकलता है तो संभवतः यह प्रक्रिया तब ही एलजी स्वयं पूरी कर सकते हैं जब दिल्ली में चुनी हुई सरकार न हो। ऐसा तब ही हो सकता है, जब दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा हो। विशेषज्ञ बताते हैं कि दिल्ली में महापौर चुनने का यह तीसरा वर्ष है और महापौर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। ऐसे में इस पद पर सामान्य श्रेणी के महापौर के कार्यकाल को ज्यादा दिनों तक विस्तार नहीं दिया जा सकता है।

एलजी के रुख से हो रहा स्पष्ट: अनिल गुप्ता

दिल्ली नगर निगम के पूर्व मुख्य विधि अधिकारी अनिल गुप्ता बताते हैं कि एलजी के रुख से स्पष्ट है कि वह जब तक पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं करेंगे, तब तक की सीएम इसमें सलाह न दे दें। लेकिन, यह रुख सही है या गलत है, इसका निर्णय कोर्ट कर सकता है। क्योंकि मनोनीत सदस्यों के चयन में उपराज्यपाल ने सीएम की सलाह की जरूरत से इनकार किया था। अब एलजी पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए सीएम की सलाह को जरुरी बता रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि एमसीडी में महापौर पद में तीसरे वर्ष के लिए चुनाव होना है। ऐसे में यह पद इस वर्ष अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है इसलिए अनुसूचित जाति के पार्षद को इस वर्ष ही महापौर बनाना होगा नहीं तो यह एमसीडी एक्ट का सीधे तौर पर उल्लंघन होगा।

राष्ट्रपति शासन को मिलेगी ठोस वजह: अनिल गुप्ता

उन्होंने कहा कि एमसीडी एक्ट का उल्लंघन रोकने के लिए जरुरी है कि पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति हो। यह तब ही होगी जब सीएम जेल से बाहर आकर फाइल साइन करें। या फिर कोर्ट इसमें कुछ दिशा-निर्देश जारी करें। अगर, कोर्ट से इसका रास्ता नहीं निकलता है तो एलजी को दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की ठोस वजह मिल जाएगी। पहले से ही तीन हजार फाइलें दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास लंबित है। इससे लग रहा है कि दिल्ली में संवैधानिक संकट बढ़ रहा है।

कैसे जाती है फाइल उपराज्यपाल के पास

निगम सचिव - कमीश्नर को यह फाइल भेजते हैं।

निगम कमीश्नर- शहरी विभाग के सचिव को फाइल भेजते हैं

शहरी विकास विभाग के सचिव- मुख्य सचिव को फाइल भेजते हैं

मुख्य सचिव - शहरी विकास विभाग के मंत्री को फाइल भेजते हैं

शहरी विकास विभाग के मंत्री- मुख्यमंत्री को यह फाइल भेजते हैं

मुख्यमंत्री - उपराज्यपाल को यह फाइल भेजते हैं।

एलजी के फैसले की कांग्रेस ने भी की निंदा: प्रदेश कांग्रेस एमसीडी प्रभारी जितेंद्र कुमार कोचर ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित महापौर और उप महापौर चुनाव की चुनाव आयोग द्वारा मंजूरी के बावजूद वोटिंग पर एलजी द्वारा रोक लगाने को संवैधानिक मूल्यों का हनन बताया है। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली के अनुसूचित जाति समाज का अपमान है। दिसंबर 2022, जब से निगम में भाजपा का शासन खत्म हुआ है, हर बार महापौर चुनाव में भाजपा की औछी राजनीति और स्वयंभू बने रहने की सोच के कारण अड़चनें आ रही हैं।

आप ने बताया बीजेपी को एससी विरोधी मानसिकता

वरिष्ठ पार्टी नेता और आप सरकार में मंत्री आतिशी का कहना है कि एमसीडी एक्ट के अनुसार, एमसीडी के तीसरे साल में महापौर का पद अनुसूचित जाति के पार्षद के लिए आरक्षित होता है। इस बार महापौर का चुनाव रद कर भाजपा ने अपनी अनुसूचित जाति विरोधी मानसिकता दिखा दी है। आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि एलजी साहब चुनाव रद करने का कारण बता रहे हैं कि वो मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करते हैं। इसमें सीएम की इजाजत नहीं मिली है। इससे पहले सीएम ने दिल्ली के हक में हजारों सलाह दी हैं।

मेयर का चुनाव रद्द होने पर आप ने उठाए सवाल

एलजी को घेरा

8 मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव की फाइल चुनी हुई सरकार को नजरअंदाज करके एलजी के पास भेज दी गई

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली नगर निगम की मौजूदा मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक और आप विधायक दिलीप पांडे ने मेयर का चुनाव रद्द होने के मुद्दे पर शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की। उन्होंने यह चुनाव रद्द किए जाने के लिए भाजपा और एलजी को सवालों के घेरे में लेने का प्रयास किया। मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि आज नगर निगम के सदन में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना था। इसके लिए चुनाव आयोग ने भी 24 अप्रैल को अनुमति दे दी थी लेकिन 25 अप्रैल को अधिकारियों द्वारा मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की फाइल दिल्ली की चुनी हुई सरकार को नजरअंदाज करके एलजी के पास भेज दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि उस फाइल को शहरी विकास मंत्री के पास नहीं भेजा गया। 25 अप्रैल को एलजी ने फाइल पर लिखा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सलाह के बिना उनके पास पीठासीन अधिकारी को नियुक्त करने की कोई शक्ति नहीं है। इस मामले में आबेरॉय ने सवालिया लहजे में कहा कि यह किस तरह की राजनीति है। पूरी दिल्ली को पता है कि मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हर साल होता है। इस बार मेयर दलित समाज से चुनाव जाना था।

देश और दिल्ली की जनता भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को जान चुकी है। मेयर और डिप्टी मेयर के पहले टर्म में भी भाजपा के पीठासीन अधिकारी ने असंवैधानिक तरीके से मनोनीत पार्षदों के वोट डालने की बात की। आज भी एक साजिश रचते हुए चुनाव को स्थगित कर दिया गया। ओबेराय ने कहा कि भाजपा ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी बेईमानी से अपना मेयर बनाया था।

आज से आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालेंगी सुनीता केजरीवाल

आरोप

8 सुनीता केजरीवाल सबसे पहले पूर्वी दिल्ली पहुंचेंगी और रोड शो करेंगी: आप नेता आतिशी

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार से लोकसभा चुनाव प्रचार करती दिखेंगी। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने इसकी पुष्टि की। सुनीता केजरीवाल सबसे पहले पूर्वी दिल्ली पहुंचेंगी और रोड शो करेंगी। बता दें, पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार आप के प्रत्याशी हैं। इससे पहले सुनीता केजरीवाल अभी तक वीडियो संदेश के जरिए सीएम केजरीवाल का संदेश पढ़ती थीं। वहीं वह रामलीला मैदान में रैली को भी संबोधित किया था। इसके बाद उन्होंने रांची में भी इंडिया रैली को संबोधित किया था।

27 अप्रैल को पूर्वी दिल्ली में करेंगी रोड शो : दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, "अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगी और आप उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगी। इसकी शुरूआत कल दिल्ली से होगी। 27 अप्रैल को वह पूर्वी दिल्ली में रोड शो करेंगी।

दिल्ली में युगांडा की युवती से चार युवकों ने की हैवानियत

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली : राजधानी दिल्ली में विदेशी युवती के साथ दरिंदगी का एक और मामला सामने आया है। छतरपुर इलाके में गुरुवार को युगांडा की युवती से चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसकी बेरहमी से पीटाई कर दी। आरोपितों ने गुरुवार रात को महरौली अंधेरिया मोड स्थित 100 फुटा रोड पर घटना को अंजाम दिया। मामले की जानकारी पुलिस को होने पर युवती को एम्स में भर्ती कराया गया। सभी आरोपी वारदात को अंजाम देकर युवती को गंभीर रूप से घायल कर नग्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। युवती खून से लथपथ हालत में सड़क पर मदद के लिए चिल्लाती रही। किसी राहगीर ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने महिला को तत्काल एम्स में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक, युगांडी की रहनेवाली युवती छतरपुर में किराए पर रहती है। वह एक साल पहले ही भारत आई थी। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इलाके में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है, ताकि आरोपी को लेकर कोई जानकारी मिल सके।

शराब तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार

पकड़ा

8 स्क्वाड की पुलिस टीम ने एएनपीआर कैमरे की मदद से शराब तस्करी के एक मामले में दो आरोपित को पकड़ा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दक्षिण जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एएनपीआर कैमरे की मदद से शराब तस्करी के एक मामले में दो आरोपित को पकड़ा है। उनके पास से पकड़ी गई गाड़ी में से 1250 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल कार को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपितरें की पहचान महेश और राहुल के रूप में हुई है। यह दोनों दिल्ली के देवली गांव और संगम विहार के रहने वाले हैं। महेश पर पहले से 19 अपराधी के मामले चल रहे हैं। जो अंबेडकर नगर, संगम विहार, बदरपुर, नेबसराय थाने में दर्ज हैं। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार इंस्पेक्टर उमेश कुमार की टीम बॉर्डर इलाके से दिल्ली में घुसकर इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए लगातार सीसीटीवी कैमरे का मॉनिटर करती रहती है। उसी छानबीन के दौरान पुलिस को इस शराब तस्कर के बारे में जानकारी मिली। पता चला कि यह कार आधी रात के बाद सुबह होने से पहले बॉर्डर क्रॉस करके साउथ दिल्ली में आता है।

जब उसके बारे में डिटेल छानबीन की गई तो पुलिस का शक बढ़ गया। क्योंकि पता चला पुलिस ने यह कार 28 बार एएनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर) कैमरे में कैद हुआ है। कभी बांध रोड संगम विहार, कभी इग्नू रोड नेबसराय तो कभी एमबी रोड पर। फिर पुलिस टीम ने उस कार का डिटेल खंगाला। उसके बारे में पता लगाकर चेज किया और देवली गांव इलाके में ट्रैप कर लिया। काफी मशक्कत के बाद कार को भी रोका गया और कार सवार को भी पकड़ा गया।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ी

राहत नहीं

8 सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी है। मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। मनीष सिसोदिया ने इस मामले में दूसरी जमानत याचिका दायर कर रखी है, जिस पर कोर्ट 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। मनीष सिसोदिया ने ट्रायल में देरी को आधार बनाते हुए जमानत देने की मांग की है। मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का ईडी ने विरोध करते हुए कहा था कि मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका में ट्रायल में देरी को आधार बनाया जा रहा है, जबकि देरी आरोपितों की ओर से की जा रही है। सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि ट्रायल कछुआ गति से चल रही है, जबकि सुप्रीम कोर्ट जमानत याचिका पर अपने फैसले में जल्द ट्रायल करने को कह चुका है। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट जमानत दे चुका है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट ने 24 जनवरी को इस मामले के सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी थी।

सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े कानून के खिलाफ जल्द सुनवाई की मांग

अपील

8 अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफं अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के उस अनुच्छेद 39 (बी) के तहत ह्यसमुदाय के भौतिक संसाधनह्न माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने केंद्र के पिछले साल 19 मई के उस अध्यादेश को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका को पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जिसने शहर की निर्वाचित व्यवस्था से सेवाओं पर नियंत्रण छीन लिया था। इसके कारण सत्ता के दो केंद्रों के बीच एक नया विवाद शुरू हो गया था। बाद में इस मामले पर अध्यादेश को केंद्रीय कानून में बदल दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है, जिसमें ऐसे नियम बनाने के निर्देश देने की मांग की गई है कि यदि नोटा को बहुमत मिलता है, तो विशेष निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव को शून्य घोषित कर दिया जाएगा। ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। याचिका में यह कहते हुए नियम बनाने की भी मांग की गई है कि नोटा से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को 5 साल के लिए सभी चुनाव लड़ने से रोक दिया जाएगा।

'मेयर का चुनाव स्थगित होना भाजपा की साजिश'

आरोप

8 अगर आम आदमी पार्टी का मेयर चुन लिया गया तो उसे 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव में नुकसान होगा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार कुलदीप कुमार के साथ शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने भाजपा पर विभाजनकारी और नफरत फैलाने वाली राजनीति करने का आरोप लगाया। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा तोड़फोड़ की राजनीति में विश्वास करती है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने देश के 6-7 राज्यों में विपक्ष की स्थापित सरकारों को तोड़कर अपनी सरकार बना ली। चंडीगढ़ के मेयर और गुजरात के सूरत का लोकसभा चुनाव इसके ताजा उदाहरण हैं। अब दिल्ली के मेयर का चुनाव ही खत्म कर दिया गया। दिल्ली मेयर चुनाव में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी को समर्थन था। हमारे पास बहुमत था। हमारा ही मेयर चुना जाता लेकिन भाजपा ने मेयर का चुनाव ही नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेयर का चुनाव रोकना भाजपा की दलित व पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। दिल्ली में मेयर का चुनाव होता तो आम आदमी पार्टी किसी दलित के बेटे को ही मेयर बनाती। अब दिल्ली के राज्यपाल ने भाजपा के दबाव में बिना किसी जायज कारण के यह चुनाव स्थगित कर दिया। भाजपा को डर है कि अगर आम आदमी पार्टी का मेयर चुन लिया गया तो उसे 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव में नुकसान होगा।

नरेश सेठी और अक्षय गैंग का शार्प शूटर गिरफ्तार

काबू किया

8 आरोपित के पास से सोफिस्टिकेटेड सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने नरेश सेठी और अक्षय गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। इसकी तलाश बुध विहार में प्रॉपर्टी डीलर के यहां पर हुई फायरिंग के मामले में थी। आरोपित के पास से सोफिस्टिकेटेड सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। आरोपित की पहचान मोहित के रूप में हुई है। यह हरियाणा रोहतक संपला का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान इसने हथियार से पुलिस पर हमला करने की कोशिश भी की थी। वारदात के बाद से यह फरार चल रहा था। मर्डर, लूट, रंगदारी के कई मामलों में दिल्ली और हरियाणा में शामिल था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की थी। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में पुलिस की टीम ने इसके बारे में पता लगा कर-के गिरफ्तार किया। 27 फरवरी को बुद्ध विहार इलाके में फायरिंग की वारदात हुई थी। रोहिणी सेक्टर 24 में स्थित लकी प्रॉपर्टी के ऑफिस पर कई राउंड गोलियां चलाई गई थी और गैंगस्टर नरेश उर्फ सेठी की तरफ से दो करोड रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। उस मामले में पुलिस छानबीन कर रही थी और इसका भी पता लगाने की कोशिश किया जा रहा था। आखिरकार हेड कांस्टेबल नरेंद्र और राजेश को एक सूचना मिली। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने फिर पूरे मामले की छानबीन की और पुलिस ने फिर ट्रैप लगाया। सब पुलिस ने टीम ने आरोपित को सेक्टर 11 रोहिणी में छापा मारकर सुबह दबोचा।

पार्टियों की बदली रणनीति, प्रचार का भी बदला मिजाज, बीजेपी पूछ रही सवाल

सियासी दांव

8 भाजपा ने भी बयान जारी कर कांग्रेस की निंदा की है। अभियान के दौरान इस विषय को उठा रहे हैं

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राजधानी में अब तक भाजपा के चुनाव प्रचार नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों और आबकारी घोटाले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के आसपास घूम रही थी। नेता और प्रत्याशी इन्हीं विषयों को जनता के बीच उठा रहे थे, परंतु दो दिनों से उनके सुर बदल गए हैं। अब वह आप पर निशाना साधने के साथ ही कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठा रहे हैं। वह आरोप लगा रहे हैं कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। सत्ता में आने पर वह आर्थिक सर्वे के बहाने हिंदुओं की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा में कांग्रेस के घोषणा पत्र में आर्थिक सर्वे कराने के वादे का का उल्लेख किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि धन के समान वितरण के नाम पर कांग्रेस हिंदुओं की संपत्ति पर कब्जा कर उसे घुसपैठियों को देना चाहती है। उनके इस बयान के बाद आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज हो गई है।

असर दिल्ली के चुनाव प्रचार पर भी पड़ा: इसी बीच इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष व राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा भारत में अमेरिका की तरह विरासत टैक्स लगाने की पैरवी करने से भाजपा को कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया। कर्नाटक में मुस्लिम को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने को भी तूल दिया जा रहा है। भाजपा नेता मंच से इसे लेकर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसका असर दिल्ली के चुनाव प्रचार पर भी पड़ा है।

जुबानी हमले के बाद बीजेपी की बदली रणनीति : राजधानी में भाजपा नेता व प्रत्याशी अब तक भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जुबानी हमला कर रहे थे, परंतु पिछले दो दिनों से इसमें बदलाव आने लगा है। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस विषय पर प्रेसवार्ता की और कहा कि पार्टी इसे लेकर आंदोलन करेगी। भाजपा के सभी प्रत्याशियों ने भी बयान जारी कर कांग्रेस की निंदा की है। वह जनसंपर्क अभियान के दौरान इस विषय को उठा रहे हैं।

जनता के बीच इसे लेकर जाने की तैयारी : इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाने की योजना बनाई जा रही है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कर्नाटक में मुस्लिमों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने से कांग्रेस की मंशा को समझा जा सकता है। वह तुष्टीकरण के लिए पिछड़े वर्ग को आरक्षण से वंचित कर मुस्लिमों को इसका लाभ देना चाहती है। दिल्ली में रहने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति व जनजाति समाज को कांग्रेस की सच्चाई बताकर उन्हें सचेत किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी घर-घर जाएंगी।

इंटरनेट मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं पोस्ट: नेताओं की बयानबाजी व प्रदर्शन के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी इसे लेकर दिल्ली भाजपा ने अभियान शुरू कर दिया है। इंटरनेट पर इससे संबंधित वीडियो व अन्य पोस्ट शेयर किए जा रहे हैं।

भाजपा ही देश को मजबूत व हर वर्ग की हितैषी सरकार देने में सक्षम: रणजीत

हर नागरिक को लगता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही देश को मजबूत व हर वर्ग की हितैषी सरकार दे सकता है

टीम एक्शन इंडिया

हिसार: हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए जन-जन की आवाज आ रही है। हर नागरिक को लगता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही देश को मजबूत व हर वर्ग की हितैषी सरकार दे सकता है। वे शुक्रवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत शहर की महाबीर कॉलोनी के चांदनी चौक में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रतन सैनी के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में पार्टी के अनेक नेताओं ने शामिल होकर भाजपा उम्मीदवार को जिताने का आह्वान किया। रणजीत सिंह ने कहा कि अपने 10 वर्ष के शासनकाल में केन्द्र की भाजपा सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इनको देखते हुए जनता भी

समझ चुकी है कि जो काम कांग्रेस अपने 50-60 वर्ष के शासनकाल में नहीं कर पाई, वह कार्य मोदी सरकार ने 10 साल में कर दिखाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें 400 पार का नारा दिया है और एक-एक कार्यकर्ता को यह नारा सार्थक करने की दिशा में अपना कर्तव्य निभाना है। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि हर क्षेत्र में हर वर्ग में भाजपा उम्मीदवार को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, हिसार लोकसभा संयोजक रवि सैनी, निगरानी समिति लोकसभा अध्यक्ष मनदीप मलिक, जिला महामंत्री अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार रेवड़ी, लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा सहित अन्य गणमान्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा पूरी तरह से है तैयार: कंवर पाल

टीम एक्शन इंडिया

यमुनानगर: भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति द्वारा यमुनानगर और जगाधरी विधानसभा के पदाधिकारियों की एक अहम बैठक ली गई। इस बैठक की अध्यक्षता अंबाला लोकसभा प्रभारी पवन सैनी ने

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर और जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी साथ रहे। बैठक में अंबाला लोकसभा प्रभारी पवन सैनी ने कार्यकताओं की संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ कार्य करे। हर नागरिक का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। सभी नेता और कार्यकर्ता और अधिक मेहनत करें तथा लोगों को मोदी सरकार और नायब सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताएं।

किसानों के लिए जी का जंजाल बना मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल: सैलजा

साधा निशाना

8 किसानों ने दर्ज करवाई 50688 शिकायतें, पिछले 15 दिन से 10902 शिकायतें

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है, सरकार ने पोर्टल के खेल में किसानों को फसा कर रख दिया है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल किसानों के लिए जी का जंजाल बन गया है, पिछले 15 दिनों ने 10902 शिकायतें लंबित है, बिना सत्यापन के किसान मंडी में गेहूं की फसल तक नहीं बेच पा रहे है। सरकार को किसान हितैषी होने का दावा करने के बजाए उनके हितों की रक्षा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि सरसों, गेहूं आदि फसल एमएसपी पर बेचने के लिए पहले मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करना सरकार द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। रबी सीजन में प्रदेशभर में 1103095 किसानों पर पोर्टल पर 6419348 एकड़ का पंजीकरण करवाया था जिसमें से केवल 6319060 एकड़ का सत्यापन हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 50688 किसानों ने गलत पंजीकरण, फसल का नाम गलत दर्ज होने, क्षेत्रफल कम दर्ज होने, सत्यापन न होने से संबंधित शिकायतें दर्ज करवाई थी जिनमें से 10902 शिकायतें आज भी दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों का निपटारा न होने पर किसान मंडी में अपनी फसल तक नहीं बेच पा रहे हैं।

जिम्मेवारी: बृज शर्मा बने जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम एवं वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ केसी बांगड़, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद हरियाणा में जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की। जेजेपी ने राष्ट्रीय महासचिव के पद पर रहे करनाल निवासी बृज शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया हैं। जेजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा निरंतर संगठन मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं। दयाल कॉलेज करनाल में छात्र राजनीति में उतर कर राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले बृज शर्मा के पास जिला प्रधान से लेकर संगठन में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। वे साल 2019 में असंध विधानसभा क्षेत्र से जेजेपी के प्रत्याशी थे। इससे पहले उन्होंने साल 1991 और 1996 में करनाल विधानसभा से भी चुनाव लड़ा था। बृज शर्मा गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान तथा करनाल ब्राह्मण सभा के संरक्षक भी रहे हैं। नवनियुक्त जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने नई जिम्मेदारी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि

सफलता

8 लोकसभा और विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा ताकि चुनावों में पार्टी को सफलता मिले

वे इस अहम जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ निभाएंगे। बृज शर्मा ने कहा कि जेजेपी को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना उनका लक्ष्य रहेगा और वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन की ताकत को बढ़ाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा ताकि इन चुनावों में पार्टी को बड़ी सफलता मिले।

टक्कर लगने से कम्बाइन में सवार पिता की मौत, बेटा घायल

टीम एक्शन इंडिया

झज्जर : कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर बादली टोल के पास एक पिकअप गाड़ी कम्बाइन मशीन से जा टकराई। इस दुर्घटना में कम्बाइन सवार व्यक्ति की मौत हो गई औक उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। बादली थाना पुलिस ने शुक्रवार को शहर के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान जिला पलवल के गांव सौंदा निवासी गजेंद्र के रूप में हुई है।

'सरकार में हिस्सेदारी कर हर वर्ग के लिए काम करवाए जेजेपी ने'

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़/काजल रानी: पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हिसार लोकसभा की जनता के पास पहली महिला सांसद चुनकर दिल्ली भेजने का ऐतिहासिक मौका है और इस मौके को हाथ से न जाने दें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला को विजय बनाकर नया इतिहास रचें। शुक्रवार को दुष्यंत चौटाला उकलाना में जेजेपी युवा कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उकलाना में पहुंचने पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। दुष्यंत

चौटाला ने उकलाना में जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उन्होंने बतौर सांसद अनेक काम हिसार की लोकसभा के जनता को समर्पित किए है और जिनका अनुसरण दूसरे प्रदेशों में किया गया। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्होंने साढ़े चार साल तक उपमुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा की जनता के हित और उनके उत्थान

अपील

8 नैना चौटाला को हिसार की पहली महिला सांसद बनाकर इतिहास बनाएं- दुष्यंत चौटाला

के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि जेजेपी की हरियाणा सरकार में भागीदारी का ही परिणाम था कि किसानों के खाते में 48 से 72 घंटे के भीतर राशि पहुंच जाती थी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसानों को मंडियों में रात नहीं बितानी पड़ती थी और फसलों का उठान चंद घंटों में हो जाता था लेकिन आज प्रदेश की मंडियों में हालात बद से बदतर है और कई सप्ताह से खुले आसमान में किसानों की फसल पड़ी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी की हरियाणा सरकार में भागीदारी की बदौलत बीसीए वर्ग को आठ प्रतिशत आरक्षण मिला, वृद्धावस्था पेंशन 3000 तक पहुंची, स्टेट का पेपर देने के लिए युवाओं को 50 किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ता, 20 हजार किलोमीटर नई चमचमाती सड़क बनी। उन्होंने कहा कि देश भर में भाजपा की एक दर्जन से ज्यादा प्रदेशों में सरकार है लेकिन हरियाणा को छोड़कर किसी भी अन्य प्रदेश में बुढ़ापा पेंशन 2000 नहीं है।

मतदान केंद्रों पर संसाधनों की व्यवस्था की जाए

टीम एक्शन इंडिया

चण्डीगढ़: हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव - 2024 के दौरान हीटवेव के प्रभाव को देखते हुए प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों/उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि सभी मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, जहां पर वोटर क्यू में खडे होगे, वहां पर मतदाताओं को सीधी धूप से बचाने के लिए पर्याप्त छाया, बैठने और पंखों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और

समन्वय

8 स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय करें

दिव्यांग व्यक्तियों जैसे कमजोर मतदाताओं को विशेष सहायता दी जानी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार दिव्यांग (जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग) और वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक है उन्हें घर से ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा, सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित की जाए। श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मतदान केंद्र के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उचित प्रतिक्रिया, प्रक्रियाओं की जानकारी भी शामिल होनी चाहिए। इसके अलावा, हीटवेव के लिए अतिरिक्त संसाधनों और स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय करें।

देश में एक समान होगा वोकेशनल एजुकेशन का पाठ्यक्रम: डॉ. राज

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: पूरे देश के लिए वोकेशनल एजुकेशन का एक समान पाठ्यक्रम बनाया जाएगा। यह पाठ्यक्रम, क्रेडिट फ्रेमवर्क और मूल्यांकन के मानक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप होंगे। इन तीनों आयामों की ड्राफ्टिंग के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू की अध्यक्षता में गठित यूजीसी कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की कुलपति प्रोफेसर सुप्रिया पटनायक, आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस प्रोफेसर भूपिंदर गोदारा, आईआईटी मद्रास की प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. वी आर ललीथंबिका, आईआईएम नागपुर के प्रोफेसर प्रशांत गुप्ता और समन्वयक अधिकारी के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की उप सचिव मोनिका उपस्थित रहे। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राज नेहरू ने बताया कि समिति अपनी सिफारिश शीघ्र ही

बैठक

8 मूल्यांकन विधि के लिए गठित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की समिति की बैठक आयोजित

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सौंप देगी।इस बैठक में वोकेशनल एजुकेशन के प्रारूप पर व्यापक चिंतन-मंथन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप देश में वोकेशनल एजुकेशन का एक समान प्रारूप बनाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। समिति के अध्यक्ष एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि वोकेशनल एजुकेशन उभरती प्रौद्योगिकी और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार होनी बहुत आवश्यक है। इससे कोर्स रोजगारपरक होंगे और उद्योग को जॉब रेडी मानवीय संसाधन मिलेंगे। साथ ही वोकेशनल एजुकेशन में क्रेडिट फ्रेमवर्क का मानकीकरण भी होगा और मूल्यांकन के मानकों का भी निर्धारण होगा।

उन्होंने कहा कि ऑन द जॉब ट्रेनिंग, इंडस्ट्री इंटीग्रेशन, एंटरप्रेन्योरशिप जैसे आयाम वर्तमान में वोकेशनल एजुकेशन के लिए बहुत आवश्यक हैं। यह सब चीजें जुड़ेंगी तो उद्योग को भी फायदा होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि वोकेशनल एजुकेशन के सिस्टम को समसामयिक और एकरूप बनाने को लेकर समिति अपनी सिफारिशें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में देश के नामचीन विशेषज्ञों ने अपने-अपने सुझाव दिए हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बहुत से पहलुओं को पहले से ही अपने मॉडल में समाहित कर नए प्रयोग किए हैं।

लोकसभा चुनाव: निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लिए आयोग सख्त

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव-2024 को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निदेशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचाने के लिए आयोग पूरी तरह सख्त है और राज्य में विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि की मूवमेंट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अब तक हरियाणा में 25.45 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि जब्त की

गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा उक्त कार्रवाई

जब्त

8 अब तक हरियाणा में 25.45 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि की गई जब्त

की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 4.33 करोड़ रुपये की नगद राशि जब्त की गई, जिसमें पुलिस द्वारा 71.21 लाख रुपये, आयकर विभाग द्वारा 81.19 लाख रुपये, आबकारी विभाग द्वारा 3.04 लाख रुपये और डीआरआई द्वारा 278 लाख रुपये की नगद राशि जब्त किया जाना शामिल है। उन्होंने बताया कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 8.40 करोड़ रुपये की कीमत की 2,67,821 लीटर से अधिक अवैश शराब पकड़ी गई है। इसमें, पुलिस द्वारा 552.23 लाख रुपये की कीमत की 1,75,140 लीटर तथा आबकारी विभाग द्वारा 288.19 लाख रुपये की कीमत की 92,669 लीटर अवैध शराब पकड़ा जाना शामिल है।

अनुराग अग्रवाल ने बताया कि एजेंसियों द्वारा कुल 5,844.44 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत 9.38 करोड़ रुपये है। पुलिस द्वारा 9.34 करोड़ रुपये की कीमत के 5839.18 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

एसीएस ने किया अनाज मंडियों का दौरा

टीम एक्शन इंडिया

चण्डीगढ़: हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा नोडल अधिकारी विनीत गर्ग ने फतेहाबाद जिला की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए उचित प्रबंध किए गए है। इसके अलावा फसल उठान भी सुनिश्चित किया जाए। एसीएस ने इससे पहले लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला में गेहूं खरीद को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को किसानों की फसल का भुगतान निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। इसके अलावा

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला की अनाज मंडियों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, बारदाना आदि की भी उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने व्यापारियों और किसानों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।

एसीएस विनीत गर्ग ने किसानों से आग्रह किया कि किसान मंडियों व खरीद केंद्रों में अपनी फसल को पूरी तरह से सुखाकर और साफ करके ही लाए ताकि खरीद एजेंसियों को उनकी फसल को मौके पर ही खरीदा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को मंडियों में बारदाने आदि की उचित व्यवस्था करने तथा फसल भंडारण की भी

कांग्रेस ने हरियाणा में मुकाबले की तस्वीर साफ कर दी

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़/दीपिका शर्मा

कांग्रेस ने हरियाणा की आठ लोकसभा सीटो के लिए गुरुवार देर रात प्रत्याशी घोषित कर चुनावी मुकाबलों की तस्वीर साफ कर दी लेकिन गुरुग्राम सीट पर अभी तक फैसला नहीं किया जा सका है।गुरुग्राम सीट पर पार्टी द्वारा अभिनेता राजबब्बर को उतारे जाने के संकेत मिल रहे थे।गुरुग्राम से टिकट के दावेदार ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव अभिनेता को टिकट देने का विरोध कर रहे है।कुरुक्षेत्र सीट पहले ही इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी को दी जा चुकी है। कुरुक्षेत्र से सुशील गुप्ता प्रत्याशी है।

टिकट बंटवारे से साफ जाहिर है कि पार्टी के आंतरिक सर्वे और

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा की राय से फैसला किया गया।करनाल सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मुकाबले युवा कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को उतार कर चौंकाया है। खास बात ये भी है कि जिन आठ प्रत्याशियों पर कांग्रेस आलाकमान ने मुहर लगाई है। इनमें कुमारी सैलजा को छोड़कर बाकी सात सीटों पर पूर्व सीएम हुड्डा की पसंद के उम्मीदवार उतारे गए हैं।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हिसार में पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश जेपी को टिकट दिलवाकर अपनी ताकत का अहसास कराया है। हिसार से फिर एकबार टिकट मिलने की उम्मीद से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए

गुरूग्राम में फंसा

8 कुमारी सैलजा अपने प्रभाव से टिकट लेने में कामयाब रही हैं। अंबाला व सिरसा के लिए पैनल में भेजा गया था

चौधरी बीरेंद्र सिंह के पूर्व आईएएस पुत्र बृजेंद्र सिंह को निराशा हाथ लगी है। बृजेंद्र सिंह 2019के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर हिसार से चुने गए थे। बृजेंद्र सिंह की दावेदारी हिसार के साथ-साथ सोनीपत सीट पर भी थी। पिछले दिनों बीरेंद्र सिंह का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते सुनाई दे रहे थे कि सोनीपत से अच्छा उनके लिए हिसार रहेगा।

रोहतक लोकसभा सीट से भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र हुड्डा को टिकट दिया गया है। दीपेंद्र रोहतक से पिछला चुनाव भाजपा के अरविंद शर्मा के मुकाबले मामूली अंतर से हार गए थे।इस बार भी उनका मुकाबला अरविंद शर्मा से ही होगा। भूपेंद्र हुड्डा दीपेंद्र हुड्डा के राज्यसभा सदस्य होते हुए भी लोकसभा के लिए टिकट दिलाने में कामयाब रहे। आला कमान पहले राज्यसभा की एक सीट गंवाने के पक्ष में नहीं था। सिरसा सीट से कुमारी सैलजा अपने प्रभाव से टिकट लेने में कामयाब रही हैं। हालांकि हुड्डा गुट की ओर से सैलजा का नाम अंबाला व सिरसा दोनों लोकसभा सीटों के लिए पैनल में भेजा गया था।

न्यूज फ्लैश

नारनौल मंडी में सरसों खरीद के लिए शेड्यूल जारी

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा
नारनौल । नई अनाज मंडी नारनौल में सरसों की अधिक आवक होने के कारण गांव के रोस्टर में संशोधन किया गया है। किसान अब इस रोस्टर के अनुसार ही मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आएं। यह जानकारी देते हुए उपमंडल अधिकारी (ना0) प्रशासक मार्केट कमेटी नारनौल डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल को नई अनाज मंडी नारनौल में मित्रपुरा, मोहम्मदपुर हमीदखान, मुकुंदपुरा, मुरारीपुर, नांगल काठा, नारनौल, नुनीकला व नूनी अव्वल गांव के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। 28 अप्रैल को रविवार का अवकाश होने के कारण कोई नए गेट पास जारी नहीं किए जाएंगे। 29 अप्रैल को पटीकरा, रघुनाथपुरा, रामबास, रामपुरा, रसूलपुर, सलूनी, शहरपुर, व सेका गांव के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। 30 अप्रैल को शाहपुर, शाहपुर-1, शोभापुर, सीहमा, टहला, ताजीपुर, ताजपुर व थाना गांव के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी।
उन्होंने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

फसलों को गर्मी से बचाने के लिए कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा
नारनौल । अप्रैल व मई में बोई जाने वाली फसलें कपास, चारे की फसल, ग्रीष्म मूंग इत्यादि में हल्की सिंचाई सायं की समय में ही करें तथा कपास की फसल की बिजाई 10 मई तक अवश्य पूर्ण कर लें। उप कृषि निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह ने किसानों को सलाह दी है कि गर्म मौसम की वजह से बीज के जमाव में होने वाले नुकसान से बचने के लिए बीज की दर 25 प्रतिशत बढ़ा दें ताकि खेत में पौधों की संख्या (डस्त्र३४ ढ"ल्ल३ ढङ्मस्त्र४"३ङ्मल्ल) पूरी की जा सकें। खरीफ 2024 में बोई जाने वाल फसलें जैसे बाजरा व ग्वार की बिजाई मानसून आने पर ही करें। इसके साथ-साथ किसानों को यह सलाह भी दी जाती है कि कपास की बिजाई से पहले गांवों में तथा खेत के आस पास रखी हुई पुरानी फपास की बनछटियां लकड़ियों को झाड़ कर खराब टिण्डो व अध खिले टिण्डों को एकत्रित करके नष्ट करे दें ताकि आने वाली कपास की फसल में गलाबी सुण्डी के प्रकोप को कम से कम किया जा सके।

मध्यप्रदेश से नशे की खेप लेकर असंध पहुंचे दो तस्कर काबू

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा करनाल को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत जिला पुलिस निरंतर नशा तस्करों पर गंभीर चोट कर रही है। बीती रात को सीआइए वन की टीम ने नाकेबंदी के दौरान दो नशा तस्करों गौरव कुमार पुत्र बन्ता राम वासी गांव मंडवाल, जिला कैथल और विक्रम पुत्र ओमपाल वासी राहडा, थाना असंध को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से मौके पर एक मोटरसाईकिल व 17 किलोग्राम डोडा चुरापोस्त बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे की इस खेप को मध्य प्रदेश से ट्रेन में लेकर आए थे।

गरीबों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही भाजपा सरकार: नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ऐसी सरकार है, जिसने देश व प्रदेश में श्रमिकों की भलाई के लिए कार्य किया है। मोदी ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई, विपक्ष के पेट में उसके लिए भी दर्द है। कांग्रेस जैसी पार्टियां खुद तो श्रमिकों और गरीबों के लिए कुछ नहीं कर पाई। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। भाजपा सरकार गरीब की मजबूती के लिए काम करने वाली सरकार है। गरीबों को कैसे मजबूत किया जाए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए काम करते रहते हैं।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल की नई अनाज मंडी में राष्ट्रीय कामगार संघ की ओर से आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री ने करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील की। श्रमिकों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने केवल श्रमिकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने न तो श्रमिकों के बारे में आज तक सोचा और न ही कोई योजना बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के बारे में सोचा और उनकी भलाई के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश व प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाया। हरियाणा प्रदेश के श्रमिकों को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए काम किया। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए श्रमिकों की बात सुनी और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। सीएम ने कहा कि श्रमिकों को भविष्य में भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी, सरकार उनके साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। उन्होंने आह्वान किया कि करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा का साथ दें, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, संघ के अध्यक्ष जंग बहादुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश, रोहताश जांगडा, श्याम लाल, पूनम ठाकुर सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

सार्वजनिक स्थान पर गाड़ी में बैठकर जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना शहर क्षेत्र में गश्त के दौरान रेलवे रोड पर गाड़ी में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए दो आरोपियों नरेन्द्र पुत्र राकेश कुमार और शम्मी पुत्र मामचन्द वासीयान नजदीक हांसी चौक करनाल को काबू किया। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआइए वन के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को मोबाइल फोन में लाइव आईपीएल क्रिकेट मैच चलाकर व दूसरे फोनों से अन्य लोगों से बात करके सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन, गाड़ी जिसमें बैठकर सट्टा लगाया जा रहा था व 3380 रुपए नकद और एक वह डायरी, जिसमें वे लोग हर रोज का हिसाब नंबरों में लिखते थे, बरामद की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी शम्मी के खिलाफ पहले भी जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज है। छापामारी करके ब्रहम नगर हांसी रोड़ करनाल से एक अन्य आरोपी सुरेश पुत्र हरद्वारी लाल वासी ब्रहम नगर, करनाल को नंबरों पर पैसे लगाकर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया।

जेईई मेन परीक्षा में नारनौल के होनहारों ने फहराया परचम

टीम एक्शन इंडिया
संजय शर्मा

नारनौल। जेईई मेन की परीक्षा परिणाम में नारनौल के होनहारों ने इस बार भी अपना परचम लहराया है। स्थानीय महेंद्रगढ़ रोड़ स्थित आकाश एजुकेशनल संस्थान के एक छात्र ने 99.86 फीसदी सहित पांच विद्यार्थियों ने 99 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा 18 स्टुडेंट्स ने 95 से अधिक तथा 28 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित कर अपने अभिभावकों, क्षेत्र तथा संस्थान को गौरवान्वित किया है। संस्थान परिसर में शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर परमेश्वर झा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व तथा इस बार की भांति भविष्य में भी इससे और बेहतर परिणाम लाने के लिए वे प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में जान्हवी मित्तल ने 99.86 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी प्रकार अमन कुमार ने 99.83, हिमांशु तंवर ने 99.31 और ध्रुवांशु ने 99.10 परसेंटाइल व फिजिक्स में 100 फीसदी हासिल किए हैं।

दुर्गा शक्ति पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

राजकीय महाविद्यालय में छात्रझ्रछात्राओं को दी विभिन्न जानकारियां

टीम एक्शन इंडिया
संजय शर्मा

नारनौल। जिलेभर में महेंद्रगढ़ पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम ने राजकीय महाविद्यालय अटेली में जागरूकता अभियान चलाया, इस दौरान छात्रझ्रछात्राओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों सहित विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्राओं को जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने बताया कि पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर सजग है और पुलिस महिलाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है, ताकि महिलाओं व लड़कियों को पता चल सके कि उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए क्या करना है और किन चीजों से बचकर रहना है। जागरूकता अभियान में महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों की भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर ही अपना ध्यान केंद्रित करे। मोबाइल व इंटरनेट को अपनी कमजोरी न बनाकर इसे अपनी सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रयोग करें। साइबर अपराधों से बचने के लिए इंटरनेट व सोशल साइट्स का प्रयोग करते समय सावधान रहे। सोशल साइट्स पर अनजान लोगों से जुड़ने से बचे और अपनी निजता का हनन न होने दे। दुर्गाशक्ति की टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और सार्वजनिक स्थान, बसों में अपनी सुरक्षा करने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अगर बस में या सार्वजनिक स्थान पर किसी छात्रा से छेड़छाड़ होती है तो सभी छात्राएं मिलकर मनचलों को सबक सिखाए। ऐसी घटनाओं पर पुलिस को सूचित करें।

आम चुनाव पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
संजय शर्मा

नारनौल: भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) के दिशानिर्देश अनुसार लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल कराई गई। इस दौरान जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद की देखरेख में पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपीएटी की हैंड ऑन ट्रेनिंग कराई तथा उन्हें चुनावी प्रक्रिया के बारे में बारीकी से बताया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर एक मेज और दो कुर्सी और छाता रखने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 बी के प्रावधानों के अनुसार मतदान केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी, मतदान केंद्र की अध्यक्षता करने वाले पुलिसकर्मी और मतदान केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियुक्त किसी व्यक्ति के अलावा कोई भी व्यक्ति मतदान के दिन हथियार लेकर नहीं जा सकता। इस मौके पर एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, एसडीएम नारनौल डॉ जितेंद्र सिंह तथा तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

दिशा-निर्देश

8 रजिस्टर में मतदाताओं का उचित लेखा-जोखा रखने के लिए जिम्मेदार होंगे जिनकी पहचान स्थापित हो चुकी है

मतदान केंद्र के अंदर, मतदान केंद्र की 100 मीटर परिधि के अंदर सेल फोन, स्मार्टवॉच, कोडलेस फोन, वायरलेस हेड आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। पीठासीन अधिकारी को अपना मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखने की अनुमति है तथा यदि वह मतदान केन्द्र पर तैनात है तो सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी अपना मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रख सकता है।

ये है मतदान अधिकारियों की ड्यूटी

प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता सूची की चिन्हित प्रति के प्रभारी होंगे तथा मतदाताओं की पहचान के लिए जिम्मेदार होंगे। द्वितीय मतदान अधिकारी अमिट स्याही के प्रभारी होंगे। वे मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही से निशान लगाएंगे। द्वितीय मतदान अधिकारी फॉर्म 17ए में मतदाता रजिस्टर के भी प्रभारी होंगे। वे उस रजिस्टर में उन मतदाताओं का उचित लेखा-जोखा रखने के लिए जिम्मेदार होंगे जिनकी पहचान स्थापित हो चुकी है तथा जो मतदान केंद्र पर मतदान करते हैं।

महिला का अपहरण कर छेड़छाड़ व मारपीट की, कार सवार तीन पर केस दर्ज

गन्नौर: जीटी रोड बड़ी के निकट स्थित काली माता के मंदिर से पूजा कर घर आ रही महिला का कार सवार तीन बदमाशों ने अपहरण कर दिया। बदमाशों ने महिला को जबरदस्ती कार में आंखो में पट्टी बांध कर उसे अज्ञात स्थान पर ले गए और उसके साथ मारपीट व छेड़छाड़ भी की। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अपहरण करने वाले एक बदमाश को पहचानती है और उसका मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया। थाना बड़ी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने बताया कि बृहस्पतिवार को वह काली माता मंदिर के पास पूजा करने के लिए गई थी। घर वापस आते समय एक कार आकर उसके पास रुकी। कार से तीन युवक उतरे व उसको जबरदस्ती कार में खींच लिया। व उसे कहीं दूर व अज्ञात स्थान पर ले गए। आरोपितों ने आंखों पर काली पट्टी बांध दी थी। जब अपने बचाव का प्रयास किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट करने साथ अभद्र हरकतें की। आंखो पर पट्टी लगने की वजह से कुछ नहीं देख पाई। बदमाशों ने उसका मोबाइल भी ले लिया। महिला ने बताया कि अपहरण करने वालों में से एक बदमाश का मोबाइल नंबर उसको पता है। यदि वह सामने आया वह पहचान सकती है।

अपहरण, छेड़छाड़ व मारपीट का केस दर्ज

थाना बड़ी के एसआई रामनिवास ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि तीन युवकों ने काली माता मंदिर के पास से एक महिला का अपहरण किया है। सूचना मिलते ही वह पुलिस की टीम के साथ काली माता मन्दिर गांव बडी जीटी रोड पर पहुंचे। पुलिस को सनपेड़ा के पास महिला व उसका पति मिले।

अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन ने गन्नौर अनाज मंडी में गेहूं खरीद का लिया जायजा

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर: प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने शुक्रवार को गन्नौर अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद का जायजा लिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन ने मंडी का निरीक्षण करते हुए गेहूं की आवक, लिफ्टिंग का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गन्नौर अनाज मंडी, पुगथला खरीद केंद्र, सनपेड़ा खरीद केंद्र, दातौली खरीद केंद्र व पुरखास खरीद केंद्र में 25 अप्रैल तक 6 लाख 73 हजार 84 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है। जबकि 6 लाख 60 हजार 585 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। मंडियों में 12 हजार 499 क्विंटल गेहूं पड़ा है।

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

टीम एक्शन इंडिया

संजय शर्मा: नारनौल। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महेंद्रगढ़ पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निदेर्शानुसार कल वीरवार की शाम को लोकसभा चुनाव को देखते हुए नांगल चौधरी एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व अर्द्धसैनिक बलों ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जिला महेंद्रगढ़ में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीरवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ मिलकर नांगल चौधरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस द्वारा बूथों को चेक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है और इस दौरान मिली खामियों को दूर कराने के लिए संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना नांगल चौधरी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च नांगल चौधरी, जैनपुर, बिहारीपुर, आंतरी और कमानियां गांव के विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

'सहकारी कर्जों पर ब्याज लागू किए जाने की मंशा को नहीं होने देंगे सफल'

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से सहकारी कर्जो पर पुनः ब्याज लागू किए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में करनाल स्थित सहकारी बैंक परिसर में किसानों ने एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इससे पूर्व स्थानीय अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में किसान पंचायत का आयोजन किया। किसान पंचायत को वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सांगवान, किसान नेता राम दुरेजा, इंद्री ब्लॉक अध्यक्ष दिलावर सिंह डबकोली, किसान नेता विनोद राणा ने संबोधित किया। किसान भवन से माल रोड स्थित सहकारी बैंक तक किसानों प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अगुवाई में बैंक महाप्रबंधक शीतल से भेंट करके पूरे मामले को लेकर चर्चा की, लेकिन चर्चा सकारात्मक न होने के कारण भाकियू असहमत नजर आए। किसानों ने कहा कि सरकार नए-नए कानून लागू करके किसानों पर अन्याय कर रही है, लेकिन किसान किसी भी कीमत पर इसे सहन नहीं करेगें। रतन मान ने कहा कि सरकार किसानों द्वारा पैक्सों के माध्यम से लिए गए कर्जों पर 7 प्रतिशत की दर से सालाना ब्याज थोपने का प्रयास कर रही है। पूर्व में प्रदेश में शासित कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने किसानों की मांग पर जीरो प्रतिशत की दर पर कर्ज देने की योजना लागू की गई थी। अब मौजूदा सरकार इस योजना को खत्म करने की चाल चल रही है। मान ने कहा कि किसानों से अनावश्यक तौर पर कई तरह के कागजात मांगे जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी किसान भाई अभी किसी बैंक अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर किसी प्रकार के अपने दस्तावेज न दें। इस अवसर पर किसान नेता बाबू राम डाबरथला, जोगिन्द्र सांगवान, देविन्द्र सांगवान, रणबीर कतलाहड़ी, रमेश बड़सत, सतपाल, राजा राम मान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

28 को जींद जाट धर्मशाला में एसकेएम की होगी अहम बैठक

भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने बताया कि आने वाली 28 अप्रैल को जींद की जाट धर्मशाला में संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया जाएगा और प्रदेश स्तर पर आंदोलन चलाने की रणनीति भी बनाई जाएगी।

जिलाभर की सभी पैक्सों पर की जाएगी किसान पंचायत

जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले करनाल जिला की 39 पैक्सों के सामने किसान पंचायतों का आयोजन किया जाएगा। ब्याज लागू किए जाने के मामले को किसानों के समक्ष उठाकर उन्हें लामबंद किया जाएगा।

सचांलक पर राशन वितरण में गड़बड़ी के आरोप में शिकायत देने पहुंचे ग्रामीण

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर: गांव राजलू के डिपों संचालक पर राशन वितरण में गड़बड़ी के आरोप में ग्रामीण खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कार्यालय में पहुंचे और राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। शिकायत में ग्रामीण पूनम, निर्मला, मुकेश, राजो, कृष्णा, अशोक, खुशी आदि अन्य ने बताया कि उनके गांव का डिपों संचालक राशन वितरण में अपनी मनमानी करता है। जब राशन लेने जाते है तो वह अगले महीने राशन मिलने की बात कहकर वापिस भेज देता है। अपनी जान- पहचान के लोगों को राशन देने के बाद बोलता है कि अभी तुम्हारा राशन पीछे से ही नही आया है। आरोप है कि मशीन में अंगूठा गेहूं वितरण का लगवाकर और तेल को खुद ही जब्त कर जाता है। गावं में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिनके साथ वह सब हुआ है। राजलू के लोगों को भोगीपूर गांव में राशन देता है।

संपादकीय

घोषणापत्र पर राजनीति

लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं । प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, ह्लकांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन -जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं।

दर्शन से होता है संकटों का नाश ऐसा है संकटमोचन मन्दिर

राजीव नन्दन मिश्र

> फिर क्या था तुलसीदास जी प्रसन्न हृदय से दिव्य शक्ति के बताये बातों के अनुसार हनुमानजी से मिलने निकल पड़े। मन्दिर पहुँचने पर उन्होंने भक्तों की भीड़ देखी। इस भीड़ में कुष्ठ रोगी को खोज पाना मुश्किल प्रतीत हो रहा था परंतु बड़ी देर की खोज के उपरान्त तुलसीदास जी उस रोगी के पास पहुँच गये। हनुमान जी उस भीड़ में रोगी वेश में सबसे आखिरी में बैठे थे। तुलसीदासजी जैसे ही उनके पास गये वह कुष्ठ रोगी वहाँ से चले गये। परंतु तुलसीदासजी भी अब कहा रुकने वाले थे आगे-आगे वह रोगी पीछे-पीछे तुलसीदासजी चल पड़े। ऐसे ही पीछा करते वो आनन्द-कानन वन चले गये। यहाँ तुलसीदास जी ने दौड़कर उस रोगी का पैर पकड़ लिया। तुलसीदासजी बोले- हे प्रभु! मुझे ज्ञात है कि आप ही वीर हनुमान हैं। आप ही भक्तों के कष्ट मिटाने वाले है। श्रीराम की सेवा में रत रहने वाले कष्टभंजन करुणानिधान हे

भगवान शिव के एकादशवे अवतार श्रीहनुमानजी महाराज हैं। भक्तगण बजरंगबली, अंजनी पुत्र, मारूतीनंदन सहित कई नामों से इनका पूजन करते है। हनुमानजी वानरों के राजा केसरीजी के सुपुत्र है। हनुमान जी की माता देवी अंजना है। बाल्यकाल से ही हनुमानजी धर्म के रक्षक एवं अधर्म के नाशक रहे हैं। इन्हें चारों युगों में रहने का वरदान प्राप्त है। अमरत्व पाने वाले सात मनीषियों में हनुमानजी का भी नाम है। रामायण में बजरंगबली श्रीराम के अनन्य भक्त के रूप में है। प्रभु श्रीराम एवं रावणयुद्ध में हनु?मान की भूमिका अग्रगण्य है। हनुमानजी की भक्ति का ही प्रताप है कि उनके हृदय में श्रीराम एवं माता सीता सदैव विराजती है। प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान शिव है एवं भगवान शिव के आराध्य प्रभु श्री राम है। हनु?मानजी एक तरफ स्वयं रुद्र के अवतार तो एक तरफ प्रभु राम के अनन्य सेवक है। हनुमानजी का सामना न कोई देवता न कोई राक्षस, न पशु न पक्षी, न यक्ष न गन्धर्व न किन्नर न मनुष्य अर्थात उनका सामना कोई नहीं कर सकता है। उनका तेज अतुलित एवं अतुल्य है। बल, बुद्धि, विद्या के वह साक्षात करुणानिधान है। वे समस्त सिद्धि व निधि के प्रदाता है। इस कलि काल में जहाँ भी श्रीरामकथा, राम-नाम का भजन होता है भगवान हनुमान वहाँ किसी न किसी रूप में विद्यमान अवश्य रहते है।

भारतवर्ष में भगवान हनुमान के कई मन्दिर है। विदेशों में भी इनके मंदिर है। इनकी पूजा-अर्चना बड़े ही भक्ति-भाव से होती है। किसी मन्दिर में इनका बालस्वरूप तो कही रामसेवा में रत मूर्तियां स्थापित है। कही पर्वत उठाये तो कही कन्धे पर राम-लक्ष्मण बिठाये मूर्तियाँ स्थापित है। कहने का तात्पर्य है बाल्यकाल से लेकर अलग-अलग स्वरूपों की पूजा भक्त श्रद्धा व विश्वास से करते हैं। इन्हीं मन्दिरों में से एक बहुत प्रसिद्ध मंदिर है- संकटमोचन मन्दिर। संकटमोचमन से तात्पर्य है - संकट का मोचन करने वाले अर्थात संकट का विनाश करने वाले। संकटमोचन मन्दिर उत्तरप्रदेश के वाराणसी शहर में स्थित है। जो भी श्रद्धा भक्ति से यहाँ दर्शन प्राप्त करता है, हनुमानजी शीघ्र ही उनके सारे संकट का नाश कर सुख, शान्ति प्रदान करते हैं। जिस कामना से भक्त दरबार में आते वो यहाँ प्राप्त करते हैं। संकटमोचन मन्दिर पहुँचने के लिए रेल मार्ग से वाराणसी रेलवे स्टेशन (वाराणसी कैन्ट) से पहुँचे। यहाँ से 24 घंटे मन्दिर के लिए टैक्सी, कैब आदि वाहन मिलते है। हवाई जहाज से आने के

लिये बाबतपुर रेलवे स्टेशन उतरकर यहाँ मन्दिर के लिए टैक्सी, ऑटो, कैब से आया जा सकता है। वही बस स्टैंड से भी यहाँ पहुँचना सुगम है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, लंका से भी यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता हैं। इसके अलावा शहर के किसी भी रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड या किसी क्षेत्र से यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता है।

इस मन्दिर का इतिहास जानने के लिए हमें तुलसीदास?जी पर ध्यान आकृष्ट करना होगा। तुलसीदासजी ने श्रीरामचरितमानस को अवधि भाषा में लिखा। मान्यतानुसार वर्त?मान मन्दिर वाले स्थान पर ही तुलसीदास को हनुमानजी के दर्शन प्राप्त हुए थे। हनुमत कृपा से ही रामचरितमानस महाकाव्य की रचना तुलसीदासजी कर पाये। प्रचलित कथानुसार तुलसीदासजी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के प्रवास पर थे। जिस क्षेत्र को आज अस्सी के नाम से जाना जाता है, वहाँ पहले सघन वन था और उसका नाम आनन्द-कानन वन था। उसी क्षेत्र में तुलिसदासजी रहने लगे थे। वो यहाँ प्रतिदिन गंगा स्नान के पश्चात अनायास ही एक सूखे बबूल के पेड़ की जड़ में एक लोटा जल डाल दिया करते थे। ऐसा नियमित होने से वह पेड़ धीरे-धीरे हरा होने लगा। प्रतिदिन की तरह जब एक दिन वे पेड़ के जड़ में जल डाले तभी उसमें से एक दिव्य शक्ति प्रकट हुई कुछ लोग उसे यक्ष तो कोई प्रेत कहता है।

उसने तुलसीदास जी से पूछा - क्या आप प्रभु श्रीराम से मिलना चाहेंगे ?

यह बात सुन तुलसीदासजी जी सोच में पड़ गये। वे कुछ उत्तर देते तब तक पुनः आवाज आयी- मैं आपको उनसे मिला सकता हूँ आपको राम से मिलने से पहले उनके प्रिय भक्त हनुमान से मिलना पड़ेगा। हनुमानजी आपको राम से मिला सकते है। इसके बाद उसी शक्ति ने तुलसीदास को बताया कि आप गंगा तट पर जाइये। उसी तट पर काशी के कर्णघंटा में राम का मंदिर है।जैसे ही आप राम मंदिर जायेंगे पास में ही एक कुष्ठ रोगी बैठा हुआ दिखेगा, वो कोई और नहीं वीर हनुमान जी ही है जो वेश बदलकर प्रभु राम के भक्ति में लीन है।

फिर क्या था तुलसीदास जी प्रसन्न हृदय से दिव्य शक्ति के बताये बातों के अनुसार हनुमानजी से मिलने निकल पड़े। मन्दिर पहुँचने पर उन्होंने भक्तों की भीड़ देखी। इस भीड़ में कुष्ठ रोगी को खोज पाना मुश्किल प्रतीत हो रहा था परंतु बड़ी देर की खोज के उपरान्त तुलसीदास जी उस रोगी के पास पहुँच गये। हनुमान जी उस भीड़ में रोगी वेश में सबसे आखिरी में बैठे थे। तुलसीदासजी जैसे ही उनके पास गये वह कुष्ठ रोगी वहाँ से चले गये। परंतु तुलसीदासजी भी अब कहा रुकने वाले थे आगे-आगे वह रोगी पीछे-पीछे तुलसीदासजी चल पड़े। ऐसे ही पीछा करते वो आनन्द-कानन वन चले गये। यहाँ तुलसीदास जी ने दौड़कर उस रोगी का पैर पकड़ लिया। तुलसीदासजी बोले- हे प्रभु! मुझे ज्ञात है कि आप ही वीर हनुमान हैं। आप ही भक्तों के कष्ट मिटाने वाले है। श्रीराम की सेवा में रत रहने वाले कष्टभंजन करुणानिधान हे प्रभु मुझ दिन पर कृपा कर दर्शन दीजिये। बार-बार किये अनुरोध से प्रसन्न होकर अंततः हनुमान जी ने तुलसीदास जी को दर्शन दिए। तुलसीदास जी ने जगत कल्याण की इच्छा हेतु हनुमानजी से प्रार्थना किये। हे करुणानिधान ! संसार के लोग संकटों से घिरे है। आप जैसा कौन है जो इस संसार के लोगों को संकटों से बचा सकता है। हनुमानजी कृपा कर आप यहाँ रह जाइये। इस प्रकार के बारम्बार अनुरोध के पश्चात हनुमानजी उनकी बात मान गये और वे उस क्षेत्र में मिट्टी का रूप धारण कर स्थापित हो गए। इसी के बाद रामचरित मानस की रचना बाबा तुलसीदास ने की। जब-जब तुलसीदास जी को कोई समस्या हुई या कोई संकट आया उन्होंने हनुमानजी से विनती की और सारे संकट नाश हो गये। इसी कारण इस मंदिर में विराजे हनुमान जी का नाम संकटमोचन पड़ा। इसके बाद तुलसीदासजी ने संकट मोचन हनुमान मंदिर का निर्माण कराया। बताया जाता है कि संवत 1631 और 1680 के बीच यह मंदिर बना था।

वर्तमान दृश्य होने वाले मन्दिर का निर्माण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय ने सन 1900 के आस-पास करायी।

यह मंदिर लगभग 35,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। विशाल मंदिर में संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन होते है। वे दाएं हाथ से भक्तों को अभयदान दे रहे हैं वही उनका बायाँ हाथ उनके हृदय पर स्थित है। हनुमान जी की मूर्ति के ठीक ऊपर प्रथम पूज्य श्रीगणेश भगवान की मूर्ति स्थापित है। मूर्ति के दाहिने तरफ एक छोटा सा शिवलिंग भी स्थापित है।

संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति के ठीक सामने एक मंदिर है जिसमें प्रभु श्री राम, लक्ष्मण एवं माता सीता विराजमान है। वही परिसर में एक कुंआ भी है जो तुलिसदासजी के समय का ही है। यहाँ आनेवाले श्रद्धालु इस कुएं का मीठा जल पीते है। आज वर्तमान संकट मोचन मंदिर के परिसर में जो पीपल का विशाल वृक्ष है, मान्यतानुसार उसी के नीचे बैठकर तुलसीदासजी ने रामचरितमानस का एक बड़ा हिस्सा लिखा है। मंदिर के ठीक पीछे हवन कुंड है जहां श्रद्धालु हवन इत्यादि कार्यक्रम करते हैं।

वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय ने सन् 1900 में कराई, जिन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना भी की है।

मंदिर प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में खुलता है। प्रातः चार बजे मंदिर खुलने के पश्चात ही श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य एवं दिव्य आरती होती है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भगवान के विश्राम के लिए मन्दिर का कपाट बन्द किया जाता है।

कविता

न्यायिक चरित्र

सीधे साधे लोगों के बीच
सबसे पहले आया एक परदेशिया,
कुटिल चालें चलकर
सम्पूर्ण सत्ता पर जबरन कब्जा किया,
सत्ता हथियाने से पहले
वे करते थे व्यापार,
भोली भाली जनता जो
जानते समझते थे केवल सदाचार,
जो उनकी बातें कर लेते थे स्वीकार,
धीरे धीरे प्रजा मुग्ध होने लगी,
उनके विचारों पर खोने लगी,
मौका देख परदेशिया ने सत्ता हथियाया,
लोगों को अपना गुलाम बनाया,
अब लोग तंग आने लगे,
उनके नियमों से छटपटाने लगे,
कालांतर में दूसरा परदेशिया आया,
मौका देख उसने भी सत्ता हथियाया,
पहला लोगों को छलते थे,
दूसरा सख्तिपूर्वक न्याय पर चलते थे,
अपनी जरूरतों के लिए दूसरे ने
अपनी शिक्षा व्यवस्था लाया,
सबको समान रूप से पढ़ाया,
सोये सीधे लोगों को जगाया,
पहले पर न्यायिक चरित्र
न होने का आरोप लगाया,
दूसरे के वापस जाते ही
पहले का किस्मत जाग गया,
दूसरे के अंदर से
अंदर से तुरंत न्यायिक चरित्र भाग गया।

राजेन्द्र लाहिरी

केंचुआ किल्लोल के निहितार्थ

आप अन्यथा न लें जब तक लोकतंत्र के साथ मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सात फेरे पूरे नहीं हो जाते मुझे विवश होकर सियासत के आसपास ही रहना पड़ रहा है। लोकतंत्र के साथ पहली भांवर के बाद से ही राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी थी । आज लोकतंत्र की दूसरी भांवर है और इसके पहले केंचुआ यानि केंद्रीय चुनाव आयोग ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को नोटिस देकर ऐसी किल्लोल की है की आनंद आ गया। केंचुए ने कोशिश की है कि दुनिया और देश उसे पोपला,नख-दन्त विहीन न समझे,केंचुआ न माने। केंचुआ किल्लोल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में माननीय प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के भाषण को लेकर भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल तक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से जवाब मांगा है। यानि केंचुआ ने इन दोनों के साथ वो व्यवहार नहीं किया जो कांग्रेस नेता सुरजेवाला के साथ किया था। दोनों दल आराम से दूसरे चरण के मतदान से फुरसत होकर तीसरे चरण के लिए भी चार दिन और बकलोल करने के लिए आजाद हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। तब तक केंचुआ प्रधानमंत्री जी और बकौल प्रधानमंत्री कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी के खिलाफ लत्तालपेड़ी कर लेगा। चुनाव आयोग की हिम्मत नहीं कि वो प्रधानमंत्री जी को दो-चार दिन के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक ले । चुनाव आयोग के पास प्र्धानमंत्री जी के हिन्दू-मुसलमान वाले बयान को गैरकानूनी साबित करने के लिए कलेजा है ही नहीं। केंचुआ केवल और केवल पिपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए अपने कथित अधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है ,जो वो करेगा। कांग्रेस को फिर नहीं बख्शा जाएगा और प्रधानमंत्री जी को भी केवल एक फर्जी एडवायजरी जारी की जाए सकती है। अठारहवीं लोकसभा के लिए जो चुनाव हो रहे हैं वे एक विचित्र वातावरण में हो रहे हैं। इन चुनावों में न 1971 के चुनाव की तरह गरीबी हटाओ का मुद्दा है और न 1977 के आम चुनाव की तरह इंदिरा हटाओ का मुददा । और तो और 2014 के आम चुनाव की तरह 'अच्छे दिन ' भी कोई चुनावी मुद्दा नहीं है।2024 के चुनाव में मुद्दा रोज बदल जाता है। भाजपा अपने चुनावी घोषणापत्र से हटकर बातें कर रही है। महाबली भाजपा के विश्वगुरु नेता जनता को लुभाने के बजाय डराने में लगे हैं। भाजपा की उपलब्धियां मतदाताओं को लुभाने के लिए कम पड़ रहीं हैं। मजबूर भाजपा नेताओं को कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस आयी तो आपका मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा, पुश्तैनी सम्पत्ति सरकार जब्त कर लेगी या उसके ऊपर विरासत कर लगा देगी। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के लिए उतावली भाजपा और उसके नेताओं की सिट्टी-पिट्टी गुम है।

विचार

धूप से आँखों की दुरी भली: शहनाज हुसैन

धूप में मौज.मस्ती हर किसी को पसंद होती है। गर्मी के मौसम में घर से बाहर निकलते ही गर्म हवाएं और धूल मिट्टी का चेहरे पर अटैक होने लगता है। तेज गर्म हवाएं और धूल मिटटी का सीधा असर हमारी आंखों पर पड़ता है। इस मौसम में तेज धूप के कारण आंखों में जलन, ड्राइनेस, आंखों में खुजली और आंखों से पानी आने की समस्या बढ़ जाती है जिसे आँखों का सनबर्न भी कहते हैं । सूरज की तेज रोशनी और अल्ट्रावायलेट किरणें आंखों के हर हिस्से को प्रभावित करती हैं। इनका दुष्प्रभाव आंखों से जुड़े रोगों के ।

जोखिम को बढ़ा देता हैं। इसीलिए आंखों को धूप से सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है/

चुभती.जलती गर्मी से बचने के लिए सूती कपड़े, कोल्ड ड्रिंक्स और ताजे फल.सब्जियों का इस्तेमाल तो आपने शुरू कर दिया होगा। अब बारी आ चुकी है आंखों को इस चुभन और जलन से बचाने की।

इन सभी परेशानियों को घरेलू उपचार से आसानी से ठीक किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि गर्मी में आंखों की देखभाल कैसे करें।

1 --गुलाब जल -------- आंखों को ठंडक पहुंचाने के लिए और आंखों की समस्याओं को

दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल काफी लाभदायक माना जाता है। गुलाब जल में कॉटन डूबो लें अब इसे आंखों के आस.पास लगाएं। चाहें तो एक या दो बूंद आंखों में भी डाल सकते हैं। इससे आंखों में होने वाली जलन और खुजली शांत हो सकती है। आप रूई के दो टुकड़ें कर लें अब इनमें गुलाब जल की कुछ बूंदें डालें और फिर बंद आंखों के ऊपर लगाएं। ऐसा करने से आंखों की जलन कम होने लगेगी और आपको तुरंत राहत मिलेगी/

गुलाब जल आंखों को ठंडा रखता है/ आंखों की थकान को दूर करने के लिए भी गुलाब जल काफी कारगर माना जाता है।

गुलाब जल का इस्तेमाल आंखों को साफ रखने में किया जाता है। जिससे आंखों को ठंडक और राहत मिलती है /

2-- खीरा

गर्मियों के मौसम में आंखों की बचाव और थकान को दूर करने में खीरे का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद होता है। इसके लिए खीरा के पतले.पतले स्लाइस काट लें/ अब इसे आंखों पर कुछ देर के लिए रखें तथा कुछ देर बाद हटा लें। इससे आंखों के लाल होने की समस्या को कम कर सकते हैं/ खीरे के ट्कड़े काटकर अपनी आंखों पर 3 0 मिनट तक रखें / यह आंखों की जलन को दूर करके आंखों में ठंडक पहुंचाने का काम करता है/ खीरे में मौजूद कूलिंग प्रॉपर्टीज नसों में आई सूजन को ठीक करने में मदद करती है/ इस प्रक्रिया को सोने से पहले यह करना बेहतर रहता है/ खीरा आपकी आंखों के नीचे का कालापन दूर करने में भी मदद करता है इसलिए यह डार्क सर्कल्स के लिए भी लाभदायक है। बेहतर परिणाम पाने के लिए दिन भर में दो से तीन बार इस प्रक्रिया को दोहराएं/

आँखों को साफ रखें --------

गर्मियों के दिनों में आंखों को साफ रखने के लिए दिन में कम से कम 3--.4 बार ठंडे पानी से आंखों को छींटे मार कर धोना चाहिए। इससे आपकी आंखें कूड़े, धूल और गंदगी से साफ होंगी और थकान भी दूर होगी

जिसे आंखों को ठंडक मिलेगी। आंखों को ठंडे पानी से धोने से संक्रमण का खतरा भी कम होता है। तुलसी के 5 से 6 पत्तों को 2 गिलास पानी में उबालें। इसके बाद इन्हें छानकर पानी ठंडा होने पर आंखों को इससे साफ करें। एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने की बजह से तुलसी के पते संक्रमण की समस्या कम करने में मददगार होंगे ।। आंखों को साफ करने क लिए साफ रूमाल का इस्तेमाल करें। गर्मियों में आंखे लाल होती है और आंखों से पानी आता है तो आंखों की अच्छे से सफाई करें। आंखों को दिन में बार बाद ठंडे पानी से साफ करें ।

4 --दूध और शहद--------

शहद और दूध से भी आंखों की जलन / आंखों के लाल होने की समस्या को कम कर सकते हैं इसके लिए एक बड़ा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच दूध, कॉटन पैड्स लें/ शहद और दूध को अच्छी तरह से मिला लें।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

कम मतदान के सभी पहलुओं पर विचार की जरूरत

डॉ. आशीष वशिष्ठ

बीती 19 अप्रैल को देश की 102 लोकसभा सीटों के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ। 21 राज्यों में औसत 62 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मताधिकार का उपयोग किया। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। मतदान कम हुआ इसने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। बूथ मैनेजमेंट का कौशल जिन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के पास है उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाना था, जो जहां से जीते हैं उन्हें वहां से अपनी जीत के आंकड़े को बढ़ाना है, ये लक्ष्य भी दिया गया था, फिर क्या हुआ? सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला।

मतलब की दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार

कहते हैं किसी से काम लेना हो तो पहले उसका मूड देख लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया के मार्केट में केवल शेयर ही नहीं सूरतें भी लुढ़कते हैं। हमारे मित्र बदनसीबलाल का मूड़ आज बहुत अच्छा है। जैसे ही मैं उनके यहाँ गया मुझे नाश्ता-वाश्ता करवाया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोले - आज सुबह तुमने जंतर-मंतर की रैली वाली बात कर के मेरा दिल जीत लिया। आज मेरी सभी मुरादें पूरी होंगी। मैंने कहा अरे यार! तुम आदमी हो कि पैजामा? आज सूरज कहाँ से निकला है? मैं इससे पहले जब कभी रैलियों के बारे में कुछ कहता तुम भड़क जाते। भाषण देना शुरू कर देते कि यह रैली-वैली सब बेकार है। बड़े लोगों के टाइमपास करने का शगल और अपच को पचाने का बहाना है। और आज तुम्हीं रैलियों का नाम सुनकर विजयी स्वतंत्र उम्मीदवार की तरह नाच रहे हो। तबीयत तो ठीक है न? कहूँ तो डॉक्टर को बुला दूँ।

बदनसीबलाल अपनी उफान मारती खुशी से चहक उठे और कहने लगे झ तुम्हें क्या पता रैलियों का सुख। इसके लिए भोगी बनना पड़ता है। वह भी सताने वाले लोगों का।

रैली में अभिनेता या क्रिकेटर आते तो मैं नहीं जाता। आज जो आ रहे हैं उनसे मेरा गहरा नाता है। मेरी दुखती रग का वही इलाज हैं। वहाँ आने वालों को बखूबी पता है कि जंतर-मंतर कोई जलियांवाला बाग तो है नहीं कि उन्हें जनरल डायर भून देंगे। वे तो ऐसे हैं जनरल डायरों को अपनी बगल में दबाए घूमते हैं।

अच्छा हुआ जनरल डायर अब नहीं रहा, अगर वह होता तो आज उसका जलियाँवाला बाग हो जाता। जो भी हो आज मैं इस रैली में उन लोगों से मिलूँगा जिनसे मुझे मिलने की एक अरसे से इच्छा थी। पता भी है यहाँ जनहित के बारे में बात करने वाले कैसे-कैसे लोग आते हैं? "

"जानते भी हो वहाँ कौन-कौन आते हैं"

"क्या नयी बात है ? स्वाभाविक है। तू तो हर शादी में फोटो खिंचाने को आगे-आगे भागता है। बेटा, भ्रष्टाचार के विरोध में अगर सारे भ्रष्टाचारी फटाफट जाकर तख्त पर आगे-आगे बैठ जाते हैं तो यह भी उनके भ्रष्टाचार का ही विस्तार है। "ऐसी-तैसी करा। वैसे करना क्या है आज तुझे ?"

न्यूज फ्लैश

जेईई (मेन) में एईएसएल रोहतक के 25 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 98 व उससे अधिक परसेंटाइल

रोहतक। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने रोहतक से अपने 25 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है।

उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में अर्पित ने 99.87 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 2160 हासिल की है। इसी क्रम में निखिल लोहान ने 99.80 परसेंटाइल, रूपेश फोगाट ने 99.74, धीरज ने 99.66 परसेंटाइल हासिल किए हैं। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।

जेईई (मेन) 2024 में आकाश पानीपत के 10 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 99 व उससे अधिक परसेंटाइल

पानीपत। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने पानीपत से अपने 10 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में विचित्र अरोड़ा ने 99.68 परसेंटाइल, कृष ने 99.58, शिवम सैनी ने 99.39, तनिष्क मित्तल ने 99.37 और हर्ष कंसल ने 99.33 परसेंटाइल हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है।

ड्यूरोप्लाई ने नये साल पर शुभारंभ वेलकम किट से अपने डीलरों का स्वागत किया

नई दिल्ली । भारत की सबसे अनुभवी और प्रमुख प्लाईवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाई ने नये साल में अच्छी शुरूआत और तरक्की के प्रतीक ह्यशुभारंभ वेलकम किट के साथ अपने डीलरों का स्वागत किया है। ड्यूरोप्लाई ने देश के 1,050 से ज्यादा प्रतिष्ठित डीलरों का सम्मान शुभारंभ किट और डीलर सर्टिफिकेट्स से किया है। शुभारंभ किट में पवित्र राम मंदिर की प्रतिकृति, रामचरित मानस और चरण पादुका थी। ड्यूरोप्लाई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिलेश चितलांगिया ने कहा, भगवान राम का जीवन सत्यनिष्ठा, कर्मठता और समानुभूति जैसे मूल्यों का उदाहरण देता है। उसी तरह ड्यूरोप्लाई में हम भी भगवान राम की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हैं और अपने प्रिय ग्राहकों को प्रीमियम प्लाईवुड देने का प्रयास करते हैं। अपनी उत्पादन प्रक्रिया में हम सत्यनिष्ठा को अपनाते हैं और कर्मचारियों, ग्राहकों तथा पर्यावरण के लिये समानुभूति दिखाते हैं। हमारे प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, डोर और लैमिनेट्स की श्रृंखला में मजबूती है, जो सुनिश्चित करती है कि हमारे प्रिय ग्राहकों के घरों की आंतरिक-सज्जा पीढ़ियों तक चलती रहे। उन्होंने आगे कहा, ड्यूरोप्लाई में हम हर दिन भगवान राम के कालजयी गुणों और धर्म के मार्ग पर चलने के लिये प्रतिबद्ध रहने का प्रयास करते हैं। इसीलिए हमने शुभारंभ किट की सामग्री को भगवान राम की शिक्षाओं और जीवन यात्रा के लिये अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के तौर पर चुना है।

865 बूथों पर अधिकारियों की मूलभूत सुविधाओं का रखा जायेगा विशेष ध्यान

टीम एक्शन इंडिया

पानीपतः लोकसभा 2024 के आम चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से करने को लेकर जिला में जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। शुक्रवार को जीटी रोड स्थित आर्य.पी.जी. कालेज के सभागार में सवेरे व सांय काल में दो चरणों में चुनाव पायलट को लेकर अंतिम दिन की रिहर्सल का आयोजन किया गया व अधिकारियों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। पायलट रिहर्सल में कुछ जरूरी जिम्मेदारियां भी पोलिंग अधिकारियों को सौंपी गई। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने रिहर्सल में पहुंचे पीओ व एपीओ को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारी डयूटी को बोझ ना समझे। इसे उत्सव की तरह मनाएं। दिल से कार्य करने वालों को कभी असफलता का सामना नहीं करना पड़ता। इस बात की बांध गांठ बांध ले कि दोबारा किसी भी बूथ पर पोल की नोबत ना आये। 865 बूथों पर चुनाव में अधिकारियों को मूल भूत सुविधाएं दी जायेंगी। लाने व ले जाने के लिए अच्छी बसों की व्यवस्था की जायेगी। अच्छे खाने व शौचालय की व्यवस्था की जायेगी। वे स्वयं जाकर इनका निरीक्षण करेंगे। उनकी हर प्रकार से हिफाजत करना हमारा प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को एक सैनिक की तरह अपनी डयूटी का निर्वहन करना है व विकल्प के हिसाब से मतदान भी करना है और लोगों को जागरूक भी करना है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी अपरिहार्य स्थिति मे अधिकारियों द्वारा मैसेज भेजने पर 5 मिनट में फोन पर जवाब दिया जाएगा और उन्हें प्रशासन द्वारा मदद दी जायेगी। उपायुक्त ने सभी को अपना मोबाईल नंबर भी सांझा किया व चुनाव को लेकर सुझाव भी मांगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती को लेकर सभी कार्य छोडक हमने चुनाव में अपनी डयूटी को निभाना है। चुनाव में जिनकी डयूटी लगाई गई है वे डयूटी को जिम्मेदारी से निवर्हन करें। प्रशिक्षण को सही तरीके से करें ताकि चुनाव में किसी भी प्रकार की परेशानी ना उठानी पड़े। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने को लेकर पूरी मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहें। पोलिंग पार्टी को समय पर बूथों पर पहुंच कर अपनी जिम्मेदारी को निभाना है।

आर्ट ऑफ लिविंग ने जेल में कैदियों को सिखाई सुदर्शन क्रिया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। आर्ट ऑफ लिविंग करनाल चैप्टर के शिक्षकों द्वारा जिला जेल में प्रिजन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। जिला जेल के अधीक्षक अमित भादू, उप अधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज, उप अधीक्षक परमजीत ने कैदियों के लिए इस कैंप के लिए परमिशन दी, जिसके लिए आर्ट आफ लिविंग के सभी सदस्यों ने उनका आभार प्रकट किया कि उन्हें ये सेवा करने का मौका मिला। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा पिछले सात दिनों से जिला जेल में 108 कैदियों के लिए जेल में सुदर्शन क्रिया सिखाई गयी। इन सातों दिनों में कैदियों को ध्यान करना, भजन सिखाए एवं योगा करवाया गया। सभी कैदियों द्वारा इन सातों दिनों में काफी सुधार देखने को मिला, जिसमें उन्होंने बताया कि इससे उनकी दिनचर्या में काफी अच्छा महसूस किया एवं तनाव से भी दूरी मिली। सभी कैदियों का अनुभव उत्साहजनक एवं आनंददायक रहा। इस कैंप में आर्ट ऑफ लिविंग से नीलम अरोड़ा, सीमा दुआ, वरुण गुप्ता, विभोर गर्ग, तान्या अरोड़ा, राकेश हंस, मुकेश बत्रा एवं सुनीता कुकरेजा ने अपनी सेवाएं दी।

इंजीनियर के गले से सोने की चेन झपटी

सोनीपत : सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 में बाइक सवार दो झपटमार कनाडा से रिश्तेदार के पास आए इंजीनियर के गले से सोने की चेन झपट कर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस टीम झपटमारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सेक्टर-12 निवासी आशुतोष जोशी ने बताया कि वह कनाडा में इंजीनियर है। वह फिलहाल सेक्टर-12 में आए थे। वह 24 अप्रैल की शाम करीब सवा पांच बजे अपने रिश्तेदार के घर से सर्विस रोड पर जा रहे थे। जब वह घर के पास पहुंचे तो इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आज असंध हलके के गांव चोचड़ा, राहड़ा, बल्ला और बाल राजपूतान के सरकारी स्कूलों में बनाये गये मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिये। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिये और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास कोई असलाह वगैरह है तो उसे फौरन पुलिस के पास जमा करा देना चाहिए। उत्तम सिंह ने चुनाव के दौरान गांवों में भाईचारा बनाये रखने की भी अपील की। साथ ही कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब आदि बेचने अथवा अन्य गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा हो तो फौरन उसकी सूचना पुलिस को दें। यदि किसी पात्र व्यक्ति ने अभी तक वोट नहीं बनवाई है तो वह 6 मई तक निर्धारित फार्म भरकर बनवा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिये वचनबद्ध है। जिला प्रशासन की ओर से गांव चोचड़ा में 6, राहड़ा में 8, बल्ला में 11 और बाल राजपूतान में 6 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें बिजली-पानी, फर्नीचर, प्रवेश व निकास द्वार जैसी मूलभूत सुविधाओं को जांचा। उन्होंने बताया कि सोमवार से लोकसभा और करनाल विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। उम्मीदवारों को नामांकन के लिये कोई परेशानी न हो, इसके लिये भी प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस मौके पर असंध के एसडीएम वीरेंद्र ढुल, डीएसपी परमजीत, तहसीलदार प्रियंका, नायब तहसीलदार स्नेहा, बीडीपीओ मोनिका, प्रशांत कुमार, बीईओ बलजीत सिंह, एसएचओ गौरव पूनिया आदि मौजूद रहे।

प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीतः रेनू

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल सहित प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास और सुशासन से भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सब भाजपा प्रत्याशी को अपना वोट और आशीर्वाद देकर ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं। भारत की जनता अब समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों के कल्याण के लिए मुफ्त खाद्यान्न योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवल गैस कनेक्शन, पीएम आवास जैसी कई योजनाएं चला रहे हैं।

माँ भारती रक्तवाहिनी ने पीएम श्री स्कूल में किया कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया

माँ भारती रक्तवाहिनी ने पी एम श्री सरकारी सिनियर सेकेंडरी स्कूल अकबरपुर बरोठा में राष्ट्रीय ध्वज व रक्तदान जागरूकता का बच्चों को दिया सन्देश । संस्था अध्यक्ष विपिन कुमार गोड़ ने कहा कि रविवार 28 अप्रैल को गाँव बढमलिक के सरकारी स्कूल में भारतीय सेना के लिए एक बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन होगा जिसके लिए उन्होंने बच्चों को कहा कि अपने माता पिता तक हमारा सन्देश पहुँचाना जिसके लिए बच्चों में उत्साह भी नजर आया । संस्था सचिव प्रेम गौतम ने राष्ट्रीय ध्वज को लेकर बच्चों को बताया कि हमे तिरंगा लगा कर भूलना नही है हमे देखना चाहिए कि हमारा प्यारा तिरँगा मैला या फटा तो नही है कहि उसके धागे तो नही निकल आये । अगर ऐसा है तो उसे तुरंत सम्मान सहित उसे उतार कर अपने स्कूल के कार्यालय में जमा करवाये जहां से तिरँगा सम्मान संकल्प की हमारी टीम उसे नगर निगम में जमा करवाएगी । ऐसा जागरूकता सन्देश बच्चों को देने के लिए स्टेट अवार्डी प्राचार्य भारती ने संस्था के सदस्यों का आभार किया और कहा वास्तव में बहुत अच्छी जानकारी संस्था द्वारा दी जा रही है जिसके लिए संस्था बधाई की पात्र है । उन्होंने भी बच्चों से अपील की है जो भी खण्डित ध्वज आप को दिखे उसे विनम्रता पूर्वक उतरवाए ओर स्कूल में जमा करवाये यह हमारे देश की आन बान शान का प्रतीक है । इस अवसर पर संस्था की तरफ से राजेश सोलंकी ,सुमेर सरोहा , राहुल राणा , बिजेन्दर सरोहा शामिल रहे । पी एम श्री सरकारी सिनियर सेकेंडरी स्कूल अकबरपुर बरोठा प्राचार्य भारती , अध्यापक सुनील ,मनोज ,परमिंदर ,कामिनी,प्रीति , विनय , राजेश , योगिता ,संगीता ,मुकेश कुमार शर्मा, नीरज ,पवन, जयभगवान व अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।

यातायात नियमों को लेकर स्कूलों में में चलाया जागरूकता अभियान

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपतः यातायात थाना मुरथल प्रबंधक निरीक्षक जगदीश प्रसाद की टीम ने रुक्मणी देवी स्कूल, मुरथल व सोफिया कान्वेंट स्कूल में स्टाफ एवं छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। पुलिस उपायुक्त यातायात के कुशल-मार्गदर्शन मे जिला यातायात पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के विडियो दिखा कर इस तरह के जागरूकता अभियान चला रही है। जागरूकता अभियान के दौरान यातायात पुलिस की टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को 18 वर्ष से कम की आयु में मोटरसाइकिल, स्कूटी इत्यादि वहन सार्वजनिक स्थान पर नही चलानें चाहिए व माता पिता भी इन्हें अल्प आयु में वाहन चलाने के लिए ना दें, बच्चो व दूसरे वाहन चलाने वालों को खतरा रहता है। ड्राइविंग सीखते समय अपनी कार के पीछे एल का निशान जरुर लगवायें। वाहन का प्रयोग करते समय दो पहिया वाहन पर हेल्मेट और चार पहिया वाहन पर सीट बैल्ट का प्रयोग जरुर करें। क्योकि यह दो सुरक्षा कवच वाहन चलाते समय किसी प्रकार से असुविधा के कारण दुर्घटना हो जानें पर अपनी जिन्दगी को बचाते है। अधिकतर इन दोनो सुरक्षा कवच से जिन्दगी बच जाती है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनो को सुचारू रूप से आवगमन हेतू यह जरूरी है कि वे सभी यातायात नियमों का पालन करे। दुपहिया,ऑटो,कार गाड़ी,भारी वाहन अपनी निर्धारित लेन मे ही वाहन चलाए।

मलेरिया दिवस पर जागरूकता टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सोनीपतः विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर सिविल सर्जन डा. जयकिशोर ने एक जागरूकता टीम और वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य कर्मियों की यह रैली नागरिक अस्पताल से शुरू होकर चौक चौराहों और कालोनियों में लोगों को मलेरिया के प्रति जानकारी देगी। जागरूकता नारे लगाते हुए कर्मचारियों की यह रैली सभी क्षेत्रों में जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि मच्छरों को पनपने से रोके और पानी को जमा न होने दें। बीमार होते ही चिकित्सक के पास जाएं। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

टैक्सी चालक ने बुजुर्ग दंपती का 35 लाख से भरा बैग छिपाया

बेटे से मिलने सितंबर, 2023 में ऑस्ट्रेलिया गए थे दंपती

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपतः राई थाना क्षेत्र में टैक्सी चालक ने ऑस्ट्रेलिया जा रहे बुजर्ग दंपति का 35 लाख रुपये से भरा बैग छीपा दिया। दपंति ने मामले को लेकर फरवरी माह में वापिस आने पर चालक से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मामले को लेकर डीसीपी कार्यालय में शिकायत दी। उसके बाद राई थाना पुलिस ने चालक के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मैक्स हाइट जठेड़ी निवासी शकुंतला जैन ने बताया कि वह वर्ष 2017 से अपने पति के साथ रहती है। उसका बेटा आस्ट्रेलिया में रहता है। उसके साथ वीडियो के जरिए बातचीत होती रहती है। दोनों फ्लैट में अकेले ही रहते है। साथ ही उसका पति भी बीमार रहता है। उन्हें सामान व दवाइयां लाने के लिए बाहर जाना पड़ता है। जिसके चलते मुकेश उर्फ विराज सिंह ने अपनी वाहन टैक्सी को पंजीकरण करवाकर उनके पास बतौर चालक के तौर पर रहता है। वह उन्हें अपने बेटे की तरह मानते है। गत 19 सिंतबर 2023 को आस्ट्रेलियां के लिए फ्लाइट थी। उनके पास कुछ रकम थी। जिसके अपने बेटे को देने के लिए जायेगें। अपने जानकार के खातों में रुपये ट्रासंफर करवाकर उन्हें निकलवा लिया था। वह 17 सितंबर को पति के साथ मुकेश की गाड़ी में सामान लेकर एयरपोर्ट पर जाने लगे। रुपयों में कुल 35 लाख की राशि को कार में रख लिया। एयरपोर्ट पर विराज ने गाड़ी से बैग निकाले थे। उसने बाकि सभी बैगों को निकाल दिया, जबकि रुपयों वाला बैग नहीं निकाला। 19 सिंतबर को बेटे के पास आस्ट्रेलिया पहुंच गए। उसके बाद दो दिन बाद उनकी मैसेज से मुकेश के साथ बात हुई।उसने कहा कि जब वापिस आओगें वह आ जायेगा। उन्होंने रुपयें से भरे बैग की तलाश, लेकिन वह नहीं मिला। उसके बाद फरवरी 2024 में वापिस भारत आ गए। घर पहुंचने पर चालक के बारे में जानकारी ली, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उमेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

'भाजपा ने जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप चुनाव संकल्प पत्र तैयार किया'

टीम एक्शन इंडिया

पानीपतः भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पत्रकारों से संवाद कियो प्रेसवार्ता में करनाल लोकसभा के चुनाव सह संयोजक गजेन्द्र सलूजा भी मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे राजनितिक पार्टी है और भाजपा ने अपने 10 वर्ष के शासन में करवाए गए विकास कार्यों और जनता की आशाओं और आकाँक्षाओं के अनुरूप अपना चुनाव संकल्प पत्र तैयार किया है इस संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) में समाज के सभी वर्गों के विकास एवं कल्याण का ख्याल रखा गया है` घोषणा पत्र के 76 पन्ने हैं और देश भर से 15 लाख सुझाव भाजपा की घोषणा पत्र समिति को मिले थे जिनके आधार पर यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र के 4 स्तम्भ हैं जिनमें युवा कल्याण, महिला उत्थान, किसान और गरीब मजदूर का उत्थान शामिल है`उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारों में बिना किसी खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से लाखों युवाओं को नौकरी दी है और युवाओं की भर्ती का यह सिलसिला जारी रहेगा` विनिर्माण क्षेत्र में निवेश से रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध करवाए जाएँगे` पीएम किसान सम्मान निधि योजना भविष्य में भी जारी रहेगी और कृषि क्षेत्र में नए अनुसंधान किए जाएँगे और आधुनिक कृषि के लिए किसानों और अधिक्र जागरूक किया जाएगा। यही नहीं कम लागत की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएँगे उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के लिए 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की जाएगी और महिलाओं की खेलों में भी भागीदारी बढ़ाई जाएगी आम आदमी को सस्ती और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार किया जाएगो जिस प्रकार दिल्ली और मेरठ के बीच आरआरटीएस सेवा शुरू हुई है, उसी प्रकार अन्य प्रमुख शहरो में भी यह सुविधा दी जाएगी धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिस प्रकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया गया है, उसी प्रकार धार्मिक स्थलों का भी विकास किया जाएगो जिस प्रकार अयोध्या में करोड़ों श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं।

दावा

8 काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया गया है, उसी प्रकार धार्मिक स्थलों का भी विकास किया जाएगा

मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं को रखें शैड के नीचे, खुले में न रह कहीं भीः उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपतः जिला उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कहीं भी गेहूं को खुले में न रखें। गेहूं को शैड के नीचे रखना सुनिश्चित करें। यदि कहीं खुले में है तो तुरंत कट्टों में भरवाकर शैड के नीचे रखवायें, जिसके साथ ही मंडियों व खरीद केंद्रों से गेहूं के उठान को तीव्रता प्रदान करें। गेहूं की आवक, खरीद व उठान को लेकर बृहस्पतिवार को दोपहर बार वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा कर रही थी। बैठक में प्राप्त दिशा- निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने फसल उठान को और गति देने की बात कही। वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने कैंप कार्यालय में ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने विस्तार से मंडियों में गेहूं के रखरखाव तथा उठान की समीक्षा की। उन्होंने मंडी व खरीद केंद्रों में रखे गेहूं की रिपोर्ट तलब की। उन्होंने कहा कि मंडियों व खरीद केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर गेहूं को बोरियों में भरवायें और बोरियों को शैड के नीचे रखवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही गेहूं उठान का गति दी जाए। उन्होंने फसल उठान को गति देने के लिए गोदामों में अनलोडिंग को गति देने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने विभिन्न स्थानों पर अनलोडिंग के प्वाईंट्स बढ़ाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अभी तक सोनीपत में करीब 41.5 प्रतिशत उठान हुआ है। उठान को और गति देने की जरूरत है, जिसके लिए लेबर को बढ़ायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दें कि वे लेबर लाकर उठान को गति दें।

न्यूज फ्लैश

14 जून तक आधार पोर्टल पर नि:शुल्क अपडेट करवाए जा सकते हैं आधार कार्ड

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आधार कार्ड को अपडेट करने की अंतिम तारीख 14 जून 2024 तक बढ़ा दी गई है। आधार कार्ड हर नागरिक के लिए एक आवश्यक दस्तावेज है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का आधार कार्ड अपडेट होना जरूरी है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) ने आधार कार्ड में आगामी 14 जून 2024 तक नि:शुल्क ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। आधार केंद्र पर 50 रुपए शुल्क देना होगा। ऐसे में नागरिक खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता था। ये सेवा केवल आधार पोर्टल पर नि:शुल्क हैं। आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ माई आधार पोर्टल और माई आधार ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है, जहां पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध है। ऐसे में वे सभी नागरिक जिनके आधार कार्ड 10 साल पहले बने थे, वे अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट जरूर करवाएं। विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं।

गर्भवती महिलाओं को बच्चे की देखभाल बारे दी जानकारी

मनीष कुमार

अम्बाला: अम्बाला छावनी के नागरिक अस्पताल में केयर कम्पेनियन प्रोग्राम सीसीपी के तहत आज कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचकूला से डॉक्टर अभिहेक जैन ने सीसीपी प्रोग्राम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पी एम ओ डॉक्टर लोकवीर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा मां - बच्चे के लिए सीसीपी आरंभ किया गया है। जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व व प्रसव उपरांत स्वयं व बच्चे को देखभाल के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है। साथ ही उनके अभिभावकों को भी जानकारी दी जाती है। इस कार्यक्रम के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। अब नवनियुक्त कर्मियों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए अस्पताल की कुछ स्टाफ नर्सों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। गया है। जिससे वह अन्यों को भी प्रशिक्षण प्रदान करें। प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में गर्भवती महिलाएं जब जांच के लिए आएगी। उसी समय से उन्हें प्रसव के दौरान व प्रसव उपरांत स्वास्थ्य संबधी सम्पूर्ण जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रदान की जाएगी। महिला के स्वजन को भी जांच उपचार, टीकाकरण के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। आमजन 18001210095 निशुल्क नंबर पर मोबाइल केयर कम्पेनियन सर्विस के माध्यम से जानकारी व सलाह प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर डॉ विनय गोयल, डॉ रचना बंसल, डॉ सुरेश कंसल, डॉ मुकेश, डॉ नेहा, डॉ हरमन सिंह, डॉ चित्रा शर्मा के अलावा सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व नर्सिंग ऑफिसर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे केयर कम्पैनियन प्रोग्राम के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले स्टाफ को प्रशंसा पत्र देखकर भी सम्मानित किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने अनाज मंडियों का किया निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने गेहूं खरीद प्रक्रिया के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अनाज मंडी अम्बाला शहर व नई अनाज मंडी अम्बाला छावनी का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा. शालीन भी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने निरीक्षण के तहत सबसे पहले अनाज मंडी अम्बाला छावनी का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से अभी तक मंडी में गेहूं की कितनी आवक हो चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है और कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है, बारदाने के साथ-साथ किसानों को उनकी फसलों की पेमेंट की अदायगी समय अनुरूप की जा रही है, उसकी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर मोसचर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को भी चैक किया। इस मौके पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से पिछले वर्ष कितनी गेहूं की आवक हुई थी और अब तक कितनी आवक हो चुकी है, उसकी भी जानकारी ली। मार्किट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज ने उन्हें अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले वर्ष 117562 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी और इस वर्ष अभी तक 147378 क्विंटल गेहूं मंडी में पंहुच चुकी है। गेहूं खरीद के तहत 145184 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, 55750 क्विंटल गेहूं लिफ्टिंग का कार्य हो चुका है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मंडी प्रधान के साथ-साथ उपस्थित आढ़तियों से भी मंडी में गेहूं खरीद कार्य के तहत कोई परेशानी तो नहीं है, इसकी जानकारी ली। मंडी प्रधान ने बताया कि सभी कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। इसके उपरांत अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अम्बाला शहर अनाज मंडी का भी जायजा लिया। व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई है उसकी जानकारी ली। कितनी गेहूं आ चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है, कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है, इसके साथ-साथ पीआरआई व एचआर रजिस्टर को भी चैक किया। उन्होंने यहां पर भी गेहूं की ढेरी पर जाकर मोसचर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को चैक किया। मंडी प्रधान मक्खन लाल, पूर्व प्रधान दूनी चंद व राइस मिल एसोसिएशन के जिला प्रधान अजय गर्ग के साथ-साथ उन्होंने आढ़तियों से मंडी की व्यवस्था के साथ-साथ गेहूं खरीद कार्य के बारे में जानकारी हासिल की। मार्किट कमेटी सचिव दलेल सिहं ने बताया कि पिछले वर्ष 554276 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी और इस वर्ष गेहूं खरीद के तहत 517728 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, 210441 क्विंटल गेहूं लिफ्टिंग का कार्य हो चुका है। इस मौके पर आढ़तियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को यह भी बताया कि मंडी में अधिकतर गेहूं की आवक हो चुकी है, कुछ प्रतिशत गेहूं की अब आनी बाकी है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान दोनो मंडियों में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ उठान के कार्य में भी तेजी लाएं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन, एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, डीएफएससी जितेश गोयल, डीएम हैफड अमित कुमार, हरियाणा वेयरहाउसिंग के एमडी राजीव चौधरी, उपनिदेश कृषि डा0 जसविन्द्र सैनी, मार्किट कमेटी सचिव दलेल सिंह, नीरज भारद्वाज, राईस मिल एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, प्रधान मक्खन लाल, दूनी चंद, आढ़ती गौरव गुप्ता, हरजिन्द्र सिंह के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव: 29 अप्रैल से नामांकन प्रकिया होगी शुरू

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया का कार्य शुरू हो जाएगा और यह कार्य उपायुक्त कार्यालय की कोर्ट रूम में होगा। उन्होने बताया कि निर्धारित तिथियों के तहत नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकता है। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में इस विषय के तहत सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। उपायुक्त डा0 शालीन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 29 अप्रैल से नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उन्होने बैठक के दौरान इस कार्य के तहत नामांकन प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों को चैक करने का तथा अन्य जो आवश्यक कार्य किए जाने हैं, उसकी भी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि नामांकन प्रक्रिया से जुड़े सभी तैयारियां दुरूस्त होनी चाहिए ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होने यह भी कहा कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पहले से ही आग्रह किया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जो हिदायतें जारी की गई है, उनकी अनुपालना करें। नामांकन प्रक्रिया के तहत एक प्रत्याशी के साथ 4 सदस्य आ सकते हैं। इसके साथ-साथ वाहनों को साथ लाने के लिये जो निर्धारित मापदंड हैं उसकी अनुपालना करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि लोकसभा आम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर शुरू से ही सभी कार्य किए जा रहे हैं। सम्बन्धित अधिकारियों की डयूटी लगाकर उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसकी उन्हें ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होने यह भी कहा कि जिला चुनाव कार्यालय में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जहां पर सी-विजल ऐप के साथ-साथ सुविधा ऐप के माध्यम से जो भी कार्य हैं वो किए जा रहे हैं।

कांग्रेस के वर्णमालाना देंगे भाजपा की बंतो कटारिया को जोरदार टक्कर

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: देर रात जैसे ही कांग्रेस ने पूर्व प्रदेशाध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण चौधरी को लोकसभा अंबाला का उम्मीदवार घोषित किया वैसे ही अंबाला में कांग्रेस कार्यकताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। इसी दौरान अंबाला छावनी के कांग्रेस कार्यालय में भारी संख्या में कार्यकर्ता चित्रा सरवारा की अध्यक्षता में एकत्रित हुए। यहां पर ढोल बाजों के साथ वरुण चौधरी को टिकट मिलने पर खुशी जताई गई और लड्डू बांटे गए। इसी प्रकार अंबाला शहर में नई अनाज मंडी हिसार पुल के नजदीक नए खुले कांग्रेस कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में समर्थक व कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां पर पूर्व विधायक जसबीर मल्लौर, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन ब्रह्मपाल राणा, विनोद धीमान, चित्रा सरवारा सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि वरुण चौधरी को बड़े मार्जिन से भाजपा की बंतो कटारिया से जीताकर सांसद बनाएंगे।

नशीला पदार्थ रखने की महिला सहित एक आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने की महिला सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में खुनी माजरा पंजाब वासी एक महिला सहित निरंजन सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी सनौर जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर-के उनके कब्जा से 01 किलोग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्गनिर्देश में उप निरीक्षक सुखबीर सिंह, मुख्य सिपाही अशोक कुमार, धर्मबीर सिंह, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, महिला सिपाही रितु व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही मन्दीप कुमार की टीम अपराध तलाश में एनएच-44 बराडा चौक शाहबाद पुल के नीचे मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि निरंजन सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी सनौर जिला पटियाला पंजाब एक महिला सहित अफीम बेचने का काम करता है । जो आज भी मोटरसाईकिल नंबर-11डी-1521 पर पंजाब से अम्बाला होते हुए शाहबाद आयेगे। अगर एनएच-44 पर नौगजा पीर के पास नाकाबन्दी करके उनको काबू किया जाये तो वह भारी मात्रा मे अफीम सहित काबू आ सकते हैं। पुलिस टीम ने सूचना के आधार एनएच-44 पर नौगजा पीर पहुंची । थोड़ी देर बाद मिली सूचना अनुसार मोटरसाईकिल नंबर-11डी-1521 आती हुई दिखाई दी । पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति और महिला को महिला सिपाही की सहायता से काबू करके उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम खुनी माजरा पंजाब वासी महिला निर्मल कौर व निरंजन सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी सनौर जिला पटियाला पंजाब बताया। पुलिस और महिला पुलिस द्वारा उनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 01 किलोग्राम अफीम बरामद हुई । आरोपियों के विरुद्ध थाना शाहबाद में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी निरजन सिंह व महिला सिपाही ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया।

हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ..श्याम संकीर्तन, भंडारा आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा वीरवार देर सांय नरकातरी रोड़ स्थित दुर्गा नगर में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। साथ-साथ ही श्री खाटू श्याम मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा श्याम संकीर्तन हुआ। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक श्याम लाल सिंगला परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ...,
सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे।

दीवाना

8 हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया...

2019 में भाजपा के मंत्री हारे अब दो सीएम हारेंगे और बुद्धिराजा विजयी होंगे: मधुसूदन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा के मंत्री हारे वही 2024 के लोकसभा चुनाव में दो मुख्यमंत्री हारेंगे। बवेजा ने कहा कि करनाल से मुख्यमंत्री नायब सैनी विधायक पद पर चुनाव लड़ रहे हैं और पंजाबी समुदाय से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल लोकसभा से सांसद पद का चुनाव लड़ रहे है। बवेजा ने कहा कि करनाल विधानसभा में सैनी समुदाय के वोटों की संख्या नाम मात्र है और गांवों में किसानों का दबदबा है। किसानों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री क्या-क्या कर चुके है उसका बदला किसान दोनों से वोट की चोट से लेंगे। वही पंजाबी समुदाय की बात करे तो पंजाबियों को क्या लाभ पहुंचाया या कभी उनकी कोई सुख दुख की बात सुनी हो, अपने करनाल कार्यालय में भी प्रदेश के दूसरे नगर के लोग बैठा रखे थे। नगरवासी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। मौजूदा सांसद ने भी क्षेत्र की व लोगों की पांच वर्ष अनदेखी की जिसका परिणाम अब वर्तमान के मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री भुगतेंगे। नीलोखेड़ी से समालखा तक मौजूदा सांसद ने कोई भी जनहित के लिए काम नही किया। जनता भी अपने आपको ठगा महसूस कर रही है।

शंभू बॉर्डर व रेलवे ट्रैक पर डटे किसान, ट्रेनें

मनीष कुमार

अम्बाला: संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसान पिछले हफ्ते से पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर ट्रैक जाम करके धरना दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक तीनों किसानों की रिहाई नहीं होती रेलवे ट्रैक खोलेंगे नहीं। किसानों ने सरकार को दोबारा फिर 27 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया हुआ है। किसानों के ट्रैक पर बैठ जाने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रेलवे की भी आमदनी पर असर पड़ रहा है। किसान आंदोलन के चलते आज भी 63 ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी है। यही नहीं, कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने पड़े। जिनकी रेलवे की तरफ से

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने बैठक ली

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद: शाहाबाद ब्लॉक के जिन प्राईमरी स्कूलों में छात्र संख्या 20 या 20 से कम है, उन स्कूली मुखियाओं की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने खंड शिक्षा कार्यालय में बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रत्येक स्कूली मुखिया से छात्र संख्या कम होने का कारण पूछा। बैठक को संबोधित करते हुए विनोद कौशिक ने कहा कि 30 अप्रैल तक सभी स्कूली मुखिया जिनकी छात्र संख्या 20 या 20 से कम है उसे 20 से अधिक करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अध्यापक गांव में जिन अभिभावकों के बच्चें पहली से 5वीं कक्षा तक किसी दूसरे प्राईवेट स्कूल में पढ़ते है या किसी कारणवश नहीं पढ़ रहे उन्हें जाकर सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं बारे बताए तथा उन्हें सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित करें। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि अगर किसी बच्चें के पास आधार कार्ड, पी.पी.पी. इत्यादि सरकारी कागज नहीं है तो भी अध्यापक ऐफिडेविट के आधार पर बिना किसी बाधा के बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला करें। उन्होंने अध्यापकों को कहा कि अगर उनके स्कूल में बच्चें 20 से कम रहे तो विभाग कभी भी उन स्कूलों को बंद करने जैसी कार्यवाही कर सकता है। ऐसे में इन स्कूलों में पढ़ाने वाले ना केवल अध्यापक अपितु मिड-डे-मील वर्कर, एजुसैट चौंकीदार, पार्ट टाईम स्वीपर आदि के रोजगार पर भी संकट छा सकता है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक अध्यापक कम से कम 5 नए बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाए। इस कार्य के लिए पंचायत, मिड-डे-मील वर्कर, एस.एम.सी. सदस्य, चौंकीदार आदि की सहायता ली जा सकती है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिला में 107 प्राईमरी स्कूल ऐसे है जिनमें छात्र संख्या 20 या 20 से कम है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिला में कुल प्राईमरी स्कूल 488 है। जिनमें से 216 स्कूलों में छात्र संख्या 50 से कम है। उन्होंने 20 या 20 से कम छात्र संख्या वाले स्कूली मुखियाओं से लिखित में लिया कि वह 30 अप्रैल तक छात्र संख्या 20 से अधिक करेगें।

दिल्ली फतेह दिवस समागम में कमेटी के पदाधिकारी करेंगे शिरकत

इस बार माता गुजर कौर को समर्पित 27 एवं 28 अप्रैल को 241वां दिल्ली फतेह दिवस लाल किला के मैदान में मनाया जा रहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा लाल किले में मनाए जा रहे दिल्ली फतेह दिवस समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की समूची टीम शिरकत करेगी। यह जानकारी कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा इस बार माता गुजर कौर को समर्पित 27 एवं 28 अप्रैल को 241वां दिल्ली फतेह दिवस लाल किला के मैदान में मनाया जा रहा है। इस समागम का निमंत्रण दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका ने अपनी सहयोगी मैंबर साहिबान के साथ मिलकर हरियाणा कमेटी को दिया था। स्पोकसमैन ने कहा कि मार्च १७८३ में खालसा फौज के बाबा बघेल सिंह जी, जत्थेदार बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया, सरदार जस्सा सिंह रामगढि?ा, तारा सिंह एवं महा सिंह शुकरचकीया ने अपनी फौज के साथ मिलकर दिल्ली फतेह करते हुए खालसाई निशान लहरा कर नया इतिहास बनाया था। इसलिए हरियाणा कमेटी इस समागम में शिरकत करेगी। प्रवकता के अनुसार धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं में महान कीर्तन समागम 29 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। समागम से पहले 28 अप्रैल को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। हरियाणा कमेटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सेवक जत्था के सहयोग से यह समागम करवाया जा रहा है, जिसमें श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह व भाई भूपिंदर सिंह संगत को कीर्तन से निहाल करेंगे। इसके अलावा भाई सुरजीत सिंह वारस जलांधर वालो का ढाडी जत्था संगत को ढाडी वारों से संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेगा। यहीं नहीं, मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह का जत्था भी अपनी रूहानी आवाज में शबद कीर्तन करेंगे। इसके अतिरिकत गुरुद्वारा साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह जी संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के जीवन प्रसंग सुनाएंगे। अजराना के अनुसार 28 अप्रैल को पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की सुंदर पालकी के साथ महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा।

नगर कीर्तन

8 28 अप्रैल को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा

कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने गांव बजगांव और संतोखपुरा में वोट की अपील की

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कूरुक्षेत्र : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद हल्का के गांव बजगाव और संतोखपुरा में वोट की अपील करते हुए । स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा ने खेतों तक जाकर जन-जन से डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। मान सिंह बजगांवा ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है।
इस अवसर पर मान सिंह बजगाव, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार खेम सिंह, सरदार तरसेम सिंह सरदार निरंजन सिंह साथ रहे।

'भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे मोदी'

'देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार करवाकर एक बार फिर देश की कमान सौंपेगी, ताकि हमारा देश आगे बढ़े'

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेजी से देश का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार करवाकर एक बार फिर देश की कमान सौंपेगी, ताकि हमारा देश आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसदीय चुनाव में 400 सीटों पर कमल खिलेगा। केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। करनाल में भी कमल खिलेगा और करनाल में विकास निरंतर जारी

रहेगा। इसी तरह से हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील की। लाइनपार क्षेत्र रामनगर में मोहित सचदेवा के मोहित पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने जोरदार स्वागत किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी जी को एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाएंगे।मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों जरूरतमंदों को राशन देने का काम किया है। अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बनाकर पांच सदियों के स्वप्न को साकार किया है। मैरिट के आधार पर बिना खर्ची और बिना पर्ची के युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। नौकरी में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, नौकरी युवाओं को योग्यता के आधार पर मिल रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में साथ देगी और हरियाणा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी। करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल एक बड़ी जीत दर्ज करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी कमल खिलेगा। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, शशिपाल मेहता, जगमोहन आनंद, संजय बठला, अमर ठक्कर, राजेश अग्घी सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी अपने करनाल प्रवास के दौरान रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में करनाल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा कार्यालय में पहुंचे। पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको एकजुट होकर लोकसभा चुनाव ओर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को विजयी बनाना है।

अधिकारियों के सातवें और आठवें समूह को दी गई ट्रेनिंग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा और करनाल विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ) की ट्रेनिंग निरंतर जारी है। लगातार चौथे दिन शुक्रवार को भी स्थानीय डा. मंगलसेन सभागार में पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ)के सातवें और आठवें समूह को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी ने उपस्थित पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को चुनाव संबंधी हर पहलू

पर विस्तृत जानकारी दी। विवेक चौधरी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने की जिम्मेवारी हमारे कंधों पर है। ऐसे में हमारी भूमिका पूर्णतः निष्पक्ष ही रहनी चाहिए। किसी भी राजनीतिक दल से हमारी नजदीकियां चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में हमें भारत निर्वाचन आयोग की प्रत्येक गाईडलाईन का पालन करते हुए चुनाव को निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाना है और इसके लिए हमारे द्वारा चुनावी प्रक्रिया की हर गतिविधि को पारदर्शी तरीके से अपनाना है। उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले किया जाने वाला मॉक पोल चुनाव को पारदर्शी बनाने की सबसे अहम कसौटी है।

न्यूज फ्लैश

पाइट एनसीआर में दिव्या, तान्या और नैंसी गर्ग को मिस फेयरवेल का खिताब

समालखा (कुलदीप सिंह) पाइट एनीसीआर कॉलेज में बीए, बीकॉम के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल व प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बीए इकॉनोमिक्स से दिव्या, बीए इंग्लिश से तान्या और बीकॉम से नैंसी को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। बीए इकॉनोमिक्स से चिराग, बीए इंग्लिश से नमन और बीकॉम से निपुण को मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड दिया गया। बीकॉम के अंकुश को मिस्टर पर्सनैलिटी एवं बीकॉम ऑनर्स से विशाखा को मिस गॉर्जियस चुना गया। सामाजिक सरोकार के कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। राकेश तायल ने कहा कि कॉलेज लाइफ आपको बहुत कुछ सीखाती है। जीवन में हमेशा विनम्र रहें। मेहनत से ही सफलता हासिल होती है। इसका कोई शार्टकट नहीं होता।

क्षेत्र का विकास कराने में सतपाल ब्रह्मचारी नहीं छोडेंगे कोई कसर: जयभगवान आंतिल

राई। सोनीपत लोकसभा सीट से सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट मिलने के साथ ही कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। बहालगढ स्थित कार्यालय पर कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एकत्रित होकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व लोकप्रिय राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ साथ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि यह समय बदलाव का है और किसान, कमेरे वर्ग विरोधी नीतियों की सरकार को उखाड़कर किसान हितों वाली सरकार लाने का है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि सतपाल ब्रह्मचारी के रूप में कांग्रेस ने जिस धर्मगुरु को मैदान में उतारा है, उन्होंने अपने प्रबंधन वाली धर्मशालाओं और आश्रमों के जरिए इलाके के लोगों की सेवा और मदद का काम पहले से हाथ में ले रखा है। हरिद्वार, पांडु पिंडारा और गांगोली मंदिर जाने वाले सोनीपत और जींद के श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्मचारी चिर-परिचित नाम हैं और पूरे क्षेत्र में उनके प्रशंसक मौजूद हैं। ऐसे में जनता ने उनकों सांसद बनने का मौका दिया तो क्षेत्र के विकास कराने में सतपाल ब्रह्मचारी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आज जिस तरह के हालात भाजपा सरकार ने पैदा किए हैं, इनसे जनता छुटकारा पाना चाहती है। जनता जाति धर्म की दलदल से बाहर निकलना चाहती है। इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर सी. राज कुमार ने जापानी संसद को संबोधित किया

नई दिल्ली: वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति के निमंत्रण पर, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी राज कुमार ने जापानी संसद (नेशनल डाइट) के 20 से अधिक प्रतिष्ठित सदस्यों वाले एक दल को संबोधित किया, जिसमें जापान सरकार के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माननीय मंत्री श्री मासाहितो मोरियामा भी शामिल थे। प्रो. राज कुमार ऐसे पहले भारतीय कुलपति भी बन गए हैं, जिन्हें जापान सरकार के प्रतिष्ठित सांसदों और सरकारी अधिकारियों को संबोधित करने हेतु, जापानी संसद में बोलने के लिए आमंत्रित किया गया। वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति ने प्रोफेसर कुमार को भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति, द्विपक्षीय संबंधों, विकास के एजेंडा और ग्लोबल गवर्नेंस से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया था। इस समिति में जापानी संसद की प्रतिनिधि सभा के कुछ सबसे प्रतिष्ठित सदस्य और अन्य बड़े सरकारी अधिकारी शामिल थे।

करनाल विधानसभा उप चुनाव के खिलाफ दायर याचिका खारिज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। करनाल विधानसभा उपचुनाव रद्द करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस पामी दिंघतन्नम श्री नरसिम्हा की पीठ ने खारिज करते हुए उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए हैं। इस पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। करनाल सेक्टर-12 निवासी शीशपाल राणा ने भी चुनाव कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के मार्फत याचिका दायर कर अपील की थी कि करनाल विधानसभा उप चुनाव कराया जाना उचित है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से सोलिसीटर जनरल तुषार

मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता मनेन्द्र सिंह व स्पेशल एडिशनल एडवोकेट जनरल लोकेश सिन्हाल ने पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर उप चुनाव जारी रखने के आदेश पारित कर दिए।गौरतलब है कि करनाल निवासी कुनाल चानना ने पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में याचिका दायर कर उप चुनाव को चुनौती देते हुए कहा था कि यह उपचुनाव असवैंधानिक है। हाइकोर्ट की डबल बैंच ने 3 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी व उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए।

हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ कुनाल चानना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर शुक्रवार 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई व करनाल विधानसभा उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए गए व उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा से भाजपा विधायक पद के दावेदार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफा देने के बाद करनाल विधानसभा सीट पर चुनाव आयोग ने उपचुनाव कराने का ऐलान किया था, जिसके खिलाफ हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

सड़क के बंद कट को हटाने की मांग, लगाई गुहार

टीम एक्शन इंडिया
संजय शर्मा:

नारनौल। महेंद्रगढ़ रोड़ पर जेल के सामने गणेश कालोनी और रामनगर के अवागमन के सामुहिक आम रास्ते पर स्थित डिवाइडर कट को लोक निर्माण विभाग द्वारा सिमेंट के ब्लाक लगाकर बंद कट को हटाने की मांग को लेकर दोनों कालोनियों के निवासी जन कल्याण समिति के तत्वावधान में रोष स्वरूप लघु सचिवालय में एकत्रित हुए और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि बंद किया गया दोनों कालोनियों का यह आम रास्ता है। इस रास्ते के बंद होने से बुजुर्गों, स्कूली बच्चों, छोटे बड़े वाहनों और आमजन के सड़क पर विपरीत दिशा में आवागमन होने से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा।

एसपी ने किया कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया:
संजय शर्मा

नारनौल। एसपी अर्श वर्मा ने लघु सचिवालय नारनौल स्थित कंट्रोल रूम का आज औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले कंट्रोल रूम में लगवाए गए सभी फोन कंपनियों के सिस्टम पर कॉल कर उनका परीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम से सभी थानों व पीसीआर, राइडर को मैसेज भेजने वाले सेट का भी परीक्षण किया। एसपी ने वहां तैनात कर्मियों से पूछताछ की तथा जरुरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व जिला पुलिस की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। जिले में चैकिंग अभियान के साथ गश्त के दौरान सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ पुलिस का प्रयास है कि पुलिस रात को ज्यादा सक्रिय होकर लोगों को सुरक्षा प्रदान करे। इसके लिए पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर छात्रों को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निदेर्शानुसार निगम क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण के नागरिक सहभागिता घटक को लेकर अनेक जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसे लेकर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम शहर के विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों व अध्यापकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं। माउंट लिटेरा जी स्कूल में आयोजित हुआ जिज्ञासा कार्यक्रम-शहर के माउंट लिटेरा जी स्कूल में जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में उन्होंने

ठोस अपशिष्टद्द प्रबंधन को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया और अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या दीप बेदी ने की। जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने अतिरिक्त निगम आयुक्त से भी प्रश्न किए। उन्होंने कचरा अलग-अलग करने से क्या होता है, कचरा कहां जाता है, इसे प्रोसेस कैसे किया जाता है, इसे जलाने के क्या-क्या नुकसान होते हैं तथा जिस सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल करना आवश्यक हो जाता है, उसका निस्तारण कैसे किया जाता है, जैसे सवाल किए। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने एक-एक कर सभी सवालों का विद्यार्थियों को जवाब दिया। उन्होंने बताया कि खाने-पीने की वस्तुएं जैसे दूध की थैली, कुरकुरे, चिप्स, चॉकलेट इत्यादि के पैकेट सिंगल यूज प्लास्टिक की श्रेणी में आते हैं। इस तरह के प्लास्टिक को ई.पी.आर. यानि एक्सेंटिड प्रोड्यूसर रिस्पोंसिबिल्टी के तहत आर.डी.एफ. के रूप में सीमेंट इत्यादि प्लांट में भेजकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाता है।

उन्होंने कूड़ा पृथक्करण को लेकर विद्यार्थियों को अपने घर पर ही गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने पर जोर दिया। हरे डस्टबिन में गीला व नीले डस्टबिन में सूखा कचरा डाला जाता है। गीले व सूखे कचरे में क्या-क्या आता है, इसके बारे भी विस्तार से बताया।

सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में लोगों को नियमित रूप से करें जागरूक: अखिल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि सडक सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। अगर कहीं अनदेखी होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा नियमों के बारे में लोगों को नियमित रूप से जागरूक किया जाए।अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागर में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक में रखे गए एजेंडों पर संबंधित विभाग के अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा गैर सरकारी सदस्यों के द्वारा दिए गए सुझावों को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करें। बैठक में अध्यक्ष के समक्ष कुल 18 एजेंडे रखे गए जिनमें से 11 एजेंडे पिछली बैठक से लंबित थे तथा नए 7 एजेंडे शामिल थे। लंबित 11 एजेंडों में से 7 के कार्य पूरे हो चुके हैं तथा 4 का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि शहर में जो सीसीटीवी कैमरे खराब हैं उनकी सूची बनाकर तुरंत कार्यालय भिजवाएं। इसके अलावा सडकों पर जेब्रा क्रॉसिंग भी बनवाएं।

ये रहे नए एजेंडे

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष पहला एजेंडा करनाल के सैक्टर 32-33 में निशांत रोड के पास सडक पर स्पीड ब्रेकर के न होने से दुर्घटना होने की संभावना को लेकर था जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि यहां जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनवाएं। इसी प्रकार से दूसरा एजेंडा घीड रोड पर खराब सडक को ठीक करवाने बारे था जिसके लिए एडीसी ने पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1 के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तीसरा मामला शहर में कई स्थानों पर ट्रैफिक लाइटें सही स्थिति में नहीं लगे होने से संबंधित था इसके लिए एडीसी ने नगर निगम व स्मार्ट सिटी के कार्यकारी अभियंता को निर्देशित किया। इसी प्रकार से चौथा मामला नमस्ते चौक के पास सडक पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को ठीक करवाने को लेकर था इसके लिए उपायुक्त ने नगर निगम करनाल के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए। अगला मुद्दा घीड से शेरगढ़ टापू तक की सडक की खस्ता हालत को लेकर था जिसके लिए एडीसी ने पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1 के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए गए। छठा एजेंडा बूढ़ा खेड़ा सडक करनाल के पास बने ड्रेनेज पुलिया पर ग्रिल न होने तथा साईड की दीवारों की खराब हालत को लेकर था। इसके लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1 के कार्यकारी अभियंता को इसे जल्द से जल्द ठीक करवाने के निर्देश दिए। अंतिम मामला फुरलक घरौंडा रोड पर एस.के. ग्लास हाऊस के पास खराब सडक की रिपेयर करवाने बारे था इसके लिए भी लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को ठीक करवाने के निर्देश दिए।

मार्च माह में पुलिस व आरटीए द्वारा करीब 13 हजार 800 वाहनों के किए चालान

बैठक में आरटीए विजय देशवाल ने क्रमवार एक एक एजेंडे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजमार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पाए जाने पर पुलिस विभाग द्वारा मार्च माह के दौरान 13 हजार 587 चालान किए गए जिनसे 31 लाख 15 हजार 900 राशि जुमार्ने के रूप में वसूल की गई। इसी प्रकार से आरटीए विभाग द्वारा 212 ओवरलोडेड वाहनों का चालान किया गया जिनसे 92 लाख 63 हजार 500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता आयोजित

टीम एक्शन इंडिया

समालखा: दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के बच्चों के लिए हिंदी एक्सटेम्पोर कक्षा गतिविधि व कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों के लिए इंटर हाउस इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता (तात्कालिक प्रतियोगिता) दो भागों में आयोजित की गई। डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने बताया कि किसी स्थिति को सभी दृष्टिकोणों से देखने के लिए वक्ता के कौशल का विकास और मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आयोजित, यह भाव व विचारों को एक नया रूप देता है; जिसमें किसी भी विषय के पक्ष में और साथ ही इसके खिलाफ दृष्टिकोण को व्यक्त करते हुए, दोनों

विचारों को समेकित करता है। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता को दो भागों में बाँटा गया। जिसमें प्रतिभागी को 1 मिनट तक चयनित विषय पर लिखना था और डेढ़ मिनट तक अपने विचारों को सबके सामने प्रस्तुत करना था। जिसमें प्रत्येक हाउस के प्रतिनिधि ने अपनी प्रतिभा और बुद्धि का उत्साहजनक प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों पर तात्कालिक भाषण देने के लिए अपने सहज बोलने के कौशल, त्वरित सोच, ज्ञान, बुद्धि और वाक्पटुता का प्रदर्शन किया। उनका मूल्यांकन सामग्री, वितरण, आत्मविश्वास और समग्र प्रभाव पर किया गया। निर्णायक मंडल के द्वारा सबसे अधिक अंक प्राप्त करके अग्नि द्वार ने प्रथम स्थान पर, भूमि ध्वज ने द्वितीय स्थान पर तथा वरुण द्वार ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। विजेता टीमों के छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही दूसरी ओर हिंदी एक्सटेम्पोर कक्षा गतिविधि में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता विद्यार्थियों के साथ ही प्रत्येक कक्षा (वर्ग) से छात्रों को सांत्वना प्रशस्ति पत्र भी देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोलते हुए स्कूल की डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने कहा कि छात्रों की आवाज के मूल्य को बनाए रखने और शिक्षार्थियों में अपने मन की बात कहने का साहस बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन स्कूल परिसर में करवाया जाता है ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सकें। चेयरमैन रमेश रेवड़ी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल विद्यार्थियों को सही मंच मिलता है, बल्कि उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार भी आता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वाइस चैयर मैन जगदीश अरोड़ा ने कहा कि बच्चों में ऐसी प्रतियोगिताएँ आत्मविश्वास लाती हैं, जिससे वे जीवन में ऊँचाइयों को हासिल कर सकते हैं।

एस्पायर हाउस ने अंतर सदनीय वाद विवाद प्रतियोगिता में मारी बाजी

टीम एक्शन इंडिया
समालखा: कुलदीप सिंह

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण में विद्यालय के चारों सदनों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने अपने चयनित विषय पर पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए। प्रतियोगिता का खूबसूरत मंच संचालन परी पूनिया और ज्योत्सना ने किया। प्रतियोगिता में पहले क्रम में जिया और माही ने जागृत हिंदुत्व के पक्ष और विपक्ष में जोरदार ढंग से अपने विचारों को व्यक्त कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।एस्पायर हाउस से अनन्या

और दिव्यंका ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के पक्ष और विपक्ष में अपने तर्कों को बखूबी रखकर दूसरा स्थान हासिल किया। चैंपियन हाउस से मानवी और इशिका ने ज्वलंत मुद्दे एक राष्ट्र एक चुनाव परअपने तर्कों को बखूबी रखकर तीसरा स्थान हासिल किया। और चौथे नंबर पर चैलेंजर सदन से तमन्ना और निजीकरण पर वाद विवाद प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दिखाइ।

हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति ने निकाली शोभा यात्रा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति केवल पार्क द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र राममय हो गया और जय श्रीराम, बालाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा।

विशाल शोभा यात्रा में सैकड़ों राम भक्तों ने लिया हिस्साः शोभा यात्रा के दौरान सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। यह शोभा यात्रा ए ब्लॉक शिव मन्दिर से प्रारम्भ होकर कंसल चौक, लेबर चौक, महावीर मन्दिर इन्दानगर, म्यूजिक कॉनर, लक्ष्मी नारायण मन्दिर आदर्शनगर, श्री राम मन्दिर मजलिस पार्क से होती हुई केवल पार्क स्थित जनता भवन पर सम्पन्न हुई। जहां पर विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ।

शोभा यात्रा का भक्तों ने किया स्वागतः आपको बतादें कि शोभायात्रा जहां से भी निकली वहां पर राम भक्तों ने पुष्पों की वर्षा की और क्षेत्र के सभी मन्दिरों में राम भक्तो व समिति सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महंत अनिल शर्मा (धर्मप्रचारक) ने बताया कि यात्रा में क्षेत्र की सभी संस्थाओं के पदाधिकारी व विधायक पवन शर्मा, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कसंल, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, सुरेन्द बुद्धिराजा, विनोद तायल, मोहन गर्ग (आदर्श रसोई) राजेन्द्र साहू, प्रेम शर्मा एवं हिन्दू मंच, विश्व हिन्दू परिषद व महिला शक्ति ने शोभा बढ़ाई। महंत अनिल शर्मा, संजय अग्रवाल, शिव शकंर मगंला ने बताया कि विशाल शोभायात्रा को सफल करने व शोभायात्रा में शामिल सैकड़ो राम भक्तो की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस के जवानों, एचएचओ साहब, डी.एस.पी साहब एवं समस्त मन्दिरों व संस्थाओं का हृदय की गहराई से आभार प्रकट करते है।

बिना पीठासीन अधिकारी के निगम का महापौर चुनाव क्यों किया घोषितः कपूर

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दुर्गेश पाठक एवं सौरभ भारद्वाज दिल्ली नगर निगम महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर विवाद करने से पहले दिल्ली वालों को बतायें की बिना पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के दिल्ली नगर निगम का महापौर चुनाव क्यों घोषित किया गया।

इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधायकों का नगर निगम सदन में नामांकन भी विवादित है क्योंकि उसमें भी नियमानुसार फाइल पर

मुख्यमंत्री की सिफारिश होनी चाहिए थी, जो इस बार नहीं है। कपूर ने कहा है की सच यह है की निगमायुक्त एवं निगम सचिव नहीं चाहते थे की बिना सभी स्वीकृतियों के चुनाव घोषणा हो पर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी नेताओं ने दबाव डाल कर घोषणा करवाई और उसी का परिणाम है की अब चुनाव को लेकर समस्या आ रही है।

निगम प्रशासन नियमानुसार पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल मुख्य सचिव से मुख्यमंत्री फिर मुख्य सचिव और उपराज्यपाल को जानी होती है पर मुख्यमंत्री के उपलब्ध ना होने से फाइल पूरी होने में समस्या आई ह।

जिसके लिए अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री बन रहने की जिद्द जिम्मेदार है।

दिल्ली किकबॉक्सिंग में आरके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

नई दिल्ली /एक्शन इंडिया
बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित प्रतिष्ठित आरके इंटरनेशनल स्कूल के 18 छात्रों ने दिल्ली में हाल ही में संपन्न हुई दिल्ली किकबॉक्सिंग-2024 चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण 8 रजत पदक जीतकर आरके इंटरनेशनल स्कूल को गौरवान्वित किया। चैंपियनशिप में 18 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल करके अपनी उपलब्धि से नरेला क्षेत्र व स्कूल को गौरवान्वित करने वाले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आरके इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर

सुनीता शर्मा, प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उनके कोच बाली पवार को भी सम्मानित किया गया। आरके इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि खिलाड़ियों के समर्पण और कड़ी मेहनत को रेखांकित करती है और बाहरी दिल्ली क्षेत्र में दूसरे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य निधि नेहरा ने खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी शिक्षक व स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

कोहाटः प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को मिल रहा है जनसमर्थन, निकाली पदयात्रा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर-61 में चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में निगम पार्षद रवि अजय हंस के नेतृत्व में पदयात्रा का आयोजन किया गया।

खंडेलवाल के समर्थन में यात्रा में शामिल हुए सैंकड़ों लोगः इस दौरान यात्रा का प्रारंभ क्षेत्र स्थित इंजीनियर इंकलेव से किया गया, तथा कैलाश इंकलेव पर यात्रा की समाप्ति की गई। इस बीच कोहाट मंडल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे, तो वहीं इस पद यात्रा के दौरान क्षेत्र के सैंकडों से ज्यादा लोग शामिल ही नहीं हुए बल्कि लोगों ने इस बार चार सौ पार के नारे लगाकर खंडेलवाल को समर्थन देने का भी आश्वासन दिया।

गर्म जोशी के साथ निकाली गई यात्रा, सैंकडों कार्यकर्ता सहित पदाधिकारी रहे उपस्थितः इस दौरान कोहाट वार्ड नंबर-61 से निगम पार्षद अजय रवि हंस, पूर्व महापौर मीरा अग्रवाल, पूर्व पार्षद मीनाक्षी बेनिवाल, कोहाट मंडल अध्यक्ष आनन्द जैन गर्ग, महामंत्री बलराम चावला, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा, कोहाट मंडल उपाध्यक्ष हरीश ग्रोवर, महामंत्री सूरज नारायण गुप्ता, कंवल गांधी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अंकित गिरधर, बृजेश शर्मा, रविंद्र बेनिवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश राव, कोहाट मंडल से महिला मोर्चा अध्यक्ष रीचा सहदेव, सत्यम बंसल, पंकज पाठक, प्रवीण सियाल, मंजीत सिंह, प्रदेश पदाधिकारी जय किशन गोयल सहित पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ता व अन्य लोग पदयात्रा में शामिल हुए।

लोगों का मिल रहा है समर्थनः इसी मौके पर खंडेलवाल ने कहा कि मोदी सरकार देश के हित में ही फैंसले लेती है, इसलिए ही देश की जनता ने मोदी व मोदी सरकार पर आंख मूंद कर विश्वास जताया है। वहीं खंडेलवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत को मजबूत बनाया है, जिससे कि आज अधिकांश बाहरी मुल्क भारत की और दोस्ती का हाथ बढ़ाने के लिए ललाइत है। निगम पार्षद रवि अजय हंस ने कहा कि देश में अगर अमन शांति और खुशहाली के साथ-साथ हर हाथ को रोजगार दिलवाना है तो भाजपा को चुनें। जिससे कि पुनःभाजपा की सरकार आने के बाद मोदी सरकार और ज्यादा तेजी के साथ देश का विकास कर सके।

सुल्तानपुरी माजराः उदित राज के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः सुल्तानपुर माजरा विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वालें वार्ड नंबर-42 में उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी डा. उदित राज के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन ढोल-नगाडों के साथ किया गया।

ढोल-नगाड़ों की थाप पर किया गया कार्यालय का उद्घाटनः बतादें कि सुल्तानपुर माजरा विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान के वाई ब्लॉक स्थित ऑफिस को चुनावी

कार्यालय बनाया गया है। जिसका उद्घाटन डा.उदित राज ने फीता काटकर किया गया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीए लोगों ने फूलमाला पहनाकर प्रत्याशी उदित राज का जोरदार तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रीयाजूद्दीन खान, हरिदास पांडे, शान मोहम्मद द्वारा किया गया।

कांग्रेस और आप के कई नेता रहे मौजूदः उद्घाटन के मौके पर सुल्तानपुर माजरा विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान, वाई ब्लॉक मस्जिद के सदर फखरूद्दीन शाह, हाजी फिरोज, हाजी नईम, अशरफ, बब्लू, एफ आर खान, हाजी सलीम, यामिन, रहमूद्दीन सैफी, यासीन सैफी, नवाज आलम, राजा हसन, रियाज़ आलम, रिजवान, नौशाद, मुमिन, जहीर खान, श्याम बाबू, विजय राग, संजय राग, चौधरी अफजल, मज़हर सहित कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उदित राज ने भाजपा को घेराः कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रत्याशी डा.उदित राज ने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा देश को अंग्रेजों की तरह लूट रही है और इंडी का लक्ष्य इसे सत्ता से बेदखल कर-के देश को बचाना है। वहीं रीयाजूद्दीन खान ने कहा कि भाजपा द्वारा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जिस तरह शक्तिशाली ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका गया, कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य भाजपा की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकना है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर पर

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः लगातार दूसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 2.28 अरब डॉलर लुढ़कर 640.33 अरब डॉलर रहा गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 19 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा है।

नरेला विसः नारायण मंदिर में श्याम संकीर्तन महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

नई दिल्ली/ एक्शन इंडिया
नरेला के मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर मे वीरवार को खाटू श्याम नारायण मंडल नरेला की ओर से 34वां मासिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन में भजन गायको ने भजनों की ऐसी रसधारा बहाई की श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति भाव में खोकर जमकर नृत्य किया। संकीर्तन पश्चात आयोजित भंडारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के नरेला में मेंन बाजार स्थित नारायण मंदिर में वीरवार को खाटू श्याम नारायण मंडल की ओर से 34वां मासिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया

गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। श्री श्याम महोत्सव में भजन गायको कपिल लाडली, मनोज शर्मा, श्रवण कुमार ने बाबा खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए और भजनों की ऐसी रसधारा बहाई की श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति भाव में खोकर जमकर नृत्य किया।

शाम 7 बजे शुरू हुए संकीर्तन में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय खाटू वाले की जय, तीन बाण धारी की जय के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा।

श्याम संकीर्तन में अलौकिक श्रृंगार, श्याम रसोई, छप्पन भोग, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक चले संकीर्तन का समापन महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। भव्य संकीर्तन महोत्सव में अमित बंसल, मनोज बंसल, टिल्लू वर्मा, श्रीभगवान, अंकित बंसल, विवेक अग्रवाल, जितेंद्र सेठी, राजेश, दीपक बंसल, राहुल स्वामी, राकेश बंसल अनंतराम खत्री, शालिका अग्रवाल, कविता अग्रवाल, सुजाता सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

हर मौके पर श्रमिकों के साथ खड़ी है सरकार: सैनी

योजनाएं

8 मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने मजदूरों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/करनाल हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश के मजदूरों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी और उनकी जो भी मांग है, 4 जून के बाद अधिकारियों के साथ बैठकर उनका समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने मजदूरों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई और योजनाबद्ध तरीके से उन्हें सीधा मजदूर तक पहुंचाने का काम किया। ?चाहे वह श्रमिकों को औजार देने की बात थी, श्रमिकों को साइकिल देने की, महिलाओं को सिलाई मशीन देने की या बच्चों को छात्रवृत्ति देने की, बेटी की शादी में कन्यादान योजना की बात रही, ?सरकार के अधिकारी कन्यादान डालने के लिए 3 दिन पहले चेक लेकर शादी वाले घर पहुंच जाते है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां भारतीय कामगार संघ द्वारा आयोजित श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारतीय कामगार संघ के अध्यक्ष जंग बहादुर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, करनाल की पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, राष्ट्रीय कामगार संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, जिला पार्षद ओमप्रकाश मालिया, रोहतास जांगड़ा, श्याम लाल, श्रीमती पूनम ठाकुर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक पसीना बहाकर देश के विकास में अपना योगदान देता है और ऐसे में सरकार का भी दायित्व बनता है कि वह श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हर मौके पर श्रमिकों के साथ खड़े होने का काम किया है। कोरोना काल में सरकार ने जब देखा कि अब काम बंद हो गए हैं तो सरकार ने श्रमिकों के घर में राशन पहुंचाने का काम किया और साथ ही प्रदेश सरकार ने 3 महीने तक पांच-पांच हजार रुपए श्रमिकों के खाते में डाले और केंद्र सरकार ने भी 500 रुपए महीना श्रमिकों को देने का काम किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सिर्फ 19000 मजदूर कापी हरियाणा में बनी थी, जब वह श्रम मंत्री बने तो उन्होंने इनकी संख्या बढ़कर चार लाख 71000 की थी। पहले केवल 29 करोड़ रुपए का बजट श्रमिकों के लिए था, लेकिन उन्होंने इसे बढ़ाकर 650 करोड़ रुपए किया और यह पैसा सीधा मजदूरों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी श्रमिक के बेटे हैं और जानते हैं कि श्रमिकों को किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि वह पहले मंत्री थे जो चौक पर श्रमिकों के बीच में जाकर श्रमिकों की समस्याओं को सुनने का काम करते थे और उसका समाधान करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को घर बना कर दिया। उसमें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस चूल्हा दिया।

इस बार का चुनाव देश-संविधान को बचाने के लिए लड़ा जा रहा: डॉ. सुशील गुप्ता

चुनावी यात्रा

8 किसानों को अंग्रेजों ने भी इतना नहीं सताया जितना भाजपा ने सताया: डॉ. सुशील गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया/गुहला, चीका/कैथल
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ल गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को गुहला चीका विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। इस मौके पर पूर्व विधायक चौ. दिल्लू राम, पूर्व विधायक बूटा सिंह, नरेश ढांडा, पवन जगत, गज्जन सिंह, राकेश खानपुर, मास्टर जितेंद्र खेड़ी, दिलबाग सिंह पटवारी, मेजर सिंह, मोहिंद्र सिंह, सरपंच लवजिंद्र, साहब सिंह और कुलभूषण शर्मा मौजूद रहे।

उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव अटेला से शुरू की। इसके बाद वे गांव धर्मपुरा में लोगों से मिले। वहां से लैंडर पीरजादा में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव अंधली में पहुंचे। यहां से गांव पिसौल पक्की, लदाना चक्कू, मस्तगढ़, माजरी, कसौर, तारांवाली, रामथली और खरकां में लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पूरा देश भाजपा के जुल्म को झेल रहा है। आजादी के बाद देश के किसान को इतना सताया गया जितना अंग्रेजों ने भी नहीं सताया था।

संक्षिप्त खबरें

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिला पुलिस ने शहर जीन्द के एरिया में निकाला फ्लैग मार्च।

लोकसभा चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुक्रवार पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जोगेन्द्र सिहं के नेतृत्व जीन्द शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक पवन मलिक ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स ने मिलकर शहर जीन्द के एरिया में फ्लैग मार्च किया गया है जिससे लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 125 जवान मौजूद रहे। यह फ्लैग मार्च थाना शहर जीन्द से शुरू होकर करीब एक किलोमीटर मैन बाजार में पैदल व रूपया चैक से वाहनों के साथ पटियाला चौक, टैंडरी मोड होते हुए देवीलाल चौक से सीआरएसयु रोड से गोहाना रोड व अर्बन स्टेट का एरिया कवर किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है, तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

बेटे का हाथ पकड़कर विकलांग पिता ने डाला वोट

मथुरा
उत्तर प्रदेश के मथुरा में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। मतदान के लिए युवाओं से लेकर बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांगजनों में भी मतदान करने को लेकर उत्साह दिखा। हालांकि अभी तक के मतदान में महिलाओं ने कम रुचि दिखाई है। हालांकि कुछ महिलाएं बीमारी के बाद भी वोट डालने पहुंची।

उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हीरा देवी ने बताया कि उन्हें काफी तकलीफ है। लेकिन, अपने प्रत्याशी को जिताकर सरकार के गठन में अपना योगदान करना था। इसलिए वह इस हालत में भी वोट डालने आई हैं। उनके पति डॉक्टर शशि शेखर ने बताया कि पत्नी का गाल ब्लेडर का ऑपरेशन हुआ है। इसलिए वह पत्नी को बाइक पर बैठाकर वोट डलवाने के लिए लेकर आए हैं।दरेसी स्थित इस्लामिया इंटर कॉलेज मुस्लिम मतदाताओं की भीड़ नजर आई। काफी संख्या में मुस्लिम महिलाएं और पुरुष यहां वोट डालने पहुंचे। इन्हीं के बीच जावेद बैसाखी के सहारे एक पैर पर वोट डालने पहुंचा। जावेद को उसका भाई साइकिल पर बैठाकर केंद्र तक लाया था। इसके बाद वह बैसाखी के सहारे मतदान केंद्र के अंदर पहुंचा। अपने पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। जावेद ने बताया कि उसने राष्ट्रहित को देखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जीवन के 80 बसंत पार कर चुकी भगवान देवी बेटे का हाथ पकड़कर वोट डालने पहुंची। उम्र ज्यादा होने की वजह से कुछ कदम चलने पर वह थक जाती थीं। फिर बैठकर आराम करती और फिर मतदान केंद्र की तरफ उनके कदम बढ़ जाते। भगवान देवी ने बताया की तबीयत सही नहीं है। फिर भी वह वोट डालने के लिए आई हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें का मूलमंत्र अपनाएं देशवासी : नरेंद्र अरोड़ा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में फाउंडेशन के देशभर में करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत चल रहे प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा की गई।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया लगातार छह वर्षों से देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के तहत कई प्रोजेक्ट चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लम्बी लड़ाई लड ?ी पड़ेगी, जैसे कि हमारे देश को आजाद करवाने के लिए हमारे देश के क्रांतिवीरों ने लड़ी थी और देश को आजाद करवाया था। उसी तरह से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रत्येक देशवासी को जागरूक होना होगा। न रिश्वत दें और न रिश्वत लें, का मूलमंत्र अपनाना होगा।

निरंकारी मिशन द्वारा समाज कल्याणार्थ विभिन्न कार्य

समालखा , 26 अप्रैल, (कुलदीप सिंह) बाबा गुरबचन सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज कल्याणार्थ अर्पित किया। एक ओर जहाँ सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया वही दूसरी ओर नशाबंदी, सादा शादियाँ एवं शिक्षा जैसे समाज सुधार कार्यों से संसार के समक्ष एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी संदर्भ में बाबा गुरबचन सिंह जी की सिखलाईयों से प्रेरणा लेते हुए निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 25 अप्रैल, 2024 को दो कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें सादा शादियाँ एवं पहाडगंज स्कूल की प्लेटिनम जयंती सम्मिलित है।

लोक कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री सम्मान मिलने पर कलाकारों ने दी बधाई

सम्मान

8 लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के समस्त कलाकारों का सम्मान है। नीरज सेठी

टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र
हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना समस्त कलाकारों के लिए गौरव की बात है। लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के सभी कलाकारों का सम्मान है। महावीर गुड्डू की कला के प्रति तपस्या और समर्पण के कारण उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। कुरुक्षेत्र में रंगमंच के लिए सक्रिय न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी ने हरियाणा के सफीदों निवासी लोक कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए अपने विचार रखे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार हासिल करने वाले महावीर गुड्डू गांव गांगोली में एक सामान्य परिवार में जन्मे और शिक्षा-दीक्षा के बाद वे प्राध्यापक बने। 1972 में उन्होंने हरियाणवीं कला के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा था। हालांकि उनका परिवार कला व संस्कृति के क्षेत्र में नहीं रहा है, लेकिन उन्होंने हरियाणवीं संस्कृति को अंगीकार करते हुए कला के क्षेत्र में कदम रखा और निरंतर अपनी कला-साधना से एक विशेष पहचान बनाई।

न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के नाटक निर्देशक विकास शर्मा ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विश्व के कई देशों में हरियाणवीं संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले लोक कलाकार महावीर गुड्डू जमीन से जुड़े कलाकार हैं। पद्मश्री पुरस्कार से पूर्व महावीर गुड्डू पंडित लखमीचंद राज्य पुरस्कार, हरियाणा कला रत्न अवॉर्ड, पंडित लखमीचंद शिक्षा एवं संस्कृति पुरस्कार के साथ-साथ संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। इसके अलावा वे लंदन इंडियन हाई कमीशन, हाउस ऑफ लॉर्ड, अमेरिका व नार्वे में भी पुरस्कृत हो चुके हैं। इतना ही नहीं कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ने उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा है। हरियाणा कला परिषद के हिसार मण्डल में अतिरिक्त निदेशक के पद पर रहते हुए भी महावीर गुड्डू ने निरंतर कलाकारों को मंच देकर कला की सेवा में भरपूर योगदान दिया। हरियाणवी संस्कृति को बचाने के प्रयास में महावीर गुड्डू अपने दैनिक जीवन में हरियाणवी परिधान धारण करते हैं, जो कि युवा पीढ़ी के लिए एक मिसाल का कार्य करते हैं।

स्कूली बच्चों को पढ़ाया कानून का पाठ

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा जिले के गांव बस्तली, व कस्बा निसिंग के स्कूलों का दौरा किया गया और स्कूल की छात्राओं कानून का पाठ पढ़ाते हुए महिला विरूद्ध अपराधों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 के महत्व से भी अवगत करवाया गया।

सर्वप्रथम राजेश लता ने गांव बस्तली के सरकारी स्कूल में छात्राओं से मुलाकात की, जिसमें उन्होंनें छात्राओं को बताया कि यदि आपके साथ कुछ ऐसा हो रहा है, जिससे आप सहज अनुभव नहीं कर रही हैं तो आपको तुरंत उसका विरोध करना चाहिए। यदि आपको अपने आसपास कुछ नया एवं अजीब देखने को मिले तो उस विषय में आपको स्कूल में अपने क्लास टीचर या घर पर माता पिता से चर्चा अवश्य करनी चाहिए।

उन्होंने छात्राओं को कहा कि स्कूल में आने जाने के समय यदि को रास्ते में परेशान करता है या आपका पिछा कर रहा है तो बिना किसी देरी के ऐसे व्यक्ति की शिकायत अपनी कक्षा के अध्यापक या घर पर माता-पिता से करनी चाहिए। यदि आप लोग उनसे चर्चा करोगे तो वे लोग समय रहते आपकी परेशानी का हल निकालने में आपकी सहायता अवश्य करेगें।

प्रथम चरण में 160 अध्यापकों ने लिया प्रशिक्षण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी बीईओ सीमा मदान के नेतृत्व में चार दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चरण समाप्त हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन निदेशालय से राज्य एफएलएन इकाई के सदस्य मोक्षित जैन ने चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हो रही गतिविधियों को जांच की। अध्यापकों एवं मास्टर ट्रेनों से अब तक दिए गए प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी ली। चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त सभी अध्यापकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश का आढ़ती व किसान बबार्दी की कगार पर है: बजरंग गर्ग

सम्मान

8 सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनाज मंडियां बंद करवाने पर तुली हुई है- बजरंग गर्ग

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि भिवानी अनाज मंडी में काफी दिनों से लाखों क्विंटल सरसों व गेहूं खुले में पड़ा है और भिवानी, दादरी व हरियाणा में सरसों व गेहूं से अनाज मंडियां भरी पड़ी है। पहले भी कई बार बारिश होने के कारण सरसों व गेहूं भीगने से लाखों क्विंटल सरसों व गेहूं खराब हो चुका है और मौसम विभाग द्वारा फिर से आज और कल बारिश बताई जा रही है अगर हरियाणा में फिर से बारिश आ जाती है तो खुले में पड़ा लाखों टन सरसों 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं खराब हो जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश का आढ़ती व किसान बबार्दी की कगार पर है। मुख्यमंत्री के 72 घंटे में अनाज खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे पूरी तरह से फेल सिद्ध हुए हैं। मंडियों में 1 महीने से सरसों व लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान बकाया है। सरकार को अपनी घोषणाओं के अनुसार तुरंत प्रभाव से सरसों व गेहूं का उठान व भुगतान करना चाहिए। अगर सरकार ने तुरंत प्रभाव से सरसों व गेहूं का उठान नहीं किया तो व्यापार मंडल हरियाणा के मंडियां बंद करके सड़कों पर आ जाएगा। अनाज खरीद में हरियाणा सरकार पूरी तरह से फेल सिद्ध हुई है ।आज सरकार से आढ़तियों को आढ़त नहीं मिलती किसान को फसल के पूरे दाम व पल्लेदारों को मजदूरी तक नहीं मिलती है जिसके कारण प्रदेश का व्यापारी किसान व मजदूर सरकार से भारी खफा है।

भाजपा सरकार व्यापारी, किसान व मजदूर विरोधी सरकार है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर उनका कब्जा करवाना चाहती है और सरकार अनाज मंडीयां बंद करके प्राइवेट मंडी चालू करना चाहती है ताकि बड़े-बड़े घरानों को इसका फायदा मिल सके।

कुरुक्षेत्र लोकसभा घर घर प्रचार अभियान तेज हुआ*

जनसंपर्क

8 -सुखवीर मालिक ने लाडवा विधानसभा के 2 गावँ दुधना और मसाना मे जनसंपर्क अभियान चलाया

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत
कमाल हुसैन
आम आदमी पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने, अरविंद केजरीवाल की अनैतिक गिरफ्तारी और इंडिया गठबंधन के समर्थन में सुखवीर मलिक ने अपनी टीम साथियों के साथ संकल्प सभा मैं प्रतिज्ञा ली कि लोकतंत्र को बचाने के लिए और तानाशाह सरकार को हटाने के लिए वोट की चोट करेंगे। इसी क्रम मे हल्का पानीपत ग्रामीण सुखवीर मालिक ने लाडवा विधानसभा के 2 गावँ दुधना और मसाना मे जनसंपर्क अभियान चलाया।

लोगों से आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विषय में बातचीत की और उन्हें बताया कि भाजपा विपक्ष खत्म करना चाहती है। उनके इशारों पर ईडी दबाव में आकर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रही है। इस गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी पूरे देश में प्रदर्शन कर रही है और इंडिया गठबंधन के दूसरे दल उनके साथ हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सुरक्षा पर लोगों से चर्चा कर आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील कुमार गुप्ता को वोट देने की अपील की। जिनका निशान झाड़ू है। जनता ने कहा इस बार जेल का जवाब वोट से देंगे।

इस मौके पर हमारे साथी , गुरु दयाल सिंह, सतबीर जसबीर अंकुश महेंद्र सिंह हकम चंद। सोनिया कौशल्या सतबीर आर्यन लविश सनी आशीष राज कुमार मुंडे, सुमुख सिंह सरपंच जगतार सिंह शारदा सिंह सोमनाथ शेर सिंह हरजिंदर सिंह कुलदीप सिंह कपूर सिंह बबली देवी शमीम मज्जिंदर कौर बलविंदर सिंह विकी अरोड़ा सुरजीत सिंह राजकुमार चंद्रपाल सिंह परविंदर सिंह संदीप मनचंदा, मुकेश शर्मा आदि उनके साथ मौजूद रहे।

भाजपा सरकार सिर्फ जुमलो और घोषणाओं की सरकार है: बजरंग गर्ग

लोकसभा चुनाव

8 हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी वोटों से जीतेंगे: बजरंग गर्ग

टीम एक्शन इंडिया/हिसार
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा में लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा पर खुशी जाहिर करते हुऐ कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी वोटों से जीतेंगे। जनता कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीताने का मन बना चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी व आम जनता भाजपा सरकार से दुखी है और भाजपा सरकार से मुक्ति चाहती है। हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों का काले झंडों से स्वागत हो रहा है और लोग गो बैक के नारे लगाकर वापिस भेज रहे हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार ने किसान, सरकारी कर्मचारी, छात्र, आंगनबाड़ी महिलाएं व जनता के चुने हुए सरपंचों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठियों से पीटने का काम किया है और किसान आंदोलन में 750 सौ किसान शहीद हुए हैं उसी का जवाब प्रदेश की जनता अब भाजपा के प्रत्याशियों को काले झंडे दिखाकर व गांवों में घुसने ना देकर उसका जवाब दे रही है और जनता 25 मई को वोट की चोट मारकर जनता भारतीय जनता पार्टी से अपना हिसाब चुकता करेगी। जब से देश व प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से पहले से दो-तीन गुना महंगाई बड़ी है और जरूरत का सामान, खाद्य वस्तुएं, सब्जी, फल, आटा, दूध, दही, रसोई गैस सिलेंडर तक महंगे हो गये है और भाजपा सरकार में लाखों लोग बेरोजगार हो गए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। 500 रूपए रसोई गैस सिलेंडर, गरीबों को 100-100 गज के मुक्त प्लांट, 6000 रूपए बुढ़ापा पेंशन, 300 यूनिट बिजली फ्री, सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस हटाई जाएगी। किसान की फसल पहले की तरह ऑफलाइन खरीदी जाएगी और पोर्टल समाप्त किया जाएगा। श्री गर्ग ने कहा कि भाजपा कहती है कि मोदी की गारंटी है, मोदी ने 2014 में भी हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने, 35 रूपए प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल देने, 250 रुपए रसोई गैस सिलेंडर देने, किसानों की आय 2 गुना करने, हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपए डालने के सभी वायदे सिर्फ जुमले सिद्ध हुए हैं।

डिप्रेशन में युवाओं की आत्महत्या के मामलों को लेकर होगा बड़ा काम: कृष्णा

प्रयास

8 कृष्णा राजपूत समाज सेवी ने कहा बहुत जल्दी हम राष्ट्र लेवल पर करेगें काम।

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा
कृष्णा राजपूत समाज सेवी ने कहा बहुत जल्दी हम राष्ट्र लेवल पर करेगें काम।

परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई है। इसलिए कृष्णा राजपूत समाज सेवी ने कहा है हम प्रयास कर रहे है की हमारी टीम पूरे राष्ट्रीय लेवल पर कार्य करे जैसे मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई थी की तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या कर ली है इसलिए कृष्णा राजपूत ने मिडिया से बात करते हुए बताया है की यह बहुत दुखद खबर है और मेरा प्रयास रहेगा की हमारी टीम पूरे राष्ट्रीय के छात्र-छात्राओं से मुलाकात करे और उनकी समस्या का समाधान करे। मैने पहले से ही अभियान शुरू कर दिया था। आओ मिलकर बात करें अभियान शुरू किया था इस अभियान को अभी तक वे उत्तर प्रदेश में ही चला रहे थे । युवाओं में मानसिक व शारीरिक तनाव, डिप्रेशन, परीक्षा का परिणाम को लेकर डर , विभिन्न बीमारियों की समस्या बढ़ी हैं। कई युवाओं ने आत्महत्या जैसे कदम भी उठाए हैं। इसमें ऐसे तनाव जैसी बीमारियों से जू रहे हैं युवाओं के बीच पहुंचकर एवं बातचीत कर उसका हल निकालना का कार्य किया जाएगा। कृष्णा राजपूत ने बताया हम उनसे आपस में बातचीत कर मानसिक स्वास्थ सुधारने का कार्य करेंगे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 27 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

जीत निश्चित, मोदी बनेंगे पीएम: हेमा

टीम एक्शन इंडिया

मथुरा: मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शुक्रवार को वृंदावन में मतदान से पूर्व भाजपा की जीत का पूरा भरोसा दिलाया है। उन्होंने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गये विकास कार्यों से जनता प्रसन्न है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। भाजपा सांसद ने कहा कि हमारी जीत निश्चित है। मैं चाहती हूं कि लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरी जनता शामिल हो। सभी वोट करें, यह देश के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में जनसमर्थन की आवश्यकता होती है। मुझे यकीन है कि आप सभी जाएंगे और अपना वोट डालेंगे। मतदान के लिए अपने रिश्तेदारों को भी प्रेरित करें।

सीआरपीएफ के डीआईजी पर यौन उत्पीड़न के आरोप

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ के डीआईजी रैंक के एक अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी पर सीआरपीएफ की कई महिला कर्मियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच में सही पाए गए आरोप : गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को नोटिस जारी 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जवाब मिलने के बाद गृह मंत्रालय बर्खास्तगी का आदेश जारी कर देगा। जिन अधिकारी के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई चल रही है, वो सीआरपीएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल खजान सिंह हैं। फिलहाल वह मुंबई में तैनात हैं। सीआरपीएफ की आंतरिक कमेटी ने खजान सिंह के खिलाफ जांच की थी और जांच में अधिकारी के खिलाफ लगे आरोप सही पाए गए। कमेटी ने जांच रिपोर्ट सीआरपीएफ मुख्यालय भेजी, जहां से इसे यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन भेज दिया गया है। अब यूपीएससी की सिफारिश पर गृह मंत्रालय कार्रवाई कर रहा है।

अधिकारी ने आरोपों से किया इनकार : आरोपी अधिकारी के खिलाफ दो मामले हैं, जिनमें से एक मामले में गृह मंत्रालय ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है। वहीं दूसरे मामले की जांच अभी भी चल रही है। खजान सिंह सीआरपीएफ में मुख्य खेल अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं।

खजान सिंह साल 1986 में सियोल में हुए एशियन गेम्स में 200 मीटर तैराकी इवेंट के सिल्वर मेडल विजेता रहे हैं। साल 1951 के बाद भारत का तैराकी में यह पहला पदक था। खजान सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है और दावा किया कि उनकी छवि को खराब करने के लिए ये आरोप लगाए गए हैं। सीआरपीएफ में अभी 3.25 लाख कर्मी हैं। सीआरपीएफ में साल 1986 में पहली बार महिलाओं को युद्धक भूमिकाओं में शामिल किया गया था। इसमें महिला सैनिकों की छह बटालियन हैं, जिनमें करीब 8 हजार महिलाएं कार्यरत हैं।

कांग्रेस का घोषणापत्र बहुत खतरनाक: योगी

कांग्रेस पर खूब बरसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

साधा निशाना

8 विपक्ष देश में एक बार फिर तीन तलाक और पर्सनल लॉ लागू करने की बात कर रहे हैं: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन देश को विभाजन की ओर ले जाना चाहता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जिन चीजों का उल्लेख किया गया है, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लिए खतरनाक संकेत करता है। वह देश को एक बार फिर तीन तलाक और पर्सनल लॉ लागू करने की बात कर रहे हैं। इसका पुरजोर विरोध होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बयान में कहा कि दूसरे चरण में आज लोकसभा के 13 राज्यों के 89 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव आज सम्पन्न हो जाएगा। कुल मिलाकर 191 सीटों पर आज शाम तक चुनाव हो जाएंगे। देश के अंदर जो उत्साह है। लोगों के मन में मोदी के कार्यों को लेकर जो उमंग है, सकारात्मक माहौल है, उसे देखते हुए कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। फिर एक बार देश के अंदर मोदी की सरकार के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि देश कार्य को देखना चाहता है। मोदी ने देश को 10 साल में एक नई दिशा दी है। आजादी के समय से लेकर अबतक यह स्वार्मिम काल है। देश के अंदर विभिन्न सेक्टर में कुछ नया करके दिखाया है। भारत दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। मेरा मानना है कि मोदी के नेतृत्व में चार जून को जब परिणाम आएंगे तो फिर से मोदी सरकार बनेगी। सीएम योगी ने कहा कि यह कहना है कि चुनाव में महत्वहीन मुद्दे आ रहे हैं, इससे मै पूरी तरह सहमत नहीं हूं। चुनाव के शुरूआत में हम लोगों ने मोदी की गारंटी जो विकास, सुशासन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे ही चुनाव के दौरान जनता के बीच लेकर गए। इस बीच इंडी गठबंधन की कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र सामने आ गया।

कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र जिन चीजों का उल्लेख किया है, वह भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत खतरनाक संकेत करता है।

हमने विकास के मुद्दे पर जोर दिया: सीएम

योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास, इस पूरे मामले में हमेशा संदिग्ध रहा है। स्वाभाविक रूप से यह मुद्दे प्रासांगिक हो जाते हैं। हमने विकास के मुद्दे पर जोर दिया। मोदी सरकार के 10 साल के कामकाज को लेकर जनता के बीच गए लेकिन कांग्रेस के घोषणा पत्र ने हम सबको अपनी खींचा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा का बयान सबने पढ़ा। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। कर्नाटक सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण का बंदर बाट किया है। घोषणा पत्र में भी कांग्रेस ने उल्लेख किया है कि वह सम्पत्ति का सर्वे कराएंगे। सम्पत्ति अपने कब्जे में लेंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। दूसरी तरफ अगर किसी ने मेहनत से सम्पत्ति अर्जित की है, घर बनाया, खासतौर पर हमारी माताएं बहनें गहनें खरीदती हैं, उसे ये(कांग्रेस) अपने अधिकारी में लेंगे। विरासत में मिली चीजों का आधा ये लोग हड़प लेंगे। तीसरा इन लोगों ने पर्सनल लॉ लागू करने की बात की। तीन तलाक को फिर से लागू करने की बात कर रहे हैं।व जोर देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगर कोई देश को पुनः उस ओर ले जाने की कोशिश करेगा तो उसका विरोध हर हाल में होगा। भारत के अंदर नक्सलबाद पूरी तरह समाप्ति की ओर है। अगर नक्सलवाद और माओवाद को फिर से पनपाने का प्रयास होगा, उसका पुरजोर विरोध होगा।

'चूरन चटनी खाने वाले व्यक्ति ने बहुत से लोगों का हाजमा दुरुस्त कर दिया'

टीम एक्शन इंडिया

बदायूं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इटावा के जसवंत नगर में बेचारा और सत्यनारायण की कथा में चूर्ण खाना वाले व्यक्ति बताने के बयान पर बदायूं में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री कपड़े तो संतों के पहनते हैं, लेकिन संतों का ज्ञान नहीं है।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दें भाजपा को वोट: बृजेश पाठक

वोट की अपील

8 पिछली सरकारों के प्रधानमंत्री को विश्व के लोग गम्भीरता से नहीं लेते थे: डिप्टी सीएम

टीम एक्शन इंडिया

सिद्धार्थनगर: प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत की साख दुनिया में बढ़ी है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है। पिछली सरकारों के प्रधानमंत्री को विश्व के लोग गम्भीरता से नहीं लेते थे। जर्मनी के राष्ट्रपति कहते हैं कि मोदी जैसा कोई नहीं। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिले के इटवा तहसील मुख्यालय पर स्थित माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रांगण में भाजपा द्वारा आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन में दिया है।

बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।कांग्रेस की सरकार में भारत की छवि भ्रष्टाचार को लेकर थी।इनके कई मंत्री घोटालों में जेल चले गए। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार बनने पर गरीबों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं किसान सम्मान निधि,आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क आवास, उज्ज्वला गैस योजना आदि शुरू की गई। सरकार सत्तर वर्ष तक के लोगों को आयुष्मान कार्ड पांच लाख रुपये तक इलाज की गारंटी दे रही है।

ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भाजपा ने बताया लोकतंत्र की जीत

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली : ईवीएम-वीवीपीएटी सत्यापन के लिए शत प्रतिशत पर्ची मिलान की याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र की जीत बताया है। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट के फैसले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए बड़ा दिन है, आज लोकतंत्र की जीत हुई है। आज बाबासाहेब अंबेडकर, संविधान, ईसीआई और लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस औ? इंडी गठबंधन जो ईवीएम के खिलाफ अफवाहें और निराधार दावे फैला रहे थे, उनकी हार हुई है।

पीएम के नेतृत्व में लिखी जा रही विकास की नई गाथा: धामी

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून: मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को लाया गया है और आने वाले दिनों में यह कानून यह देश को भी रास्ता दिखाएगी। गुरुवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैदराबाद में प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारे उत्तराखंड के लोग देश दुनिया में जहां भी हैं उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपनी एक पहचान वहां बना ली है।" उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों जब इन्वेस्टर्स समिट के लिए देश विदेश के शहरों में गया तो देखा कि हमारे लोग अपनी संस्कृति, विरासत के साथ अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की टोपी जो यहां सब ने लगाई हुई है उसे प्रधानमंत्री मोदी भी धारण करते हैं और वे जब भी उत्तराखंड आते हैं तो इसे अवश्य ही लगाते हैं। जब मैं लंदन गया तो वहां बहुत सारे संस्कृतिक कार्यक्रम किये इन्हें, देखकर लग ही नहीं रहा था कि मैं इंग्लैंड में हूं। उन्होंने कहा कि एक बार हमारे प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से यह शब्द निकले की 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और आज यह साकार हो रहा है। विकास की दृष्टि से उत्तराखंड में चारधाम ऑल वेदर रोड बनी है तो बहुत जल्द देहरादून दिल्ली की दूरी बस ढाई घंटे में तय हो जाएगी। चारधाम में पिछले साल 56 लाख लोगों ने यात्रा की। "अभी एक सप्ताह हुआ है यात्रा के लिए पंजीकरण खुला है और 15 लाख पंजीकरण हो चुके हैं।" उत्तराखंड से आज देश के तमाम शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा चल रही है। "पहाड़ों में जल्द ट्रेन का सपना भी जल्द पूरा होने जा रहा।" केदारनाथ में रोपवे का कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। बद्रीनाथ का पूरा मास्टर प्लान के तहत काम हो रहा है। हेमकुंड साहिब की यात्रा भी रोपवे से आसान होने जा रही है।

इसी तरह, कुमाऊँ में मानसखंड माला मिशन को विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल के खिलाफ हमने राज्य में सबसे कड़ा कानून लाया है। धर्मांतरण रोकने के लिए भी हमने कानून लाया है। हम किसी भी कीमत पर देवभूमि का स्वरूप नहीं बदलने देंगे।

दावा

8 मुख्यमंत्री ने हैदराबाद में प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

अपना पंसदीदा उम्मीदवार चुनना सभी का अधिकार: शमी

टीम एक्शन इंडिया

अमरोहा: भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि आपको अगर मताधिकार का हक है तो अपने पंसदीदा उम्मीदवार व सरकार को चुनने के लिए मतदान अवश्य करें। भारतीय क्रिकेटर मो. शमी अपने भाई हसीब और भाभी संग डिडौली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर के मतदान केंद्र पर पहुंचे। वोट डालने के बाद मीडिया कर्मियों ने उन्हें पूछा कि किसके पक्ष में आपने मतदान किया है। इस पर वे अपने ही अंदाज में बोले कि किसी को भी पूछने का अधिकार नहीं है कि किसने किसके पक्ष में वोट किया है। ये आपका वोट है और आपको अपनी सरकार चुनने का पूरा हक है। अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट दें। जिले के लिए विकास, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, स्पोर्टस क्लब आदि जो सभी हित के लिए होना चाहिए, यही सब कुछ मुद्दे हैं।

मतदान

8 अगर मताधिकार का हक है तो अपने पंसदीदा उम्मीदवार व सरकार को चुनने के लिए मतदान अवश्य करें

हल्द्वानी में ईडी का छापा, इंटरनेशनल ड्रग्स माफिया से कनेक्शन का मामला

टीम एक्शन इंडिया

हल्द्वानी: शहर के तिकोनिया में शुक्रवार सुबह जांच एजेंसी ईडी ने छापा मारा है। बताया जा रहा है कि तिकोनिया के पास एक कॉलोनी में स्थित एक घर में छापामार की कार्रवाई की गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। जानकारी के अनुसार अमेरिका में एक 40 साल के भारतीय नागरिक एवं हल्द्वानी के रहने वाले बनमीत सिंह को डार्कवेब पर ड्रग्स बेचने के मामले में दोषी पाया गया है। उसे अमेरिकन अदालत ने 5 साल जेल सजा सुनाई है। इसके अलावा उसके पास से 1.25 हजार करोड़ रुपये जब्त करने का भी आदेश दिया गया है। गुरुवार सुबह हल्द्वानी के गुरुतेग बहादुर वाली गली में सुरजीत सिंह नरूला पुत्र मनप्रीत सिंह के घर में छापा मारा गया है। बताया जा रहा है बनमीत सिंह ही सुरजीत सिंह का पुत्र है इस इंटरनेशनल ड्रग माफिया के देवभूमि कनेक्शन की कहानी हैरान करने वाली है।

हल्द्वानी के रहने वाले बनमीत को अप्रैल 2019 में लंदन से गिरफ्तार किया गया था।

छापा मारा

8 हल्द्वानी के गुरुतेग बहादुर वाली गली में सुरजीत सिंह नरूला पुत्र मनप्रीत सिंह के घर में छापा मारा

संदिग्ध बस को पुलिस ने अयोध्या में पकड़ा

टीम एक्शन इंडिया

अयोध्या: उत्तर प्रदेश के अयोध्या में गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवकाली के पास पुलिस ने समुदाय विशेष के 93 बच्चों और मौलवी को लेकर जा रही संदिग्ध बस को पकड़ लिया है। अयोध्या थाने की पुलिस के मुताबिक इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। यह बस बच्चों को लेकर बिहार के अररिया से सहारनपुर के देवबंद स्थित किसी मदरसे में जा रही थी। फिलहाल इंटेलिजेंस और पुलिस की टीम बस के चालक-परिचालक और मौलवी से पूछताछ कर रहे हैं।

लखनऊ में भाजपा को पांच गुना मतदान करेंगे मुस्लिम: बुक्कल

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और विधान परिषद सदस्य बुक्कल नवाब ने शुक्रवार को कहा कि लखनऊ में मुस्लिम वर्ग के मतदाता भाजपा को लोकसभा चुनाव में दो से तीन प्रतिशत मतदान करता था। बदले परिवेश में मुस्लिम भाजपा को पांच गुना मतदान करेंगे। उनका मानना है कि इस बार लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत के करीब मुस्लिम मत भाजपा को मिलेगा। बुक्कल नवाब ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि लखनऊ में शिया मुस्लिम तो भाजपा को मतदान करते रहे हैं। इस बार सुन्नी मुस्लिम मतदाता भी कुछ मत करता हुआ दिखेगा। कालीचरण स्कूल के आगे हाता की ओर जो रास्ता आ रहा है, उधर सुन्नी बेल्ट है। वहां पता करिये तो समझ में आयेगा कि सुन्नी मतदाता भी भाजपा के साथ में खड़ा है। लखनऊ में भाजपा को मुस्लिम क्षेत्र में बढ़त पर उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र हुसैनाबाद में कई मुस्लिम घरों में उज्जवला गैस योजना के लाभार्थी है।

उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद का परिणाम जारी

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद हरिद्वार की ओर से शुक्रवार को पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) का परिषदीय परीक्षा वर्ष-2024 का परीक्षाफल घोषित किया गया। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) में कुल 754 एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) में 722 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उत्तराखंड शासन के संस्कृत शिक्षा सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता के दौरान वर्ष 2024 में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं और टॉपर्स की जानकारी दी। हाईस्कूल में उत्तरकाशी के राहुल व्यास ने 440 अंक के साथ टॉप किया है, जबकि इंटरमीडिएट में पौड़ी गढ़वाल के आयुष ममगाई ने 455 अंक के साथ टॉप किया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद अब संस्कृत शिक्षा के छात्र-छात्राओं को केवल पुरोहित शिक्षा में ही नहीं, बल्कि पेशेवर रूप से तैयार करेगा। साथ ही संस्कृत शिक्षा विभाग अपना शैक्षणिक कैलेंडर भी जारी करेगा।

घोषणा

8 हाईस्कूल में राहुल तो इंटरमीडिएट में आयुष ने किया टॉप, छात्रों को पेशेवर रूप से तैयार करेगा विभाग

कन्फ्यूजन

अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी

सुप्रीम कोर्ट एमपी बार काउंसिल के अध्यक्ष की याचिका पर करेगा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट अवमानना कार्यवाही के खिलाफ मध्य प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों की याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया है। पीठ ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित रूप से हड़ताल का आह्वान करने के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी।

कई सदस्य अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे : प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और बार के अन्य सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा के इस कथन का संज्ञान लिया कि बार के कई सदस्य अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं और मामले पर शीघ्र सुनवाई की आवश्यकता है। काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। मामले में जल्द सुनवाई होनी चाहिए।

इस पर सीजेआई ने कहा, 'मैं मामले को देखूंगा।' मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में वकीलों की जारी हड़ताल पर राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और उसके निर्वाचित सदस्यों के खिलाफ अवमानना का मामला शुरू किया था।

अदालत का कहना था कि राज्य बार काउंसिल ने मुद्दे को सुलझाने की बजाय हड़ताल करने का रास्ता चुना। मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष ने पिछले साल दो नवंबर के उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दायर की है। गौरतलब है कि मार्च 2023 में अधिवक्ता अनिश्चितकालीन प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए थे।

कार्यवाही

8 काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं

चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा को लेकर पर्यटन विभाग चौकस

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून: राज्य में 10 मई से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्यटन विभाग ने यात्रियों को सुविधा का विशेष ख्याल रखने, यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। शुक्रवार को पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इस बार भी बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री चारधाम पहुंचेंगे। चारधाम यात्रियों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाएगा। यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन सचिव कुर्वे ने बताया कि गढ़वाल कमिश्नर और सभी जिलाधिकारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां धन की जरूरत है, वहां मुहैया करा दिया गया है। केदारनाथ धाम में आस्था पथ और मंदाकिनी पथ के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन सचिव ने कहा कि यात्रियों की लगने वाली लंबी-लंबी लाइनों से बचने और उन्हें हरसंभव बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम में चलने वाले घोड़े और खच्चरों के लिए अल्टरनेट रूट को लेकर भी पीडब्ल्यूडी और वन विभाग काम कर रहा है लेकिन इस साल की यात्रा पुराने मार्ग से ही होगी।